वाराणसी, मंगलवार 28 जनवरी, 2025

माघ, कृष्ण पक्ष 14, वर्ष 13, अंक 350, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00



परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

अन्दर : लोकतंत्र और संविधान का अवमूल्यन



अन्दर : भविष्य के धार्मिक स्थलों का स्वरूप क्या होगा ?

डाक संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

## गणतंत्र दिवस व बसंत पंचमी के अवसर पर समस्त देशवासियों को हार्दिक की बधाई व शुभकामनाएं

An ISO Certified : 9001 : 2008

# GYAN KUNJ SR. SEC. ACADEMY

A Sr. Secondary School, Affiliated to C.B.S.E. Delhi (10+2)

CBSE Affiliation No. 2130442




FULLY DIGITAL CLASSROOMS

## REGISTRATION OPEN

FROM GRADE Nur. to IX & XI










WHERE THE MIND SHARPENS

WHERE THE BODY STRENGTHENS

WHERE THE BODY NOURISHES

### Why should you choose Gyan Kunj Academy?

- **State-of-the-Art Infrastructure:** Spacious classrooms, well-equipped science and computer labs, and a modern library.
- **Experienced Faculty:** Highly qualified and dedicated teachers focused on holistic development.
- **Smart Classrooms:** Technology-enabled learning with interactive smart boards.
- **Sports Facilities:** Extensive facilities for indoor and outdoor sports, promoting physical fitness.
- **Extracurricular Activities:** Art, Music, Dance & Drama programs for creative growth.
- **Career Guidance & Counseling:** Expert sessions to guide students toward their dream careers.
- **Skill-Based Study From VI to XII** Electronics, Health Care, Marketing, Yoga, Mass Media, Artificial Intelligence, Web Application, Taxation, Business Administration, Cost Accounting Rockets & Satellite, Computer Science
- **Safe Campus:** CCTV surveillance, well-trained staff, and a secure environment.
- **Transport Facilities:** Well-connected and safe school transport system.
- **Focus on Values and Discipline:** Emphasis on character-building and ethical education.
- **100% CBSE Result Track Record:** Proven excellence in academics and extra curricular.

Designed by: Manish 9307566154 Vns.

## BANSHIBAZAR, BALLIA (U.P.)

Mob.: +91- 73483 82398, 94158 29129, 63939 08213

Website.: www.gyankunjacademy.edu.in

E-mail.: gyankunj_banshibazar@yahoo.com

# गणतंत्र दिवस पर डीएम ने फहराया तिरंगा, दिलाई शपथ

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** जनपद में 76वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र द्वारा कलेक्ट्रेट प्रांगण में झंडारोहण किया गया तथा उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को संविधान के प्रस्तावना, देश को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न, समाजवादी, धर्म निरपेक्ष, लोकतान्त्रिक गणराज्य बनाने तथा समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिये तथा उन सबमें व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित कराने वाली बन्धुता बढ़ाने के लिये पुनः दृढ़ संकल्प होकर संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करने की शपथ भी दिलाई गई तथा कलेक्ट्रेट परिसर में पौधरोपण भी किया गया।

इसके पश्चात कलेक्ट्रेट सभागार में उपस्थित समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि आज हम सभी के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण दिन है, आज ही के दिन भारत का संविधान लागू किया गया। उन्होंने कहा कि संविधान हमारी आत्मा है।

हम सभी को संविधान के अंतर्गत दिए गए अधिकारों, कर्तव्यों और आदर्शों को अपने व्यक्तित्व में सन्निहित करते हुए कार्य करना चाहिए। आज के दिन हमें उन वीर सपूतों को नमन करना चाहिए जिनके कठिन संघर्ष और बलिदानों के परिणाम स्वरुप हमें आजादी मिली। उन्होंने कहा कि हमें नमन करने की आवश्यकता है उन उद्यमियों, वैज्ञानिकों, कृषको, श्रमिकों इत्यादि को जिन्होंने अपने अथक प्रयास, अपनी कर्मठता से भारत को आगे बढ़ाने का कार्य किया है।

कृषकों को धन्यवाद करने की आवश्यकता है जिनके अथक परिश्रम के कारण आज भारत अनाज, गेहूं, चीनी, दूध इत्यादि के उत्पादन में अग्रणी देशों की पंक्ति में शामिल है। हमें अपनी संस्कृति, राष्ट्रीयता पर गर्व करते हुए देश को आगे बढ़ाना है। समयबद्धता, प्रतिबद्धता और संकल्प के साथ काम किया जाए तो सफलता निश्चित तौर पर मिलेगी। हमें अपने कर्तव्य का निष्ठा से पालन करना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि एक लंबे संघर्ष के बाद हमें आजादी मिली है निश्चय ही यह उत्सव का अवसर है। जिलाधिकारी द्वारा गांधी तिराहे पर जाकर महात्मा गांधी जी की प्रतिमा तथा अंबेडकर तिराहे पर डॉ0 भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया।

इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट इशिता किशोर, अपर जिलाधिकारी वि0 एवं रा0 रामअक्षयबर चौहान, मुख्य राजस्व अधिकारी अजय अंबष्ट, नगर मजिस्ट्रेट इन्द्र नंदन सिंह अतिरिक्त उपजिलाधिकारी अर्चना ओझा, निधि शुक्ला, शैलेन्द्र सिंह सहित अन्य ने भी संविधान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए अपने अपने विचारों को साझा किया।

## झण्डा फहराकर मनाया गया गणतंत्र दिवस

**जौनपुर।** जिला/शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा सब्जी मंडी स्थित इंदिरा भवन एवं रूहट्टा स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय पर ध्वजारोहण कर देश का गणतंत्र दिवस मनाया गया। वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता श्री बाढ़ू राम के साथ शहर अध्यक्ष विशाल सिंह हुकुम, जिला/शहर कांग्रेस के पदाधिकारी फ्रंटल संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ ने ध्वजारोहण किया और सभी सम्मानित कार्यकर्ताओं को संविधान की शपथ दिलाई। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष विशाल सिंह हुकुम ने कहा कि भारतीय संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ था और तबसे हम सब इस दिन को गणतंत्र दिवस के रूप में मनाते हैं। जब हमारा देश 15 अगस्त 1947 को अंग्रेजी हुकूमत से आजाद हुआ तो उस समय भारत के पास अपना कोई संविधान नहीं था लेकिन बाद में काफी विचार-विमर्श के बाद डॉ. बीआर अंबेडकर के नेतृत्व में एक समिति का गठन किया गया और भारतीय संविधान का मसौदा तैयार किया गया। भारतीय संविधान के इस मसौदे को विधान परिषद के समक्ष प्रस्तुत किया गया और 26 नवंबर 1949 में इसे अपनाया गया। लेकिन 26 जनवरी 1950 में इसे प्रभावी रूप से लागू किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता राजू गुप्ता, परवेज हसन, राकेश उपध्याय, सुरेंद्र सिंह बाबा, तिलकधारी निषाद, सत्यवीर सिंह, पंकज सोनकर, अबूजर शेख, शाहनवाज मंजूर, राजकुमार गुप्ता, राकेश सिंह, अजय सोनकर, नेसर इलाही, अनुराग राय, अमन सिंहा, इश्तियाक अहमद, ज्ञानेश सिंह, अमित मिश्रा, शाशक राय, राणा, ताहिर, गौरव मौर्या, रईस, आमिष श्रीवास्तव, शबीर हसन, सुभाष मौर्या, इकबाल, सबबल आदि मौजूद रहे।

## निकाली गई तिरंगा यात्रा, देश भक्ति में सरोबार हुआ नगर

**मुंगराबादशाहपुर।** अमर शहीदों की याद में आदर्श दूबे रुद्र के नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा नगर में निकाली गई। देश भक्ति गीतों एवं नारों ने नगरवासियों में देश भक्ति का जोश भर दिया। भारत माता की जय तथा वंदे मातरम के जयघोष से समूचा कस्बा देशभक्ति में डूब गया। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ समाजसेवी पंकज मिश्रा व आलोक कुमार गुप्ता पिंटू ने राष्ट्रगान गाकर तिरंगा यात्रा को रवाना किया। यात्रा जंघई रोड शिवलहरी मार्केट शुरूआत होकर नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए नई बाजार जाकर सभा में तब्दील हो गई जहां पर लोगों ने देश के अमर शहीदों को नमन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान नगर की सड़क बड़े छोटे तिरंगे झंडे से पटी रही। बच्चों से लेकर नौजवान और बुजुर्ग लोगों ने भी हाथ में तिरंगा लेकर इस यात्रा में शामिल रहे। तिरंगा यात्रा में शामिल अतिथियों में पंकज मिश्रा, आलोक कुमार गुप्ता पिंटू, जय सिंह अन्ना, राकेश पटेल, अभिषेक शुक्ला व उज्जवल तिवारी ने देश के वीर सपूतों एवं अमर शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। तिरंगा यात्रा में प्रवीण सिंह, मिथिलेश पासी, नितिन, रवि यादव, राजकुमार, धीरज, शानू, हर्दिक, रितेश, रवि सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## तिलकधारी मेमोरियल कॉलेज में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस



**जौनपुर।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी तिलकधारी मेमोरियल कॉलेज व लायंस क्लब क्षितिज ने संयुक्त रूप से गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया। मुख्य अतिथि डॉक्टर राम लखन सिंह, पूर्व विभाग अध्यक्ष भूगोल टीडीपीजी कॉलेज, विशिष्ट अतिथि श्रीमती प्रीति गुप्ता अध्यक्ष सखी वेलफेयर फाउंडेशन, अनिल गुप्ता संस्थापक चेयरमैन डॉ. (कैप्टेन) इंद्र जीत सिंह, लायंस क्लब क्षितिज के अध्यक्ष प्रदीप सिंह, संस्थापक अध्यक्ष शशांक सिंह रानू, प्रबंधक दिलीप सिंह, प्रदीप सिंह रिंकू व प्रधानाचार्य अर्चना सिंह की उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। बच्चों की शानदार मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी के अंदर देश भक्ति का जोश व जुनून भर दिया। विशेष प्रस्तुतियों में नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा जैसी करी वैसी भरनी, हम भारत की बेटी, प्यारी मां नृत्य नाटिका, हम बच्चे हिंदुस्तान के, जय जवान जय किसान, क्रिकेट वर्ल्ड कप विनर एक्ट आदि रहीं।

## ग्राम सचिवालय भवन पर नहीं फहराया गया तिरंगा झंडा, ग्रामीणों में आक्रोश



**जलालपुर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर देशभर में तिरंगा फहराया गया, लेकिन विकासखंड के मझगवाँ खुर्द और थौर गांव में स्थित ग्राम सचिवालय भवन पर राष्ट्रीय ध्वज नहीं फहराया गया। इस घटना ने स्थानीय ग्रामीणों में गहरा आक्रोश पैदा कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि हर साल यहां तिरंगा फहराया जाता था, लेकिन इस बार संबंधित अधिकारियों की लापरवाही के चलते यह परंपरा टूट गई। गांव के बुजुर्गों और युवाओं ने इस घटना पर नाराजगी व्यक्त करते हुए इसे राष्ट्रीय भावना का अपमान बताया है। मामले पर संबंधित अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। ग्रामीणों ने इस घटना पर कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि भविष्य में ऐसी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## तकनीकी विकास के लिए स्मार्टफोन जरूरी : कपिल मुनि

जनसंदेश न्यूज

**मुंगराबादशाहपुर।** स्थानीय क्षेत्र के रायपुर स्थित राघव महाविद्यालय में निःशुल्क स्मार्टफोन वितरण का कार्यक्रम सोमवार को आयोजित किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के प्रबंधक व नगर पालिका परिषद मुंगरा बादशाहपुर के चेयरमैन कपिल मुनि उमरवैश्य ने बीए और बीएससी अंतिम वर्ष के बच्चों को स्मार्टफोन वितरित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की यह मंशा है कि छात्र एवं छात्राएं तकनीकी शिक्षा में सबसे आगे रहे।

श्री उमरवैश्य ने सभी बच्चों से आह्वान किया कि आप इसका सदुपयोग करें और अपने शैक्षिक कार्यों में इसका सही इस्तेमाल करें। बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने आगे कहा कि हमें सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ लेना चाहिए और उसका सही प्रयोग करना चाहिए।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. सत्यप्रकाश तिवारी, कुलदीप गुप्ता ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया और कहा कि उत्तर प्रदेश की सरकार बच्चों को स्मार्टफोन प्रदान कर डिजिटल तकनीक से जोड़ने का प्रयास कर रही है जो सराहनीय कदम है।

उक्त कार्यक्रम में बीए और बीएससी अंतिम वर्ष के छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किए गए। आए हुए अतिथियों का आभार महाविद्यालय में मौजूद कुलदीप गुप्ता ने ज्ञापित किया।

उक्त कार्यक्रम में कमलेश कुमार, उमेश पटेल समेत महाविद्यालय के अध्यापक गण के साथ ही बड़ी संख्या में छात्र एवं छात्राएं में उपस्थित रहीं।

सम्मन वगरज तनकीह तलब
**व अदालत उपजिलाधिकारी सेवराई जिला गाजीपुर**
मु.नं. टी 202414290704867 मौजा चौरही, मु.नं. टी 202414290704821 मौजा गहमर, मु.नं. टी 202414290704827 मौजा पथरा, मु.नं. टी 202414290704564 मौजा गहमर।
**तारकेश्वर सिंह पुत्र स्व. राम लक्षन सिंह**
**बनाम**
**सरजू आदि**
**धारा 116 उ.प्र.रा.स.**
**बनाम**
1. सरजू पुत्र स्व. राम नगीना, 2. राजेंदर पुत्र राम सूरत, 3. जगदीश पुत्र रामधारी,
4. अरविंद
5. रजनीश
6/1. संजू स्त्री स्व. परमहंस
6/2. वेद प्रकाश पुत्र स्व. परमहंस
7. अजय कुमार
8. रणजीत
9. शैल कुमारी स्त्री स्व. शिव शंकर
10. प्रभुनाथ
11. कमल
12. प्रमोद पुत्र स्व. लाल जी
समस्त साकिनान ग्राम गहमर पट्टी-टीकाराय तहसील सेवराई जिला-गाजीपुर-प्रतिवादीगण प्रथम पक्ष
13. शांति देवी स्त्री सरजू
ग्राम गहमर पट्टी- टीकाराय तहसील सेवराई जिला-गाजीपुर-प्रतिवादीगण द्वितीय पक्ष
14. ग्राम पंचायत अध्यक्ष भूमि प्रबंध समिति जरिये वर्तमान प्रधान ग्राम सभा गहमर तहसील सेवराई जिला-गाजीपुर-प्रतिवादी तृतीय पक्ष
हरगाह... ने इस न्यायालय में एक दावा दाखिल किया है। जिसमें आपको सूचित किया जाता है कि तारिख 29 माह 1 सन 2025 पर 10 बजे दिन में खुद या मार्फत वकील के हाजिर अदालत होकर मुकदमा में जवाबदेही दावा दाखिल करें। वर्ना आपके अनुपस्थित में मुकदमे की कार्यवाही आपके खिलाफ एक तरफा समायत की जायेगी।
तारिख 22 माह 1 सन 2025
**उपजिलाधिकारी**
**सेवराई गाजीपुर**

## गरीबों, असहायों और दिव्यांगों की मदद पुनीत कार्य : इंदु सिंह

**जौनपुर।** ज़िला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने नगर के गूलरघाट पर कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित कर गरीबों, असहायों और दिव्यांगों में ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरित किया। इस अवसर पर कंबल वितरित करते हुए व्यापार मंडल के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष इंद्रभान सिंह इंदु ने कहा कि ऐसे लोग जो सड़क पर दो जून की रोटी भर ही कमा पाते हैं। एक गर्म कम्बल उनके लिए विलासिता की वस्तु हो जाती है जिसे वो खरीद नहीं पाते हैं। ऐसे असहाय लोगों को व्यापार मंडल की कोशिश है कि उनको कष्ट से मुक्ति मिले और वो एक गरिमामय जीवन यापन कर सकें। व्यापार मंडल ने क्षेत्र के सैकड़ों लोगों को कंबल वितरित किया। कंबल पाकर गरीबों, असहायों के चेहरों पर मुस्कान आ गई। इस अवसर पर व्यापार मंडल के ज़िला महामंत्री आरिफ हबीब, जिला कोषाध्यक्ष उमेशचंद, नगर अध्यक्ष घनश्यामू, नगर कोषाध्यक्ष स्वतंत्र, नगर महामंत्री आलोक रंजन सिन्हा, युवा जिला अध्यक्ष अरुण, युवा नगर अध्यक्ष संजय, राजे यादव फोटू, अजय, धनंजय, मौसम, अन्नू, राज, सौरभ कल्लू अग्रहरि, मोहम्मद यूसुफ सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## थाना परिसर में बने मन्दिर का प्रथम वार्षिकोत्सव मनाया गया

**पवांरा।** थाना परिसर में बने मन्दिर का रविवार को प्रथम वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस दौरान मन्दिर में दिनभर सामूहिक सुन्दरकाण्ड, हनुमान चालीसा, आरती व पूजा-पाठ किया गया। इस दौरान भण्डारे का आयोजन किया गया। थाना परिसर में बने नवनिर्मित आगन्तुक कक्ष का एसपीआरए शैलेन्द्र कुमार सिंह ने फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इस कक्ष का उपयोग थाने में आने वाले लोगों के लिए किया गया है। उन्होंने थानाध्यक्ष प्रियंका सिंह के कार्यों की सराहना किया। कार्यक्रम को सफल बनाने का श्रेय मुख्य आरक्षी चालक विनोद कुमार द्विवेदी को जाता है। इस दौरान सीओ परमानन्द कुशवाहा, थानाध्यक्ष प्रियंका सिंह, थानाध्यक्ष मछलीशहर त्रिवेणी सिंह, उपनिरीक्षक देवानन्द, उपनिरीक्षक लक्ष्मण प्रसाद शर्मा, उपनिरीक्षक पंचरतन, उपनिरीक्षक विनोद कुमार अंचल, उपनिरीक्षक दिवाकर प्रसाद, रामाश्रय प्रजापति, हरिमोहन, दीवान राजेश यादव, लालबहादुर सिंह यादव सहित क्षेत्र के संभ्रान्तजन मौजूद रहे।

## संक्षेप

### भाई ने भाई पर किया जानलेवा हमला, तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**रामपुर।** थाना क्षेत्र के कोटीगाव फतनपुर में घर में घुसकर पुरुष व महिला के साथ धारदार हथियार से प्राणघातक हमला कर जान से मारने के नियत से मामले में पीड़ित की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। उक्त गांव निवासी रीता देवी पत्नी श्यामलाल दुबे ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि बीते एक सप्ताह पूर्व चल रहे विवाद को लेकर आज चार बजे दिन स्थित अपने घर के अंदर बैठा था उसी समय पुरानी रंजिश को लेकर उनके सगे भाई विंध्यवासिनी दुबे पुत्र शोभनाथ व सुमन दुबे पत्नी विंध्यवासिनी दूबे व सौरभ दुबे पुत्र विंध्यवासिनी दूबे आदि लोगों ने घर में घुसकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने पीड़ित पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। शोरगुल सुनकर पीड़ित की पत्नी बचाने पहुची तो उक्त लोगों ने उस पर हमला कर अभद्रता करने लगे। शोरशराबे की आवाज सुनकर भीड़ इकट्ठा होते देख लोग मौके से फरार हो गए जिसकी शिकायत पीड़ित ने पुलिस से किया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों पर सोमवार को विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटीं है।

### कवरेज करने गये पत्रकार को आरपीएफ जवान ने रोका

**जंघई।** जंक्शन रेलवे स्टेशन पर समाचार कवरेज करने गये पत्रकार को आरपीएफ के एक जवान ने फोटो खींचने और वीडियो बनाने से रोक दिया जिसकी शिकायत पत्रकारो ने स्टेशन अधीक्षक से की है। प्रयागराज में महाकुम्भ में 29 जनवरी को मौनी अमावस्या का शाही स्नान है। ऐसे मे स्नानार्थियों की भीड़ बढ़ गयी है। जंक्शन रेलवे स्टेशन से यात्री सारनाथ एक्सप्रेस, काशी एक्सप्रेस में नहीं चढ़ पा रहे है। ऐसे मे घटना को कवर करने के लिए पत्रकार जंक्शन रेलवे स्टेशन पहुंचे और यात्रियों के ट्रेन में नही चढ़ पाने का फोटो और वीडियो बनाने लगे। ऐसे आरपीएफ के जवान ने फोटो खीचने और वीडियो बनाने से मनाकर पत्रकार से उलझ गया। कहा डीआरएम से परमिशन लेकर आओ ऐसे फोटो वीडियो नही बना सकते है। आरपीएफ जवान के इस कृत से पत्रकारो मे नाराजगी है। पत्रकारो ने इसकी शिकायत स्टेशन अधीक्षक कोमल सिंह से की है। स्टेशन अधीक्षक कोमल सिंह का कहना है की मामले की जानकारी है आरपीएफ के अधिकारियों को मामले की जानकारी दी जायेगी।

### भाजपा कार्यालय पर फहराया गया तिरंगा

**जौनपुर।** गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर भाजपा कार्यालय पर भाजपाइयों ने जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह के नेतृत्व मे झंडारोहण कर गणतंत्र दिवस मनाया गया। उस अवसर उपस्थित भाजपाइयों को सम्बोधित करते हुये कहा कि आज हम 76वां गणतंत्र दिवस मना रहे हैं, जो 26 जनवरी, 1950 को हमारे संविधान को अपनाने का प्रतीक है। यह दिन इसलिए भी बहुत खास हो जाता है क्योंकि इस दिन ही हमने अंग्रेजों के नियम-कायदों से हटकर अपना अलग संविधान तैयार करने के बाद उसे लागू किया था। इस ऐतिहासिक अवसर पर सबको संबोधित करते हुए मुझे बहुत प्रसन्नता हो रही है।

### ऑटो रिक्शा की टक्कर से मोटरसाइकिल चालक घायल

**करंजाकला।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के आदमपुर मोड़ के समीप रविवार दोपहर मोटरसाइकिल और ऑटो रिक्शा के टक्कर से 18 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस छानबीन में जुट गई है। थाना क्षेत्र के मीरापुर गांव का निवासी भारत गौतम की पत्नी दुर्गावती ने रविवार शाम सरायख्वाजा थाने पर तहरीर दी की उसका 18 वर्षीय बेटा शुभम गौतम रविवार दोपहर अपनी मोटरसाइकिल लेकर घर से कहीं जा रहा था इसी दौरान जब वह आदमपुर मोड़ के पास पहुंचा तभी सामने से एक तेज गति से आ रही अज्ञात ऑटो रिक्शा ने जोरदार टक्कर मार दी और मौके का फायदा उठाकर ऑटो रिक्शा चालक रिक्शा लेकर भागने में कामयाब हो गया। थोड़ी देर बाद घटना की जानकारी परिजनों को हुई तो परिजनों ने आनन-फानन फानन में घायल युवक को एक निजी चिकित्सालय में ले जाकर भर्ती कराया जहां पर हाथ व पैर गंभीर चोट आने की वजह से चिकित्सकों ने शुभम की हालत गंभीर बताई है। थाना प्रभारी विनय प्रकाश सिंह ने बताया तहरीर प्राप्त हुई है जांच की जा रही है।

## मां शीतला के श्रृंगार व भजन संध्या में उमड़ा जनसैलाब

जनसंदेश न्यूज



**जौनपुर।** मां चौकियां जनकल्याण सेवा ट्रस्ट के बैनर तले आयोजित मां शीतला चौकियां श्रृंगार महोत्सव में जनसैलाब उमड़ा जहां मुख्य अतिथि गिरीश चन्द्र यादव राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार एवं विशिष्ट अतिथि शीतला चौकियां धाम मन्दिर के महन्त एवं श्री शीतला जी मन्दिर समिति ट्रस्ट के विवेकानन्द पण्डा ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। बतौर अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित समाजसेवी/भाजपा नेता ज्ञान प्रकाश सिंह ने मां शीतला का पचरा गाया। प्रयागराज से आये अजय सांवरा ने प्रभु श्रीराम एवं हनुमान जी की झांकी प्रस्तुति ने तो अयोध्या की याद दिला दिया। वहीं जौनपुर के विवेक मिश्र वरदान ने 'माई लाल चुनरी देख के निहाल भइली हो', गाया तो सुपर स्टार गायक समर सिंह ने 'ललकी चुनरी लेके अइली मोरी माई हो' प्रस्तुत किया।

उपरोक्त के अलावा उपस्थित अन्य कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति करके भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। भोजपुरी फिल्म अभिनेत्री अंजना सिंह जब मंच पर आयीं और अपनी प्रस्तुति कीं तो दर्शक निहाल हो गये। शूटिंग के दौरान पैर फ्रैक्चर होने के बाद भी चौकियां धाम पहुंची और अपनी प्रस्तुति दर्ज करायी। अभिनेता मनोज टाइगर भी उपस्थित रहे। भोजपुरी गायक समर सिंह की गायकी पर देर रात तक समा बंधा रहा। इस अवसर पर मन्दिर के प्रबन्धक अजय पण्डा, अध्यक्ष विकास पण्डा, सौरभ पण्डा, लाडू पण्डा, टप्पू पण्डा, डा. विवेक मौर्या, मणिशंकर पण्डा मोनी, पायल किन्नर, संतोष मिश्र सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक अमर जौहरी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। अमित माली, श्याम लाल माली, मनोज माली, रिंकू, लालमनी माली, पूनम माली ने सभी कलाकारों को चुनरी एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अन्त में कार्यक्रम आयोजक आशीष माली व महंत विवेकानन्द पण्डा ने समस्त आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। संचालन हर्षित गुप्ता ने किया।

## श्रीमद्भागवत कथा से पूर्व निकली कलश शोभा यात्रा



जनसंदेश न्यूज

**नौपेड़वा।** स्थानीय बाजार में श्रीमद्भागवत कथा एवं श्री गया जगन्नाथ जी का भात से पूर्व भव्य शोभा कलश यात्रा निकाली गई। रविवार सुबह देव पूजन पश्चात घन्टा घड़ियाल के बीच सैकड़ो महिलाओं, युवतियों, कन्याओं व युवकों ने कलश यात्रा में सम्मिलित होते हुए हर-हर महादेव का जयघोष किया। मुख्य यजमान डॉ. पारसनाथ निगम एवं सिद्धा देवी की अगुवाई में प्रकांड विद्वान परम पूज्य राजेन्द्र महाराज एवं विद्धवतजनों द्वारा मंत्रोच्चार के बीच कराए गए। पूजन पश्चात सैकड़ो महिलाओं युवतियों ने सिर पर कलश रख यात्रा निकाली।

कलश यात्रा बाजार में स्थित हनुमान मंदिर होते हुए श्रीराम जानकी मंदिर पहुँचा जहां पूजन पश्चात श्रद्धालुओं की भीड़ नौपेड़वा मई रोड होते बन्धवारे बीर मन्दिर पहुँचा। शाम को अयोध्या से पधारे कथा वाचक परम पूज्य निर्मल शरण महाराज ने देव पूजन महात्म्य, राजा परीक्षित जन्म व निग्रह कथा श्रवण कराया। यजमान डॉ. अजय निगम ने बताया कि सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा पश्चात आगामी शनिवार को हवन पूणार्हुति एवं रविवार को महाप्रसाद भंडारा का आयोजन किया गया है। इस दौरान पंडित सौरभ मिश्र, सुभाष उपाध्याय, अभिनव सिंह नीलम निगम सविता सिंह पूनम निगम सरिता निगम पूजा निगम रूबी निगम, गोरखनाथ निगम, रिंकू निगम, रामबाबू सहित सैकड़ों भक्तगण मौजूद रहे।

## कार्यालय-जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सोनभद्र

पत्रांक : /एस०एस०ए०/गुण०वि०/5064/2024-25 | दिनांक-25/01/25

### प्रेस विज्ञप्ति

महानिदेशक, स्कूल शिक्षा/राज्य परियोजना निदेशक, राज्य परियोजना कार्यालय, लखनऊ के कार्यालय पत्रांक-गुण०वि०/ARP/9333/2024-25 दिनांक 15 जनवरी, 2024 के साथ संलग्न शासनादेश संख्या-902/68-5-2019 बेसिक शिक्षा अनुभाग-5 लखनऊ दिनांक 22 अक्टूबर 2019 व शासनादेश संख्या-68-5099/143/2024-अनुभाग-5 दिनांक 10 अक्टूबर, 2024 में निहित निर्देश के क्रम में चयनित ऐसे Academic Reource Person (ARP) जिनका 03 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण/रिक्त के सापेक्ष कुल 40 पद हेतु चयन बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा सचालित प्राथमिक / उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक/शिक्षिकाओं से निम्नांकित प्रतिबन्धों के अधीन निर्धारित प्रारूप पर आवेदन पत्र पंजीकृत डाक से दिनांक 11-02-2024 तक जिला परियोजना कार्यालय, सर्व शिक्षा अभियान, रावर्द्धसगंज, सोनभद्र के पते पर आमन्त्रित किये जाते हैं-

| क्र.स. | ए०आ०पी०/विषय विशेषज्ञ हेतु पदनाम | कुल पद | अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | ए. आरपी सामाजिक अध्ययन विषय | 08 | स्नातक में कला संवर्ग में निर्धारित विषय-समाज शास्त्र, इतिहास, भूगोल, नागरिक शास्त्र, अर्थ शास्त्र, मनोविज्ञान, सैन्य विज्ञान, सांख्यिकी एवं कृषि |
| 2 | एआरपी. अग्रेजी विषय | 09 | कला संवर्ग में स्नातक के अन्तिम वर्ष में अंग्रेजी अनिवार्य हो। |
| 3 | एआरपी. हिन्दी विषय | 07 | कला संवर्ग में स्नातक में अन्तिम वर्ष में हिन्दी अनिवार्य हो। |
| 4 | एआरपी. गणित विषय | 08 | स्नातक में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित (पी.सी.एम) संवर्ग से अनिवार्य हो। |
| 5 | एआरपी. विज्ञान विषय | 08 | स्नातक में जीव विज्ञान, वनस्पति विज्ञान (जेड. बी.सी) संवर्ग से अनिवार्य हो। |

**अर्हता एवं शर्त-**

1- वांछित विषय में स्नातक उपाधि के साथ अध्यापक प्रशिक्षण योग्यता।
2- प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयों में न्यूनतम 05 वर्ष का शिक्षण अनुभव।
3- सेवा निवृत्ति होने में न्यूनतम 10 वर्ष शेष हो।
4- किसी भी प्रकार की जाँच गतिमान न हो और न ही पूर्व में किसी प्रकार की अनुशासनात्मक कार्यवाही की गयी हो।
5- विषयवार लिखित परीक्षा 60 अंक। माइक्रो टीचिंग/शिक्षण प्रदर्शन (10 से 15 मिनट प्रति प्रतिभागी श्रोताओं को बांधे रखना, संतुलित दृष्टिकोण, सहज एवं तार्किक प्रवाह एक अच्छे सम्प्रेषक के रूप में इत्यादि) 30 अंक। साक्षात्कार (विषयगत जानकारी, स्वप्रेरण लीडरशिप, कमिटमेन्ट, प्रारम्भिक शिक्षा के प्रति विजन इत्यादि) 10 अंक।
6- लिखित परीक्षा में 60 प्रतिशत या 60 प्रतिशत से उपर अंक पाने वाले अभ्यर्थी ही माइक्रों टीचिंग के लिए क्वालिफाई करेंगे।
7- माइक्रो टीचिंग / शिक्षण प्रदर्शन में 60 प्रतिशत या 60 प्रतिशत से उपर अंक पाने वाले अभ्यर्थी ही साक्षात्कार के लिए क्यालिफाई करेंगे।
8- साक्षात्कार में 60 प्रतिशत या 60 प्रतिशत से उपर अंक पाने वाले अभ्यर्थी ही फाइनल चयन हेतु क्वालिफाई करेंगे।
9- लिखित परीक्षा, माइक्रो टीचिंग / शिक्षण प्रदर्शन तथा साक्षात्कार के कुल योग को जोड़ने के बाद जिन अभ्यर्थियों का नम्बर 60 प्रतिशत या 60 प्रतिशत से उपर होगा, उन्हें ए.आर.पी. के चयन के लिए मेरिट लिस्ट में रखा जायेगा।
10- यदि जनपद में रिक्त पदों के सापेक्ष अधिक अभ्यर्थी क्वालिफाई करते है तो उस स्थिति में मेरिट के आधार पर चयन किया जायेगा। शेष क्यालिफाई करने वाले अभ्यर्थियों में से विषयवार अधिकतम 05 अभ्यर्थियों की प्रतीक्षा सूची बनाई जायेगी, जो 06 माह तक वैध होगी।
11- ए.आर.पी. का कार्यकाल 01 वर्ष हेतु निर्धारित होगा। प्रत्येक वर्ष परफारमेन्स अप्रेजल के आधार पर जनपद स्तरीय समिति द्वारा अनुमोदन के पश्चात इनका नवीनीकरण किया जायेगा। अधिकतम 03 वर्ष के पश्चात पुनः चयन की प्रक्रिया की जायेगी।
12- आवेदन पत्र के लिफाफे के उपर लाल रोशनाई से मोटे अक्षरों में आवेदित पद एवं विषय का नाम सुस्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए।
13- आवेदन पत्र को खण्ड शिक्षा अधिकारी से अग्रसारित कराना अनिवार्य है।
14- शिक्षण अनुभव की गणना हेतु विज्ञापित तिथि को आधार माना जायेगा।
15- विद्यालयों का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण करने हेतु प्रत्येक ए.आर.पी. को समग्र शिक्षा के वित्तीय नियमो / अनुमोदन के आधार पर रू० 2500/- प्रतिमाह मोबिलिटी / वाहन भत्ता जनपद स्तर से देय होगा।
16- ए. आर.पी. पदस्थापन के उपरान्त जिला परियोजना कार्यालय में कार्यभार ग्रहण करेंगे। पदस्थापन के उपरान्त इनका कार्यक्षेत्र सम्बन्धित ब्लाक निर्धारित होगा।
17- ए.आर.पी. आगामी एक माह की कार्ययोजना एवं भ्रमण कार्यक्रम जिला समन्वयक प्रशिक्षण के माध्यम से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं डायट प्राचार्य को माह की 28 तारीख तक अवश्य प्रेषित करेंगे।
18- विज्ञप्ति में संशोधन तथा निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार समग्र शिक्षा अभियान, उ०प्र० के निदेर्शानुसार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
19- ए०आर०पी० के रुप में अधिकतम 03 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण करने के उपरान्त पूर्व में कार्य कर चुके कोई भी अकादमिक रिसोर्स पर्सन्स भविष्य में अकादमिक रिसोर्स पर्सन के पद पर चयन के लिए अनर्ह होंगे।

**(मुकुल आनन्द पाण्डेय)**
**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी**
**सोनभद्र।**

वाराणसी, मंगलवार 28 जनवरी, 2025

माघ, कृष्ण पक्ष 14, वर्ष 13, अंक 350, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00




अन्दर : लोकतंत्र और संविधान का अवमूल्यन


परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित




अन्दर : भविष्य के धार्मिक स्थलों का स्वरूप क्या होगा ?


डाक संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
(प्रा०लि०)
सोने, चाँदी, हीरे, प्लेटिनम एवं कुंदन के आभूषण
• 916 हॉलमार्क ज्वेलरी •
रथयात्रा : 8303173010
अर्दली बाजार : 9696470424
ठठेरी बाजार : 8318650589
SUNDAY OPEN
•रथयात्रा •अर्दली बाजार •चौक(ठठेरी बाजार) वाराणसी
•पार्किंग की सुविधा उपलब्ध•


# वक्फ संशोधन विधेयक को जेपीसी की मंजूरी

**विपक्ष के सारे सुझाव नकारे**

**14 बदलाव किए गए इसमें**

**बोर्ड में 2 गैर-मुस्लिम मेंबर्स का नियम भी**

**नई दिल्ली।** वक्फ बिल में बदलावों को संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) ने सोमवार को मंजूरी दे दी। जेपीसी के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने कहा कि इस अंतिम बैठक में सभी 44 संशोधनों पर चर्चा की गई। इनमें एनडीए सांसद के 14 सुझावों को मंजूरी दे दी गई है। विपक्षी सदस्यों ने भी कुछ प्रस्ताव रखे, लेकिन वोटिंग के दौरान इन्हें नकार दिया गया।

वक्फ (संशोधन) विधेयक पर जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी बजट सत्र के दौरान अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान समिति का कार्यकाल बढ़ा दिया गया था। वक्फ संपत्तियों को रेगुलराइज करने के लिए बने वक्फ एक्ट 1995 की मिस-मैनेजमेंट, भ्रष्टाचार और अतिक्रमण जैसे मुद्दों के लिए आलोचना की जाती



रही है। जेपीसी के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने बैठक के बाद कहा कि समिति द्वारा अपनाए गए संशोधन कानून को बेहतर और अधिक प्रभावी बनाएंगे। हालांकि विपक्षी सांसदों ने बैठक की कार्यवाही की निंदा की और पाल पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को नष्ट करने का आरोप लगाया। टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा कि बैठकों का यह दौर हास्यास्पद था। हमारी बात नहीं सुनी गई। पाल ने तानाशाही तरीके से काम किया है। इस पर जगदंबिका पाल ने कहा कि पूरी प्रक्रिया लोकतांत्रिक थी और बहुमत की राय को प्राथमिकता दी गई।

जेपीसी में हंगामे के बाद निलंबित हुए थे 10 मेंबर्सः जेपीसी की 24 जनवरी को दिल्ली में हुई बैठक में विपक्षी सदस्यों ने हंगामा किया था। उन्होंने दावा किया कि उन्हें ड्राफ्ट में प्रस्तावित बदलावों पर रिसर्च के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया गया। आरोप लगाया कि भाजपा दिल्ली चुनावों के कारण ध्यान में रखते हुए वक्फ संशोधन विधेयक पर रिपोर्ट को संसद में जल्दी पेश करने पर जोर दे रही है। टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा कि समिति की कार्यवाही एक तमाशा बन गई है। समिति ने बनर्जी-ओवैसी सहित 10 विपक्षी सांसदों को एक दिन के लिए सस्पेंड कर दिया।

# यूसीसी लागू करने वाला पहला राज्य बना उत्तराखंड

**हलाला, एक से ज्यादा शादियां, तीन तलाक पर पूरी तरह रोक लगेगी**

**देहरादून।** उत्तराखंड में यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) सोमवार से लागू हो गया है। मुख्यमंत्री आवास में सीएम पुष्कर सिंह धामी ने इसका ऐलान किया। यह कार्यक्रम सीएम आवास के मुख्य सेवक सदन में आयोजित किया गया। सीएम धामी ने कहा कि हमने तीन साल पहले जनता से किए गए वादे को पूरा किया। यूसीसी किसी धर्म या वर्ग के खिलाफ नहीं है। इसका उद्देश्य किसी को टारगेट करना नहीं है। सभी को समान अधिकार देना है।

27 जनवरी का दिन समान नागरिकता दिवस के रूप में मनाया जाएगा। धामी ने कहा कि यूसीसी लागू होने से हलाला, बहु विवाह, तीन तलाक पर पूरी तरह रोक लगेगी। इस दौरान धामी ने समान नागरिक संहिता उत्तराखंड- 2024 को लागू किए जाने पर नियमावली और पोर्टल का लोकार्पण किया। यह पोर्टल आम जनता के लिए खोल दिया गया है। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने रिमोट से बटन दबाकर वउउ पोर्टल का उद्घाटन किया। उत्तराखंड यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है।

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि समान नागरिक संहिता लागू होने से समाज में एकरूपता आएगी। राज्य में सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार होंगे और दायित्व भी सुनिश्चित हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड स्वतंत्र भारत का पहला राज्य बन चुका है, जहां यह कानून प्रभावी हो गया है। उत्तराखंड के डीजीपी दीपम सेठ ने कहा कि हम नए कानून यूसीसी को लागू करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। हमने पहले ही तैयारी कर ली थी।



**यूनिफॉर्म सिविल कोड से इनमें होगा बदलाव**

**समान संपत्ति अधिकार :** बेटे और बेटी दोनों को संपत्ति में समान अधिकार मिलेगा। इससे फर्क नहीं पड़ेगा कि वह किस कैटेगरी के हैं।

**मौत के बाद संपत्तिः** अगर किसी व्यक्ति की मौत जाती है तो यूनिफॉर्म सिविल कोड उस व्यक्ति की संपत्ति को पति/पत्नी और बच्चों में समान रूप से वितरण का अधिकार देता है। इसके अलावा उस व्यक्ति के माता-पिता को भी संपत्ति में समान अधिकार मिलेगा। पिछले कानून में ये अधिकार केवल मृतक की मां को मिलता था।

**समान कारण पर ही मिलेगा तलाकः** पति-पत्नी को तलाक तभी मिलेगा, जब दोनों के आधार और कारण एक जैसे होंगे। केवल एक पक्ष के कारण देने पर तलाक नहीं मिल सकेगा।

**लिव इन का रजिस्ट्रेशन जरूरी :** उत्तराखंड में रहने वाले कपल अगर लिव इन में रह रहे हैं तो उन्हें इसका रजिस्ट्रेशन कराना होगा। हालांकि ये सेल्फ डिक्लेरेशन जैसा होगा, लेकिन इस नियम से अनुसूचित जनजाति के लोगों को छूट होगी।

**संतान की जिम्मेदारी :** यदि लिव इन रिलेशनशिप से कोई बच्चा पैदा होता है तो उसकी जिम्मेदारी लिव इन में रहने वाले कपल की होगी। दोनों को उस बच्चे को अपना नाम भी देना होगा। इससे राज्य में हर बच्चे को पहचान मिलेगी।

## संक्षेप

### चैंपियन को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**हरिद्वार।** खानपुर पूर्व विधायक कुंवर प्रणव सिंह चैंपियन को सीजेएम कोर्ट से 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस आदेश के बाद चैंपियन समर्थकों ने कलेक्ट्रेट चौराहे पर हंगामा शुरू कर दिया है। वे उमेश कुमार को बर्खास्त करने की मांग कर रहे हैं। मामला खानपुर विधायक शर्मा के ऑफिस पर फायरिंग का है। रविवार को पूर्व विधायक चैंपियन ने उमेश कुमार के कार्यालय पर पहुंचकर फायरिंग की थी। इसके वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। बता दें कि चैंपियन और कुमार के बीच अपशब्द कहने को लेकर विवाद हो गया था।

### सुरेश जालान ने खरीदा 90 करोड़ का प्राइवेट जेट

**गिरिडीह।** सुरेश जालान ने एक प्राइवेट जेट खरीदा है। झारखंड के सबसे बड़े कार्बन रिसोर्स कंपनी के मालिक सुरेश जालान ने 10 सीटों वाले विमान का 90 करोड़ रुपए में सौदा किया है। दरअसल, देश के अमीर कारोबारियों में 299वां स्थान रखने वाले गिरिडीह के मशहूर उद्योगपति सुरेश जालान ने 90 करोड़ रुपए की लागत से एक प्राइवेट जेट खरीदा है। 10 सीटों वाले इस विमान ने स्विट्जरलैंड से उड़कर गिरिडीह हवाई अड्डा यानी बोरो एयरोड्रम पर अपनी पहली लैंडिंग की।

### मानेसर पुलिस ने तीन बांग्लादेशियों को पकड़ा

**गुरुग्राम।** गुरग्राम के मानेसर थाना पुलिस ने तीन बांग्लादेशियों को पकड़ा है। उनके पास से बंगाल के आधार कार्ड बरामद हुए हैं। पूछताछ में पता चला कि इन्होंने 8000 रुपये में फर्जी आधार कार्ड बनवाए थे। तीनों भाई-बहन हैं।

# महाकुंभ से लौट रहे चार लोगों की हादसे में मौत

**दुःखद**

**आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर हुई दुर्घटना, दिल्ली लौट रहा था परिवार**

**आगरा।** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर फतेहाबाद थाना क्षेत्र में रविवार की देर रात सड़क हादसे में पति-पत्नी और उनके दो बच्चों की सड़क हादसे में मौत हो गयी।

घटना की जानकारी देते हुए पुलिस ने सोमवार को बताया कि मृतकों की पहचान ओमप्रकाश (42), उनकी पत्नी पूर्णिमा सिंह (34), बेटी अहाना (12) और बेटे विनायक (चार) के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक ओमप्रकाश रविवार रात को अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ कुंभ स्नान करके लौट रहे थे। इस बीच आधी रात करीब साढ़े बारह बजे थाना फतेहाबाद इलाके में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर उनकी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

पुलिस ने बताया कि कार बेकाबू हो गई और डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरी तरफ खड़े डीसीएम कैंटर से टकरा गई। उसने बताया कि इस हादसे में ओमप्रकाश और उनके परिवार के तीन अन्य लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। फतेहाबाद के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) अमरदीप ने बताया कि शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि चालक को झपकी लगने के कारण कार बेकाबू हो गई। मामले की जांच की जा रही है।


## मौनी अमावस्या पर 10 करोड़ के आने का अनुमान

**महाकुंभनगर।** संगम की रेती पर उमड़ रहे जनसैलाब के बीच मेला प्रशासन ने 29 जनवरी को महाकुंभ के तीसरे स्नान पर्व मौनी अमावस्या के लिये चाक चौबंद इंतजाम किये हैं। मौनी अमावस्या के दिन करीब 10 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। मेला प्रशासन और कुम्भ पुलिस की हरसंभव कोशिश है कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मेला प्रशासन और कुम्भ पुलिस ने अमृत स्नान पर्व को देखते हुए व्यापक तैयारियां की हैं। पूरे मेला क्षेत्र को नो व्हीकल जोन घोषित किया गया है। संगम तटों पर बैरिकेडिंग का कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है ताकि भीड़ नियंत्रण में रहे। श्रद्धालुओं की आवाजाही के लिए हर सेक्टर और जोन में विशेष व्यवस्था की गई है। इस दौरान किसी भी तरह का प्रोटोकॉल लागू नहीं होगा।

# अखिलेश ने बेटे संग लगाई महाकुंभ में डुबकी

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने प्रयागराज महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाई। गंगा स्नान के बाद वह साधु-संतों और धमार्चार्यों से मिलने उनके शिविरों में गए। उन्होंने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद से मुलाकात की और उनका आशीर्वाद लिया। सोशल मीडिया पर इसकी तस्वीरें वायरल हो रही हैं जिसमें अखिलेश यादव धमार्चार्यों के चरणों में बैठे नजर आ रहे हैं। इस दौरान अखिलेश ने संतों संग प्रसाद ग्रहण किया और उनके शिविर में श्रमदान भी किया। इस पूरे कार्यक्रम में अखिलेश के साथ उनके बेटे अर्जुन भी मौजूद थे।

बता दें कि रविवार दोपहर को महाकुंभ पहुंचे सपा मुखिया ने अपने पिता मुलायम सिंह यादव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।



उसके बाद गंगा में स्नान किया। फिर किन्नर अखाड़े के महामंडलेश्वर और अन्य साधु संतों से मिले। इस्कॉन मंदिर भी गए। साथ ही संतों के शिविर में जाकर लंगर सेवा में श्रमदान किया। आखिर में बेटे संग प्रसाद ग्रहण कर महाकुंभ से निकल गए। इन सबके बीच अखिलेश यादव की उस तस्वीकर की काफी चर्चा हो रही है, जिसमें वह शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के आश्रम में बैठे दिख रहे हैं। इसमें देखा जा सकता है कि कैसे अखिलेश शंकराचार्य के सामने जमीन पर श्रद्धा भाव से बैठे हैं, उन्होंने दोनों हाथ जोड़े हुए हैं और हंसते-मुस्कुराते हुए शंकराचार्य से बातचीत कर रहे हैं। इस दौरान शंकराचार्य भी काफी खुश नजर आ रहे हैं। उन्होंने अखिलेश को प्रसाद के तौर पर लड्डू दिए। इसको लेकर श्री शंकराचार्य शिविर, ज्योतिर्मठ, बद्रिकाश्रम के प्रभारी मुकुंदानंद ब्रह्मचारी ने बताया कि अखिलेश यादव ने महाराज श्री के दर्शन कर उनसे आशीर्वाद लिया। अखिलेश ने यज्ञशाला की परिक्रमा भी की। मुकुंदानंद ब्रह्मचारी ने कहा कि महाराज श्री ने अखिलेश यादव को देशी गायों के संरक्षण पर जोर दिया।

**निंदा करने वाले आज महाकुंभ में लगा रहे डुबकीः राजभर**

**गाजीपुर।** गाजीपुर पहुंचे यूपी के कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने महाकुंभ को लेकर अखिलेश यादव पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कल तक कुंभ की निंदा करने वाले आज महाकुंभ में स्नान कर रहे हैं। राजभर ने तंज भरे अंदाज में विपक्षी दलों पर हमलावर बोला और कहा कि विपक्षी दल पाकिस्तान जाकर पानी पी लिए हैं। मथुरा को लेकर अखिलेश यादव की टिप्पणी के सवाल पर राजभर ने कहा कि उनकी सरकार में मथुरा के लिए क्या किया गया। वह खुद समझदार है, उन्हें खुद मालूम होगा। उनकी सरकार में मथुरा में तांडव हुआ। मंत्री राजभर ने कहा कि अखिलेश विरोध का चश्मा लगाए हुए हैं। वह अपने चश्मे का नम्बर बदल लें, तो सरकार की उपलब्धि उन्हें दिखेगी।

# एंटी-वेनम की कमीः केंद्र व राज्य हल ढूंढें

**सांप के काटने से मौतों का मुद्दा**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को देश में सांप के काटने से होने वाली मौतों में वृद्धि और एंटी-वेनम की कमी को लेकर गंभीर चिंता जाहिर की है। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एसवीएन भट्टी की डबल बेंच ने इस मुद्दे पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार से आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। कोर्ट ने कहा कि यह मामला मुकदमेबाजी से हल नहीं हो सकता, बल्कि केंद्र और राज्यों को मिलकर इसका समाधान खोजना होगा।

दायर याचिका में बताया गया कि भारत में हर साल लगभग 58 हजार लोग सांप के काटने से अपनी जान गंवाते हैं। यह आंकड़ा पूरी दुनिया में सबसे अधिक है। याचिकाकर्ता का कहना है, कि एंटी-वेनम की कमी के कारण देश पब्लिक हेल्थ क्राइसिस का



सामना कर रहा है। कोर्ट ने इस पर टिप्पणी करते हुए कहा कि यह समस्या पूरे देश में फैली हुई है, और इसे हल करने के लिए राज्यों के साथ बैठक कर जरूरी उपाय किए जाएं।

केंद्र सरकार की ओर से पेश वकील ने बताया कि सरकार इस मुद्दे को लेकर



सक्रिय है और जल्द ही इस दिशा में उठाए गए कदमों की रिपोर्ट कोर्ट में पेश की जाएगी। वहीं, कुछ राज्यों के वकीलों ने कहा कि वे अपना जवाबी हलफनामा दाखिल करेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई 6 सप्ताह बाद तय की है।

**सांप काटने से बचाव और एंटी-वेनम की उपलब्धता पर जोर**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि देशभर में एंटी-वेनम की उपलब्धता सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है, खासकर ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में, जहां सांप के काटने की घटनाएं अधिक होती हैं। कोर्ट ने कहा कि केंद्र सरकार को राज्यों के साथ मिलकर एक समग्र रणनीति बनानी चाहिए ताकि इस समस्या का स्थायी समाधान निकाला जा सके। इस मामले में कोर्ट के निर्देश के बाद अब केंद्र और राज्य सरकारों पर दबाव बढ़ गया है कि वे जल्दी ही इस समस्या का हल निकालें।

## चंडीगढ़ मेयर चुनाव पर्यवेक्षक रहेंगे मौजूद

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ मेयर चुनाव मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई करते हुए कहा कि चंडीगढ़ मेयर पद के लिए निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव सुनिश्चित किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने मेयर चुनाव के लिए चुनावी प्रक्रिया पर्यवेक्षक की मौजूदगी में आयोजित की जाएगी।

सुप्रीम कोर्ट ने मेयर चुनाव की वीडियोग्राफी भी कराने का निर्देश दिए है। इसके लिए चंडीगढ़ यूटी के मुख्य सचिव और नगर आयुक्त को नोटिस दिया गया है। बता दें कि चंडीगढ़ में 30 जनवरी को मेयर का चुनाव होना है। सर्वोच्च न्यायालय ने चंडीगढ़ के मेयर कुलदीप कुमार द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए निर्देश दिया था कि स्वतंत्र पर्यवेक्षक नियुक्त करे, जो पूरी चुनाव प्रक्रिया के दौरान शारीरिक रूप से वहां मौजूद रहेगा।

# बाघ की दहशत में लगाया गया 48 घंटे का कर्फ्यू

**केरल सरकार का निर्णय**

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के वायनाड में आदमखोर बाघ ने एक महिला को मार डाला। घटना के बाद लोग दहशत में हैं, जिसके चलते प्रशासन ने मनंतावडी नगर पालिका के इलाके में 48 घंटे का कर्फ्यू लगा दिया गया है। 27 और 28 जनवरी तक के लिए मनंतावडी में आंगनवाड़ी, मदरसे, स्कूल-कॉलेज बंद कर दिए गए हैं। जो लोग पीएससी परीक्षा या शिक्षण संस्थानों में परीक्षा देने जा रहे हैं, उन्हें प्रशासन को अग्रिम सूचना देकर संपर्क करने का निर्देश दिया गया है।

इसके अलावा ट्यूशन सेंटरों को भी पूरी तरह बंद करने का आदेश दिया है। केरल के वन मंत्री एके ससीन्द्रन ने जिला कलेक्ट्रेट में हाईलेवल बैठक के बाद बाघ को आदमखोर घोषित किया है। अब उसे मारने का रास्ता साफ हो गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में यह पहली बार है कि किसी बाघ को आदमखोर घोषित किया गया है।

बता दें बीते शुक्रवार को मनंतावडी इलाके में रहने वाली राधा (47) प्रियदर्शिनी एस्टेट में कॉफी तोड़ रही थी। तभी बाघ ने उस पर हमला कर दिया। इस हमले में राधा की मौत हो गई। बाघ ने रविवार को वन अधिकारी जयसूर्या पर भी हमला किया था। दो हमलों के बाद सीएम ने वन मंत्री को अधिकारियों से बातचीत करने के निर्देश दिए थे।

## एकीकृत राष्ट्रीय पेंशन योजना का नोटिफिकेशन जारी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली एनपीएस के तहत आने वाले कर्मचारियों के लिए एकीकृत पेंशन योजना यूपीएस का गजट नोटिफिकेशन शनिवार को कर दिया है। 1 अप्रैल 2025 से यह योजना लागू हो जाएगी। इस योजना को एनपीएस के विकल्प के रूप में लाया गया है, जो केंद्रीय कर्मचारी नवीन पेंशन योजना का विकल्प चुनेंगे। उन्हें मूल वेतन की 50 फीसदी गारंटीड पेंशन मिलेगी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 24 अगस्त 2024 को इसकी मंजूरी दे दी थी, जिसकी अधिसूचना अभी जारी की गई है। इस योजना के तहत अब पेंशनधारी को 10000 गारंटीड पेंशन मिलेगी।

# राहुल बोले, गुलाम बनाया जा रहा दलित और पिछड़ों को

**इंदौर/महू।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि मोदी जी जातिगत जनगणना कराने से डरते हैं। वे इसे कभी नहीं कराएंगे, लेकिन 50 फीसदी आरक्षण की दीवार को हम लोकसभा-राज्यसभा में तोड़ देंगे। कोई नहीं रोक सकता। हम पहले कांग्रेस शासित राज्यों में आरक्षण 50 परसेंट से ज्यादा करेंगे। इसके बाद राष्ट्रीय स्तर पर कानून बनाकर इस दीवार को तोड़ेंगे।

महू में आयोजित कांग्रेस की जय भीम, जय बापू, जय संविधान रैली को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले इन्होंने (बीजेपी ने) संविधान को रद्द करने की कोशिश की। इन्होंने कहा कि 400 सीटें आएंगी तो हम संविधान बदल देंगे। उनके सामने हम खड़े हुए और लोकसभा में 400 पार छोड़ो उन्हें सदन में मत्था टेककर घुसना पड़ा। जिस दिन







ये संविधान खत्म हो गया, उस दिन देश के गरीबों के लिए कुछ नहीं बचेगा। दलितों-आदिवासियों-पिछड़ों के लिए देश में कुछ नहीं बचेगा। इनका यही लक्ष्य है।

**खड़गे बोले, भाजपा नेताओं में गंगा स्नान की होड़ः** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने महाकुंभ स्नान को लेकर विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा कि गंगा स्नान से गरीबी दूर नहीं होगी। खड़गे ने कहा कि भाजपा नेताओं में गंगा स्नान की होड़ लगी हुई है। उन्होंने कहा कि लोग कॉम्पटीशन में डुबकी मार रहे हैं। जब तक टीवी में डुबकी अच्छी नहीं आती है तब तक डुबकी मारते रहते हैं। धर्म पर हम सभी की आस्था है। धर्म हम सभी के साथ है, लेकिन धर्म के नाम पर किसी समाज में गरीबों का शोषण होगा तो हम कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे। खड़गे का यह बयान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के प्रयागराज महाकुंभ में डुबकी लगाने के ठीक बाद आया है। गंगा में डुबकी लगाने से युवाओं को रोजगार मिलेगा क्या, गरीबी दूर होगी क्या, पेट को खाना मिलेगा क्या? मैं किसी की आस्था को चोट नहीं लगाना चाहता हूं। देश में बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं, मजदूरों को मजदूरी नहीं मिल रही है।

**भाजपा पर प्रहार**

**आईआईटी-आईआईएम के स्टूडेंट्स को नौकरी नहीं मिल रही, खड़गे ने कहा- गंगा स्नान से गरीबी दूर नहीं होगी**

**राहुल गांधी पर मामला दर्ज**

**कोलकाता।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर एक पोस्ट किया था, जिसे लेकर अब उनके खिलाफ भ्वानीपुर थाने में मामला दर्ज कराया गया है। यह मामला उक्त पोस्ट में नेताजी की मौत की तारीख का जिक्र करने को लेकर किया गया है।

# दोषी को फांसी की सजा नहीं चाहते कोलकाता रेप पीड़िता के माता-पिता

**कोलकाता।** कोलकाता रेप-मर्डर केस में पीड़ित मेडिकल स्टूडेंट के माता-पिता दोषी संजय रॉय को अब फांसी की सजा देने के खिलाफ हैं। पीड़ित के माता-पिता की वकील गार्गी गोस्वामी ने सोमवार को कलकत्ता हाईकोर्ट को बताया कि उनका कहना है कि हमारी बेटी की जान गई, इसका यह मतलब नहीं कि संजय की जान भी जाए।

सियालदह कोर्ट ने संजय रॉय को 20 जनवरी को उम्रकैद (मरते दम तक जेल) की सजा सुनाई थी। पश्चिम बंगाल सरकार और सीबीआई ने सेशन कोर्ट के फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट से फांसी की सजा मांगी है। उसी दिन माता-पिता ने भी कहा था कि वे दोषी संजय रॉय को उम्रकैद की सजा सुनाए जाने के सेशन कोर्ट के फैसले से संतुष्ट



नहीं हैं।

सेशन कोर्ट से फैसले की कॉपी मिलने के बाद हम हाईकोर्ट जाएंगे। कलकत्ता हाईकोर्ट के जस्टिस देबांग्शु बसाक ने सीबीआई और बंगाल सरकार की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। कोर्ट ने फैसले की तारीख नहीं बताई।

हाईकोर्ट में जस्टिस देबांगशु बसक और जस्टिस मो. शब्बार राशिदी की बेंच के सामने सीबीआई के वकील ने बंगाल सरकार के याचिका दाखिल करने के अधिकार का विरोध किया। सीबीआई के डिप्टी सॉलिसिटर जनरल राजदीप मजूमदार ने कहा कि बंगाल सरकार के पास याचिका दाखिल करने का अधिकार नहीं है।

**नरम रुख**

**बोले- बेटी की जान गई संजय की नहीं जानी चाहिए, पहले उम्रकैद की सजा से संतुष्ट नहीं थे**

## पिनैकल टेक्नो स्कूल के बच्चों ने जीते 10 गोल्ड मेडल

**बलिया।** भृगु आश्रम स्थित पिनैकल टेक्नो स्कूल के बच्चों ने राष्ट्रीय स्तर की विज्ञान प्रतिभा खोज परीक्षा एनएसटीएसई में परचम फहराते हुए 10 गोल्ड मेडल जीता। इसके साथ ही स्टेट लेवल पर भी अपनी सीट सुरक्षित किया। इस परीक्षा में स्कूल के कक्षा पांचवीं से दिव्यांशु को गोल्ड मेडल, कक्षा छठवीं से अविका पाण्डेय, सातवीं से अंकित यादव, आठवीं से प्रभात शर्मा और अंकित यादव, कक्षा नौवीं से तेजस अरविंद, कार्तिकेय विशेन तथा डाली पाण्डेय को गोल्ड मेडल तथा 10वीं से नैना सिंह और शिवांश उपाध्याय को गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ। प्रिंसिपल प्रियंका पाण्डेय ने कहा कि यह स्कूल और छात्रों के लिए बहुत ही गौरव की बात है कि हमारे बच्चे इंटरनेशनल लेवल पर इतना उम्दा प्रदर्शन कर रहे हैं। मेडल पाने वाले बच्चों को स्कूल के डायरेक्टर गितेश पांडेय और प्रवीण पाण्डेय ने बधाई दी।

# धारदार हथियार से युवक की निर्मम हत्या

**रेवती।** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत श्रीनगर गांव में बदमाशों ने 30 वर्षीय युवक की धारदार हथियार से नृशंस तरीके से हत्या कर दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान बैरिया थाना क्षेत्र के सबलपुर गांव निवासी श्रवण उर्फ जयशंकर पुत्र स्व. जयप्रकाश यादव के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार बैरिया थाना क्षेत्र के सबलपुर निवासी श्रवण यादव उर्फ जयशंकर पुत्र स्व. जयप्रकाश यादव रविवार की रात को किसी का फोन आने के बाद बाइक से घर से निकला था। सोमवार की सुबह श्रीनगर गांव में रक्त रंजित शव मिलने की सूचना पुलिस को मिली। एसएचओ रोहन राकेश सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव के शिनाख्त कराने के प्रयास में जुट गये। शिनाख्त नहीं होने पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, सीओ बैरिया मोहम्मद उस्मान ने घटनास्थल का जायजा लिया। फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य संकलन किया। घटनास्थल पर जुटी भीड़ में से किसी ने शव की शिनाख्त श्रवण यादव निवासी सबलपुर, थाना बैरिया के रूप में किया। शव को देखकर यह अनुमान लगाया जा रहा है कि श्रवण की धारदार हथियार से नृशंस हत्या की गई है। जहां शव पड़ा था, उसी के बगल में झाड़ियों में मृतक की बाइक मिली। सीओ मोहम्मद उस्मान ने बताया कि सूचना मिली कि श्रीनगर ग्राम के एक खेत के किनारे एक शव पड़ा है। मृतक के शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं। आगे की कार्यवाही की जा रही है।



### पिकअप के धक्के से बाइक सवार की मौत

बलिया। सुखपुरा थाना क्षेत्र के सोबईबांध चट्टी पर रविवार की देर शाम पिकअप के धक्के से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार भृगु आश्रम बलिया निवासी सुनील पांडेय (48) पुत्र तारकेश्वर पांडेय बाइक से निमंत्रण करके घर बलिया लौट रहे थे कि सोबईबांध चट्टी पर तेज गति से जा रही पिकअप ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दिया, जिससे बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक पिकअप लेकर भाग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## बलात्कारी गिरफ्तार

**रसड़ा।** कोतवाली पुलिस ने बलात्कारी अधेड़ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया था। पीड़िता की मां ने तहरीर में कहा है कि गणतंत्र दिवस पर मेरी पुत्री पंचायत भवन पर गई थी। यहां से मेरी पुत्री को अधेड़ ले गया और अश्लीलता किया। सीएचसी रसड़ा से लेकर मऊ के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस ने साधु यादव निवासी उन्नी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

### कोल माइंस के चीफ इंजीनियर व मनोज हत्याकांड के अभियुक्त को आजीवन कारावास

**बलिया।** लगभग उन्नीस वर्षों पूर्व हल्दी थाना क्षेत्र के बाबू बेल गांव में सीताराम सिंह के अहाते में तिलकोत्सव का कार्यक्रम हो रहा था, नाच गाने भी हो रहे थे। इसी दौरान किसी व्यक्ति ने रंजिश वश अंधाधुंध फायर किया, जिसमें डॉ. अशोक सिंह के रिश्तेदार जो कोल माइंस धनबाद के चीफ इंजीनियर थे उन्हें भी निशाना बनाया गया और उनकी भी हत्या की गई। साथ ही बगल के गांव डांगर वाद निवासी मनोज मिश्रा की भी हत्या हो गई, जिसमें चिकित्सक परिवार के व्यक्तियों को भी पुलिस ने नहीं बक्शा और उन्हें भी जेल भेज दी था, जबकि सच्चाई कुछ और ही थी। वहीं मामला जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमित पाल सिंह के न्यायालय में सुनवाई हुई, जिसमें जिला जज श्री सिंह ने अभियोजन के सारे साक्ष्यों का अवलोकन करते हुए मुख्य अभियुक्त पोखरा निवासी विनय सिंह उर्फ विनय प्रताप सिंह को हत्या के मामले में दोषी करार करते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है और पचास हजार रुपए जुमार्ना लगाई है। साथ ही जिला जज ने आदेशित किया है कि जुमार्ने की धनराशि में से 20 हजार रुपए मृतक मनोज के पिता राधेश्याम मिश्रा को और 20 हजार रुपए मृतक चंदेश्वर सिंह की पत्नी शकुन्तला देवी को क्षति पूर्ति के रूप में दिया जाए। अदालती सूत्रों के मुताबिक डांगरवाद (हल्दी) निवासी राधेश्याम मिश्रा ने 5 दिसंबर 2006 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि समय करीब 11 बजे रात्रि में डॉ. सीताराम सिंह के अहाते में तिलकोत्सव का कार्यक्रम चल रहा था जिसमें उसका बेटा मनोज भी पहुंच गया था अंधा धुंध गोली चल रही थी जिसमें मनोज और एक अन्य व्यक्ति विंदेश्वर सिंह को गोली लगी थी और घटना स्थल पर ही मृत्यु हो चुकी थी। इस मामले में मुकदमा पंजीकृत हुआ और जांच शुरू हुई तो सभी तथ्य सामने आ गया। इस मामले में अभियोजन पक्ष से संजीव कुमार सिंह ने पुलिस के गवाहों समेत अन्य सभी के साक्ष्यों को पूरी कराई।

### असम राइफल्स के जवान का मणिपुर में बीमारी से निधन, शोक की लहर



**गड़वार (बलिया)।** 33 असम राइफल्स में तैनात गड़वार थाना क्षेत्र के जनऊपुर गांव निवासी 59 वर्षीय जवान रमाशंकर राम का बीमारी से निधन हो गया, वह मणिपुर में तैनात थे। जानकारी के अनुसार हवलदार रमाशंकर राजभर पुत्र स्व. कपिल देव को रविवार की शाम को तबियत खराब होने की शिकायत अपने साथियों से किया। तत्काल जवान उन्हें एमएच इंफाल ले गए जहां इलाज के दौरान देर रात उन्होंने अंतिम सांस ली। असम राइफल्स से कंपनी के सीओ ने रात 12 बजे उनकी पत्नी सुभावती को घटना की सूचना दी। पति की मौत की खबर सुनते ही पूरे परिवार समेत क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। बताया जा रहा है कि मंगलवार तक जवान की पार्थिव शव उनके पैतृक गांव पहुंचेगा, जहां सैनिक सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। रमाशंकर अपने पीछे एक पुत्र, चार बेटियां, पत्नी को छोड़ गये है। बताया जा रहा है कि अगले माह छुट्टी में वह घर आने वाले थे। उधर, भाजपा मंडल अध्यक्ष उमेश सिंह, प्रेम नारायन पाण्डेय, सीताराम, राजेश पाण्डेय, पवन कुमार, पिंटू आदि जनों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त कर गहरी संवेदनाएं प्रकट की हैं।






















# गणतंत्र दिवस : बागी बलिया में रहा जश्न-ए-गणतंत्र



सनबीम स्कूल में ध्वजारोहण के बाद नारा लगाते लोग



**बलिया।** गणतंत्र दिवस पर सनबीम स्कूल अगरसंडा में दयाशंकर वर्मा, निदेशक डॉ. कुंवर अरुण सिंह, प्रधानाचार्या डॉ. अर्पिता सिंह एवं प्रशासक संतोष कुमार चतुर्वेदी ने ध्वजारोहण किया। एनसीसी कैडेट्स ने मार्च पास्ट कर सलामी दी। एकेडमिक डीन सहर बानो, हेड मिस्ट्रेस नीतू पांडेय मौजूद रहे। जमुना राम डिग्री कालेज मे प्राचार्य डॉ. अंगद गुप्ता, जमुना राम मेमोरियल कालेज में प्राचार्य अरुणेंद्र मिश्रा, जमुना राम मेमोरियल स्कूल में प्रधानाचार्य एके बघेल ने ध्वजारोहण किया। प्रबंध निदेशक तुषार नन्द मौजूद रहे।

ब्याहुत जायसवाल कलवार महासभा बलिया द्वारा मोती केशव कलवार धर्मशाला पर झंडारोहण किया गया। विजय बहादुर गुप्ता, शंभु, अरविंद, पवन, विवेक राजे, सर्वदमन जायसवाल, अनिल, अभिषेक, राज किशोर, विनोद, अमित, डंपू, रजनीश, अजय, राम प्रकाश, सुनील परख, अशोक, दीना, नमिता राजे, इंदु, रीता रानी, आरती, नेहा, उषा मौजूद रहे। वहीं, लोजपा (रामविलास) के बिचला घाट, बेदुआ स्थित महिला प्रकोष्ठ के कार्यालय पर जिलाध्यक्ष रानी तिवारी के नेतृत्व में ध्वजारोहण किया गया। जयराम ठाकुर, प्रीतम पासवान, डा. जनार्दन, जगरनाथ तिवारी, डा. एस पाण्डेय, बब्लू पासवान, मन्ना साह मौजूद रहे। वैष्णवी महिला उत्थान समिति आवास विकास कालोनी हरपुर में ध्वजारोहण किया गया। मीना तिवारी, डॉ. कमलेश कुमार पांडेय, बब्बन सिंह, मनु त्रिपाठी, अंजू चतुर्वेदी, निर्मला पांडेय, अलका मिश्रा, मेहरूनिशा, रोशन जहां, सुचिता गुप्ता, निर्मला सिंह, विनोद कुमार तिवारी मौजूद रहे। वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति निरालानगर के कैंप कार्यालय ब्रह्माईन पर रामनाथ पासवान ने ध्वजारोहण किया। सूरज समदर्शी, मोतीलाल राम, कमलेश पांडेय, शिवकुमार राम, रामसूरति राम, राकेश पांडेय, राजेन्द्र चौधरी, महमूद आलम, सूबेदार दूबे, नंदलाल प्रसाद, शैलेन्द्र भारती, अमन, सौरभ, ज्योति, छोटू, जुगुन पासवान, रामविलास, शिवप्रसाद, अंजनी मौजूद रहे। वहीं, जिला सहकारी विकास संघ में अध्यक्ष राजनाथ पांडेय की अध्यक्षता में ध्वजारोहण हुआ। बृजेश पाठक, विनोद कुमार, समरजीत, विरेन्द्र सिंह, दीपक श्रीवास्तव, देवेन्द्र सिंह मौजूद रहे। एनसीसी भवन पर कर्नल आरएस पुनिया ने ध्वजारोहण किया। सूबेदार मेजर दिनेश कुमार मौजूद रहे। ज्ञान सरोवर पब्लिक हाईस्कूल माफी पीपरा जमुआ में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। डॉ. फतेहचंद बेचैन, डॉ. नंदजी नंदा, जितेंद्र स्वाध्यायी, गोवर्धन भोजपुरी आदि ने कविता सुनाया। प्रबंधक हृदय गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## ज्ञानकुंज एकेडमी में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस



**सिकंदरपुर।** ज्ञानकुंज सीनियर सेकेंडरी स्कूल बंशी बाजार में धूमधाम से गणतंत्र दिवस मनाया गया। प्रबंधक डॉ. देवेन्द्र नाथ सिंह, विद्यालय के अध्यक्ष ज्योति स्वरुप पाण्डेय, उप प्रधानाचार्या श्रीमती शीला सिंह ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान, सरस्वती वन्दना के बाद छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की। प्रधानाचार्या श्रीमती सुधा पाण्डेय ने गणतंत्र दिवस पर सभी को बधाई दिया। जेपी तिवारी, राजीव पाण्डेय, दीपक तिवारी, राजकुमार पाण्डेय, आरपी सिंह, लक्ष्मण चौहान, प्रियंका त्रिपाठी, दिलीप पाण्डेय, रंजीत शर्मा, अनिल शर्मा, सुप्रिया, अनीता, उमेश, लोकेश, आनंद, संदीप, राजीव तिवारी, अंकिता मौजूद रहे।

## गंगोत्री देवी इंटर कॉलेज में कार्यक्रमों की धूम



**सिकंदरपुर।** गणतंत्र दिवस पर गंगोत्री देवी इंटर कालेज में प्रबंधक डॉ. नरेंद्र प्रसाद गुप्ता ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। प्रधानाचार्य राजेश कुमार गुप्ता ने गणतंत्र दिवस पर विस्तार से प्रकाश डाला।




















































# शान से लहराया तिरंगा प्यारा, गूंजा जन-गण-मन


रजदेवपुर कैंप कार्यालय में झंडारोहण करते कांग्रेसी।


कलेक्ट्रेट परिसर में कर्मचारियों को शपथ दिलातीं डीएम आर्यका अखौरी।


माउंट लिट्रा जी स्कूल में गणतंत्र दिवस पर शिक्षक एवं विद्यार्थी।


मुख्यअतिथि मंत्री ओपी राजभर को स्मृति चिह्न देतीं डीएम आर्यका अखौरी।

जनसंदेश न्यूज

गणतंत्र दिवस

## पुलिस लाइन में मंत्री और कलेक्ट्रेट पर डीएम ने किया ध्वजारोहण, स्कूली बच्चों ने प्रस्तुत किए रंगारंग कार्यक्रम

**गाजीपुर।** 76 वें गणतंत्र दिवस पर जिले में तिरंगा शान से लहराया। जगह-जगह राष्ट्रगान और महापुरुषों के नारे गूंजे और संविधान में दिए गए संकल्पों को दोहराया गया। पुलिस लाइन में मुख्य अतिथि पंचायत राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर और कलक्ट्रेट पर जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने ध्वजारोहण किया। पुलिस लाइन परेड ग्राउंड पर पंचायत राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद पुलिसकर्मियों की टोलियों ने मार्च पास्ट कर सलामी दी। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने ध्वजारोहण किया तथा उपस्थित सभी को एकता और अखंडता की शपथ दिलायी। इसके उपरान्त स्कूली बच्चों को मिष्ठान का वितरण किया गया तथा स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितो को अंगवस्त्रम व मिष्ठान देकर सम्मानित किया गया।

जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी तथा कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियो/आश्रितो को माला के साथ अंगवत्र एवं मिष्ठान देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर देश के महान विभूतियों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियो के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए विस्तृत रूप जानकारी दी। गणतंत्र दिवस समारोह मे अपर जिलाधिकारी वि.रा. दिनेश कुमार, डिप्टी कलेक्ट्रर सालिक राम, डिप्टी कलेक्ट्रर/प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्योति चौरसिया एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, कलेक्ट्रेट के कर्मचारीगण उपस्थित थे। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने पुलिस लाईन पहुची जहां पुलिस अधीक्षक डा. ईरज राजा ने उनका स्वागत किया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस लाईन मैदान में मुख्य अतिथि पंचायती राज्य मंत्री तथा अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार ओम प्रकाश राजभर ने सर्किट हाउस से प्रस्थान कर रिजर्व पुलिस लाईन ग्राउण्ड में पहुंचे वहा पुलिस अधीक्षक ने उनका स्वागत किया। उसके उपरान्त मंत्री ने झंडा फहराया तथा पुलिस लाइन में परेड की सलामी ली। परेड में शामिल विभिन्न टोलियों द्वारा मुख्य मंच से गुजरते हुए मुख्य अतिथि को सलामी दी गई। मुख्य अतिथि ने परेड को कमान्ड कर रहे प्रथम, द्वितीय व सभी टोली के कमान्डर से परिचय प्राप्त किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा सराहनीय सेवा मेडल, जनपद मे उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को लगाया गया तथा प्रशस्ति पत्र देकर उन्हे सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसकी सराहना करते हुए मुख्य अतिथि ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अन्त में आगन्तुको में मिष्ठान का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जनपद न्यायाधीश धर्मेन्द्र पाण्डेय, समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी, नागरिक पुलिस के अधिकारी/कर्मचारी एवं आम जनमानस मौजूद रहे।

## पुलिसकर्मियों को एडीजी पीयूष मोडिया ने किया सम्मानित

**बिरनो।** उत्तर प्रदेश के वीर पुलिसकर्मियों को उनके बेहतरीन कार्य के लिए सम्मानित किया गया है। एडीजी जोन वाराणसी पीयूष मोडिया ने वाराणसी में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में बहादुर पुलिस अधिकारियों को विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया।इसी दौरान भदोही जनपद में क्राइम ब्रांच में तैनात गोपाल खरवार पुत्र प्रमेष खरवार को अपराध कम करनें और बेहतर कार्य करने वाले भदोही जनपद के दो आरक्षी को वाराणसी पुलिस लाइन में गणतंत्र दिवस के मौके पर पर को पीयूष मोडिया एडीजी जोन वाराणसी ने प्रशस्ति पत्र पुरस्कार से सम्मानित किया है। गोपाल खरवार पुत्र प्रमेष खरवार गाजीपुर जनपद के भडसर गांव के रहने वाले हैं। वर्ष 2018 में पुलिस में भर्ती हुए। अपने सात साल के कार्यकाल के दौरान क्राइम व क्षेत्रीय अपराध को लेकर कार्य किया। गोपाल खरवार को वाराणसी एडीजी जोन पीयूष मोडिया के द्वारा प्रशस्वी पत्र देखकर सम्मानित करने की सूचना गांव मे उनके परिवार के लोगों को क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि व गांव के लोग बधाई दे रहे हैं।



## शाहफैज विद्यालय में मना गणतंत्र दिवस



**गाजीपुर।** शाहफैज विद्यालय के प्रांगण में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम विद्यालय की मैनेजर अतिया अधमी ने ध्वज फहराया व उसके बाद राष्ट्रीय गान हुआ। विद्यालय के निदेशक डा. नदीम अधमी ने सभी को गणतंत्र दिवस की शपथ दिलायी। विद्यालय के विद्यार्थियों ने झंडा गीत गाया व भारत माता की जय के नारे लगाए। मार्च पास्ट के द्वारा झंडे को सलामी दी गयी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिद्धार्थ राय जी थे। जिन्हें हाल ही में राज्य सरकार द्वारा स्वामी विवेकानंद युवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। विद्यालय के निदेशक डा.नदीम अधमी ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसमें देश भक्ति गीत, नृत्य व नाटक प्रस्तुत किया गया। परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी कक्षा 12 के विद्यार्थियों को विदाई दी गयी। जिसमें मिस्टर फेयरवेल अब्दुस समद मिस फेयरवेल ओजल सृष्टि व स्टूडेंट ऑफ द ईयर विशाल यादव रहे। विद्यालय के निदेशक डॉ नदीम अधमी, मदर मरियम ग्लोबल स्कूल की निदेशक डॉ मीना अधमी व विद्यालय की मैनेजर अतिआ अधमी ने उन्हें उनके उज्जवल भविष्य की शुभ कामना दी। कार्यक्रम की साज सज्जा आमना ओबैद, उमेश, अंकिता व सिमरन ने की तथा संगीत श्याम कुमार शर्मा, गिरधर शर्मा एवं शान कुशवाहा ने दिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की उप प्रधानाचार्य नेहा कुरैशी ने सबको धन्यवाद दिया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी विद्यार्थी, निदेशक डॉ नदीम अधमी, मदर मरियम ग्लोबल स्कूल की निदेशक डॉ मीना अधमी, विद्यालय की मैनेजर अतिआ अधमी, प्रधानाचार्य इकरामुल हक, उप प्रधानाचार्य (प्रशासन) डॉ प्रीति उपाध्याय, परीक्षा नियंत्रक हनीफ अहमद, वरिष्ठ अध्यापक देवेंद्र, दिनेश राय एवं सभी शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक कर्मचारी तथा उपस्थित रहे।

## शान से फहराया तिरंगा

**भांरवकोल।** विकास खंड क्षेत्र में देश का पचहत्तरवां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। तिरंगा फहराने के क्रम में विकास खंड कार्यालय पर ब्लाक प्रमुख श्रद्धा राय, थानाध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी, बीआरसी भांवरकोल मे खंड शिक्षा अधिकारी निलेंद्र कुमार चौधरी,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोंड ऊर पर प्रभारी विपिन रावत आदि ने तिरंगा फहराया। स्वामी आत्मानंद इंटर कालेज टोडरपुर मे ध्वजारोहण प्रधानाचार्य शिवजी यादव, मार्टिन चिल्ड्रेन एकेडमी भांवरकोल पर प्रबंधक अवधेश पाण्डेय, रेडरोजेज विद्यालय बसनिया में डायरेक्टर मुक्तिनाथ राय बोधिसत्व इंटर कालेज गोविंदपुर मसोन सुभाष कुशवाहा,आदि ने झंडारोहण किया।

## भाकपा कार्यालय पर फहरा तिरंगा

**गाजीपुर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर भाकपा कार्यालय भारद्वाज भवन परपार्टी राज्य कार्यकारिणी सदस्य अमेरिका सिंह यादव एवं डॉक्टर राम बदन सिंह ने संयुक्त रूप से तिरंगा राष्ट्रीय ध्वज फहराया। मौके पर पार्टी सह सचिव ईश्वरलाल गुप्ता,साहब यादव दिलीप पाल,अर्जुन यादव उपस्थित रहे ।राष्ट्रीय गान के बाद संविधान एवं देश की एकता और अखंडता को अक्षुण रखने का संकल्प लिया गया।


## कार्यालय नगर पंचायत केराकत-जौनपुर

स्वच्छ सर्वेक्षण-2024-25

नगर पंचायत केराकत जौनपुर द्वारा 26 जनवरी 2025 गणतन्त्र दिवस के शुभ अवसर पर समस्त सम्मानित नगर वासियों से अपील की जाती है कि स्वच्छ व सुन्दर केराकत को विकास के पथ पर अग्रसर व जनोपयोगी समस्याओं के समाधान हेतु कटिबद्ध नगर पंचायत केराकत आप सभी नगर वासियो से निम्नलिखित अपेक्षा करती है :-

1- नगर को स्वच्छ बनायें रखनें में नगर पंचायत केराकत का सहयोग करें।
2- सूखें एवं गीले कूड़े को अलग-अलग संग्रह कर निर्धारित कूड़ेदान में रखें।
3- जल ही जीवन है, जल को व्यर्थ न बहाये।
4- जन्म एवं मृत्यु का पंजीकरण 21 दिन के अन्दर अवश्य करायें।
5- नगर पंचायत के समस्त करों का भुगतान समय से करें।
6- प्रतिबन्धित पॉलीथीन बैग व थमाकील निर्मित थाली, प्लेट आदि का प्रयोग न करें। दैनिक जीवन में जूट व कपड़े के थैलो का प्रयोग करे एवं दूसरे को प्रेरित करे।
7- अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर पर्यावरण संरक्षण में सहयोग प्रदान करें।
8- बिना नक्शा स्वीकृत करायें अपने भवन का निर्माण न करायें।
9- नगर पंचायत की सड़क, पटरी एवं नाली आदि पर अतिक्रमण न करें।
10- खुले में शौच न करें। शौचालय का प्रयोग करें एवं शौचालय प्रयोग करने हेतु दूसरों को भी जागरूक करें।
11- नगर में दिन में जल रही स्ट्रीट लाईटों को बन्द कर दें या इसकी सूचना नगर पंचायत कार्यालय को दें।

(सना सगीर)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत केराकत
जौनपुर

(ज्योति कृष्णा जायसवाल)
अध्यक्ष
नगर पंचायत केराकत
जौनपुर

पत्रांक- मेमो/न०प०केराकत/2024-25
दिनांक 24.01.2025


## माउंट लिट्रा जी स्कूल में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस

**गाजीपुर।** ब्रिटिश जंजीरों की जकड़ से भारत को मुक्त कराने में स्वयं को न्यौछावर करने वाले वीरों की याद दिलाता हुआ यह पर्व गणतंत्र दिवस हमें आज भी उमंग जोश एवं एकता की भावना से भर देता है। गणतंत्र दिवस के इस पावन पर्व को मनाने अपने देश के वीर शहीदों की शहादत को याद करने और श्रद्धा सुमन अर्पित करने हेतु बच्चों के शैक्षिक, नैतिक एवं मौलिक गुणों के विकास के लिए वचनबद्ध शहर के बंधवा पीरनगर स्थित माउंट लिट्रा जी स्कूल में गणतंत्र भारत की 76वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई ।कार्यक्रम की शुरूआत माउंट लिट्रा जी स्कूल के निदेशक मोहित श्रीवास्तव ने झंडारोहण करके किया। तत्पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा अनेक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के दौर में विद्यालय के कक्षा तीसरी की छात्रा आश्वी श्रीवास्तव, ग्यारहवीं की छात्रा दिव्यांका एवं शिक्षिका आ?षी गुप्ता व अंजली सिंह ने अपने वक्तव्य के माध्यम से शहीदों के चन्द कथनों, स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए किए गए उनके प्रयासो एवं गणतंत्र दिवस से जुडे. मुख्य बिन्दुओं पर प्रकाश डाला। सीनियर कोआर्डिनेटर बद्रीश श्रीवास्तव ने अपने वक्तव्य में अपने महान राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारियों उनके कर्तव्यों एवं गणतंत्र दिवस की महत्ता के प्रति अपने सुविचार उपस्थित सभी शिक्षक- शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं के समक्ष प्रस्तुत किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. राजेश कारकून के द्वारा उपस्थित सभी लोगों को गणतंत्र दिवस की बधाइयाँ देते हुए शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा तैयार किए गए भिन्न-भिन्न प्रकार के कार्यक्रमों की सराहना की। तत्पश्चात छात्रों को मिष्ठान प्रदान किया गया। विद्यालय के इस पूरे कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के कक्षा नौवीं की छात्रा कौशिकी के द्वारा किया गया।

## धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस

**गाजीपुर।** नेहरू युवा केंद्र, माय भारत,युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वधान में केंद्र सहित युवा मंडलों में उपनिदेशक कपिल देव के निर्देशन में धूमधाम से गणतंत्र दिवस मनाया गया।इस अवसर पर रैली, विचार गोष्ठी ,सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। नेहरू युवा मंडल रायपुर तरछा द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन में युवाओं ने बढ़-कर पर भाग लिया।अतिथियों ने सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया तथा गणतंत्र दिवस पर अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य संतोष चौबे, बोगना के प्रधान दिनेश चौहान, रायपुर के प्रधान अवधेश यादव, शशिकांत ,अरुण कुमार पांडे, प्रधानाचार्य नागेंद्र सिंह प्रधानाचार्य, काशीनाथ चौहान, प्रबंधक पंकज सिंह टाइगर, कांति सिंह, इशरत जहां आदि उपस्थित रहे। संचालन अंगद सिंह यादव ने किया।

## बैठक आज

**गाजीपुर।** जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की आवश्यक बैठक जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में मंगलवार को अपरान्ह 05.30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गयी हैं उन्होने समस्त सम्बन्धित अधिकारियों से निवेदन किया है कि उक्त बैठक में नियत तिथि एवं समय पर प्रतिभाग करने का कष्ट करें।
















## जनसंपादकीय

# भविष्य के धार्मिक स्थलों का स्वरूप क्या होगा?

**संदीप पांडेय**



हवाई अड्डों पर एक प्रार्थना कक्ष होता है। वहां यह नहीं लिखा रहता कि वह किसी खास धर्म का है। हम जिस धर्म को मानते हैं उसके अनुसार वहां प्रार्थना कर सकते हैं। यदि हम विभिन्न धर्मों को मानने वालों के बीच झगड़े खत्म करना चाहते हैं तो हमें भविष्य के धार्मिक स्थलों का यही स्वरूप अपनाना होगा। हाल में हमने देखा कि कई जगहों पर लोगों ने न्यायालय की शरण लेकर यह दावा करना शुरू कर दिया कि उनके इलाके की मस्जिद या दरगाह इतिहास में किसी मंदिर को गिरा कर बनाई गईं हैं। यदि सर्वोच्च न्यायालय ने हस्तक्षेप कर इन कानूनी प्रक्रियाओं पर रोक न लगाई होती तो इन सिलसिलों को कोई अंत नहीं दिखाई पड़ रहा था और अंततः ताज महल जैसे स्मारक भी इसकी चपेट में आ जाते। किंतु यह राहत तात्कालिक ही है। उपासना स्थल अधिनियम की वजह से इस प्रक्रिया पर रोक लगी है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुखिया मोहन भागवत के यह कहने के बावजूद कि अयोध्या तो एक आस्था का मामला था, हमें हरेक मस्जिद के नीचे शिवलिंग नहीं खोजने चाहिए, कुछ लोगों की आस्था अन्य जगहों पर हो सकती है और हमें अभी तक यह समझ लेना चाहिए कि रा.स्वं.सं. व भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी भिन्न भाषाओं में बोलते हैं। रा.स्वं.सं. की पत्रिका ने कह ही दिया है कि विवादित स्थलों का इतिहास जानना सभ्यता के साथ न्याय के लिए जरूरी है। वैसे भाजपा उपासना स्थल अधिनियम को, जैसे उसने जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 प्रभावहीन बना दिया अथवा संविधान के अनुच्छेद 14 की अवहेलना करते हुए खुलेआम भेदभाव करने वाला नागरिकता संशोधन अधिनियम बना दिया, खत्म भी कर सकती है। तब फिर बांध के दरवाजे खुलने जैसी बात हो जाएगी।

अतः इस पेचीदी समस्या का हल निकालना है तो, यह मानते हुए कि ईश्वर को मानने वाले सभी इस बात पर सहमत होंगे कि ईश्वर एक है, हमें सभी धार्मिक स्थलों को सार्वभौमिक धार्मिक स्थल मानना पड़ेगा। यानी किसी भी धार्मिक स्थल में कोई भी धर्म को मानने वाला प्रवेश कर सके और अंदर जाकर अपने तरीके से प्रार्थना, पूजा, आदि कर सके। सैद्धांतिक रूप से हरेक व्यक्ति एक ही छत के नीचे उसी एक ईश्वर की उपासना कर रहा है। बल्कि यह वाकई में एक आध्यात्मिक दृश्य होगा कि अलग अलग लोग अपने अपने तरीके से एक दूसरे के साथ पूरी सद्भावना कायम रखते हुए उपासना कर रहे हैं। अंततः तो सभी धर्मों का यही उद्देश्य है कि धरती पर शांति स्थापित हो जिसमें मानव समाज के अंदर शांति हो और बाहरी दुनिया के साथ भी शांति हो।

लेकिन धीरे धीरे हमें बाबा आम्टे द्वारा महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले की वरोरा नामक जगह पर स्थापित महारोगी सेवा समिति का तरीका ही अपनाना होगा जिसके परिसर पर कोई भी सार्वजनिक धार्मिक स्थल नहीं है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने धर्म के पालन ही छूट है लेकिन अपने घर के अंदर। मृत्यु के बाद हरेक व्यक्ति को, चाहे वह किसी भी धर्म को मानने वाला हो, मिट्टी में दफना दिया जाता है और ऊपर एक पौधा लगा दिया जाता है। समाधि बनाने की अनुमति नहीं है।

फिर सवाल उठेगा कि जो धार्मिक स्थल बने हुए हैं उनका क्या होगा? सभी धार्मिक स्थलों से समाज कल्याण के कार्यक्रम चलाए जाएंगे। गुरूद्वारों से चलने वाले लंगर इसका एक बढ़िया उदाहरण हैं। गुरूद्वारों के लंगर की सबसे अच्छी बात है कि वे सबके लिए खुले होते हैं, सिर्फ सिक्ख धर्म के अनुयायियों के लिए ही नहीं होते। बल्कि सिक्ख धर्म के अनुयायी विशेष प्रयास कर लंगर की सेवा बिना किसी धर्म, नस्ल, जाति या लिंग के भेदभाव के सभी तक पहुंचाने की कोशिश करते हैं। हमने देखा कि इंग्लैण्ड की संस्था खालसा एड ने बंग्लादेश में म्यांमार से आए शरणार्थियों के लिए लंगर चलाए और रूस के हमले के बाद यूक्रेन से पलायन कर रहे लोगों के लिए पोलैण्ड की सीमा पर लंगर चलाए। जबकि बंग्लादेश, म्यांमार, पोलैण्ड या यूक्रेन में सिक्ख कोई बड़ी संख्या में नहीं रहते। मौलिक बात यह है कि जहां लंगर की जरूरत थी वहां लंगर चलाए गए। दिल्ली की सीमा पर किसानों का 13 महीनों तक जो धरना चला उसमें लंगरों की बड़ी भूमिका थी जिसमें पंजाब-हरियाणा के गांव-गांव से खाने-पीने का सामान आ रहा था। गांवों से परिवार के परिवार आकर लंगर की व्यवस्था सम्भाले हुए थे। धर्म की मूल भावना सेवा है और यह हमें सिक्ख धर्म से सीखना चाहिए। इसी तरह सभी धार्मिक स्थलों को सेवा के केन्द्रों में तब्दील हो जाना चाहिए। यह शिक्षा का कार्यक्रम हो सकता है, स्वास्थ्य का हो सकता है, महिला सशक्तिकरण का हो सकता है अथवा लंगर की सेवा हो सकती है। चूंकि धर्म का सार ही सेवा है अतः बने हुए धार्मिक स्थलों का सबसे बढ़िया उपयोग यही है कि वहां से सेवा के कार्यक्रम चलाए जाएं। अयोध्या में एक सर्व धर्म सद्भाव न्यास की स्थापना हुई है जिसमें एक राम जानकी मंदिर के महंथ, एक मुस्लिम सामाजिक कार्यकर्ता, बिहार के एक दलित बुद्धिजीवी, एक ट्रांसजेण्डर व इस लेख के लेखक न्यासी हैं। यह न्यास भविष्य के लिए उपरोक्त किस्म के धार्मिक स्थल बनाना चाहता है। बाराबंकी जिले के असेनी गांव से एक शुरूआत हुई है। एक पुराने मंदिर का जीर्णोद्धार कराकर उसके बाहर लिखवा दिया गया है कि इस मंदिर में किसी भी धर्म को मानने वाले या किसी भी बिरादरी के व्यक्ति का स्वागत है और लोग अपने तरीके से प्रार्थना-पूजा, आदि कर सकते हैं। हम उम्मीद करते हैं कि भविष्य में ऐसे और केन्द्र बनेंगे। यही एक शांतिपूर्ण व मैत्रीपूर्ण दुनिया के लिए एकमात्र उम्मीद है।

**(ए-893, इंदिरा नगर, लखनऊ, सम्पर्क: 0522 2355978)**

**(अगर यह स्वतंत्रता और लोकतंत्र न होते तो पिछले पचहत्तर वर्ष में हमने साक्षरता, शिक्षा, जीवन दर, स्वास्थ्य, गरीबी में कमी, साहित्य-कलाओं-विज्ञान, व्यापार, स्वदेशी उत्पाद न आदि में जो प्रगति की है वह सम्भव न होती। स्त्रियों और दलितों को तरह-तरह से भारतीय जीवन में उन्नयन और अपने हक मानने के अवसर न मिले होते। ये स्वतंत्रता-लोकतंत्र भारतव्यापी है, सब धर्मों-जातियों-वर्णों-समुदायों में व्याप्?त हैं। उनकी तुलना में एक पुरानी मसजिद को तोड़कर, जिसके नीचे किसी मन्दिर के होने का कोई सुबूत सुप्रीम कोर्ट को नहीं मिला, एक मन्दिर बनाने को स्वतंत्रता मानना इस शब्द और अवधारणा का कृतघ्न अवमूल्यन है।)**

# लोकतंत्र और संविधान का अवमूल्यन

## कभी-कभार

**अशोक वाजपेयी**



हिन्दुत्व के एक शिखर पुरूष ने इधर ऐसा कोई वक्तव्य दिया है जिसमें कहा गया है कि भारत पिछले वर्ष उस दिन सही मायनों में स्वतंत्र हुआ जब अयोध्या में एक मसजिद को ध्वस्त कर राम मन्दिर बनाया गया और उसमें प्राणप्रतिष्ठा हुई। एक स्तर पर यह वक्तव्य हिन्दुत्व की बढ़ती सफलता पर उल्लास की अतिशयोक्ति है तो दूसरी ओर उसमें हिन्दुत्व की शक्तियों द्वारा भारत के लम्बे-सफल स्वतंत्रता-संग्राम, 1947 में प्राप्त स्वतंत्रता, 1950 में लागू भारतीय संविधान और उससे प्राप्त लोकतंत्र और उसके बाद हुए भारत के विकास का घोर अपमान है- उनका अस्वीकार है। किसी भारतीय नागरिक को ऐसा मत रखने का अधिकार है। उसे व्यक्त करने की स्वतंत्रता भी है। लेकिन यह मत एक राजनैतिक संस्थान के सरसंघ संचालक का है जो इस समय केन्द्र और कई राज्यों में सत्तारूढ़ है और जिसने सत्ता में प्रवेश करने पर संविधान के प्रति निष्ठा की सार्वजनिक लिखित शपथ ली है। इसलिए इस वक्तव्य को अनदेखा नहीं किया जा सकता। कुछ ऐसा स्पष्टीकरण आया है कि 1947 में मिली स्वतंत्रता राजनैतिक स्वतंत्रता थी, असली सांस्कृतिक स्वतंत्रता 2024 में मिली। इसमें सन्देह नहीं कि 1947 में हम ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन से मुक्त हुए। पर हमारा स्वतंत्रता संग्राम इस मामले में अनूठा था कि उसमें राजनैतिक के अलावा सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक सभी तरह की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया गया था। राजनीति के अलावा इन सभी क्षेत्रों में भी हमने तभी स्वतंत्रता पायी। अगर ऐसा न होता तो विभाजन के बावजूद हमने इतनी जल्दी एक भरा-पूरा संविधान न बनाया, न लागू किया होता। इस संविधान में सिर्फ. स्वतंत्रता का अनेक स्तरों पर सत्यापन भर नहीं है उसमें सभी नागरिकों को समान अधिकार, समता और न्याय के मूल्यों की स्थापना, सभी नागरिकों को धर्म-जाति-लिंग आदि से परे कुछ बुनियादी अधिकार, लोकतांत्रिक व्यवस्था आदि के रूप में क्रान्ति की गयी है। यह भी याद आना चाहिये कि भारतीय परम्परा में निजी मुक्ति की, मोक्ष, निर्वाण आदि के रूप में जो धारणाएँ थीं वे व्यक्ति की मुक्ति पर एकाग्र थीं और उसमें किसी सामूहिक, सामाजिक मुक्ति का तत्व नहीं था। महात्मा गांधी ने मुक्ति की इस धारणा को सामूहिक स्वतंत्रता की धारणा में रूपान्तरित किया और हमारा स्वतंत्रता-संग्राम गहरे और अविच्छिन्न रूप से राजनैतिक-सामाजिक स्वतंत्रता का संघर्ष बना।

अगर यह स्वतंत्रता और लोकतंत्र न होते तो पिछले पचहत्तर वर्ष में हमने साक्षरता, शिक्षा, जीवन दर, स्वास्थ्य, गरीबी में कमी, साहित्य-कलाओं-विज्ञान, व्यापार, स्वदेशी उत्पाद न आदि में जो प्रगति की है वह सम्भव न होती। स्त्रियों और दलितों को तरह-तरह से भारतीय जीवन में उन्नयन और अपने हक मानने के अवसर न मिले होते। ये स्वतंत्रता-लोकतंत्र भारतव्यापी है, सब धर्मों-जातियों-वर्णों-समुदायों में व्याप्?त हैं। उनकी तुलना में एक पुरानी मसजिद को तोड़कर, जिसके नीचे किसी मन्दिर के होने का कोई सुबूत सुप्रीम कोर्ट को नहीं मिला, एक मन्दिर बनाने को स्वतंत्रता मानना इस शब्द और अवधारणा का कृतघ्न अवमूल्यन है।

**दास्तानगोई के बीस बरस**

इक्कीसवीं सदी का एक चौथाई इस बरस बीत जायेगा। अगर हम इस दौरान प्रदर्शनकारी कलाओं में जो हुआ है उसका आकलन करें तो यह स्पष्ट होता है कि सबसे बड़ी घटना दास्तानगोई है। कई तरह से एक परिघटना। इस कथाकथन की विधा का बीसवीं सदी में लोप हो गया था पर वह इस सदी में वापस आ गयी है। इसका श्रेय पहले तो उर्दू के महान्‌ साहित्यकार और विद्वान शमसुर रहमान फारूकी को जाता है जिन्होंने दास्तानों के छियालीस जिल्दें खोजकर उन्हें संपादित और प्रकाशित किया। महमूद फारूकी ने इसी भूली-बिसरी और बिला गयी विधा को पुनर्जीवन देने की सक्षम और सुविचारित पहल की। महमूद ने सिर्फ. दास्तान की समृद्ध परम्परा को सम्हाला नहीं बल्कि उसमें विस्तार और नवाचार किया। पुरानी दास्तानों में उन्होंने कई नयी दास्तानें जोड़ीं जिनमें 'घरे बाइरे', 'चौबोली', 'जयराम जी', 'मंटोइयत', 'एलिस', 'लिटिल प्रिंस', 'कर्ण', 'राग दरबारी', 'रजा', 'मीर', 'रेत समाधि' आदि शामिल हैं।

हम जिस दौर में हैं उसमें, एक तरह से, दो दास्तानों के बीच एक गृह युद्ध सा चल रहा है: हिन्दुत्व की दास्तान और हिन्दुस्तान की दास्तान। यह सन्दर्भ दास्तानगोई को नये किस्म की धार और प्रासंगिकता देता है। वह हमारी संस्कृति की, पारंपरिक स्मृति की विधा होने के साथ-साथ प्रतिरोध की विधा भी बन जाती है। उसमें रवीन्द्रनाथ, सआदत हसन मण्टो, श्रीलाल शुक्ल, विजयदान देथा, गीतांजलि श्री, मीर तकी मीर जैसों की कथाएँ, महाभारत और दिनकर से सामग्री लेने का उपक्रम उसे विलक्षण और अकाट्य समकालीनता देता है।

**इस कथाकथन की विधा का बीसवीं सदी में लोप हो गया था पर वह इस सदी में वापस आ गयी है। इसका श्रेय पहले तो उर्दू के महान्‌ साहित्यकार और विद्वान शमसुर रहमान फारूकी को जाता है जिन्होंने दास्तानों के छियालीस जिल्दें खोजकर उन्हें संपादित और प्रकाशित किया। महमूद फारूकी ने इसी भूली-बिसरी और बिला गयी विधा को पुनर्जीवन देने की सक्षम और सुविचारित पहल की। महमूद ने सिर्फ.दास्तान की समृद्ध परम्परा को सम्हाला नहीं बल्कि उसमें विस्तार और नवाचार किया।**

कई दास्तानें सुनते हुए इस पर ध्यान जाता है कि उनमें प्रायः विसंगति-विचलन-विपथगामिता की त्रयी बहुत सक्रिय रहती है। वे हमें याद दिलाती हैं कि यथार्थ न आज, न कभी सुसंगत, एकरैखिक, एकतान होता है। हमारे यहाँ तो इसका बड़ा ग्रन्थ महाभारत है। हम यह भी महसूस कर सकते हैं कि सच सिर्फ. यथार्थ में नहीं, कल्पना में भी होता है। बहुत सारा यथार्थ तो पहले कल्पित ही होता है।

हमारा समय बहुत टुच्चे सपने देखने से आक्रान्त है। दुनिया बदलने का सपना हमने लगभग तज दिया है। हम दी हुई सचाई से ही सन्तुष्ट होने लगे हैं, उसकी अपार अपर्याप्तता के बावजूद। दास्तानें हमें विकल्प खोजने, बड़े सपने देखने, दी हुई सचाई को प्रश्नांकित करने के लिए प्रेरित करती हैं। कई बार उनमें सचाई और सपने का द्वैत ध्वस्त हो जाता है।

दास्तानों का एक पक्ष यह भी है कि वे सर्वथा रहस्यहीन और विस्मयहीन समय में हमें फिर जताती हैं कि संसार रहस्मय है, हमेशा रहेगा और हमें विस्मित करता रहेगा। महमूद फारूकी की दास्तानगोई में अनेक भाषाओं जैसे उर्दू, हिन्दी, फारसी, संस्कृति, अंग्रेजी, यहाँ तक कभी-कभार फ्रेंच तक की आवाजाही होती रहती है। उसका भाषाई गुलदस्ता सुन्दर और शब्दों की कई तरह की सुगन्ध देता है।

चित्रकार सैयद हैदर रजा पर लगभग दो घण्टे की दास्तान महमूद फारूकी ने प्रस्तुत की और बहुत सारे दर्शनों की यह प्रतिक्रिया थी कि उससे उन्हें रजा की कला और आधुनिक कला के कई पहलुओं को समझने-सराहने में बड़ी मदद मिली।

**( लेखक वरिष्ठ कवि एवं साहित्यिक, सांस्कृतिक चिंतक हैं)**

# प्रतिबंधित क्यों नहीं हो रही जानलेवा 'चाईना डोर'

## प्रसंगवश

**निर्मल रानी**



विश्व के सबसे बड़े बाजार के रूप में अपनी पहचान रखने वाले भारत में चीन जैसे पड़ोसी देश के अनगिनत उत्पाद पटे पड़े हैं। शायद ही कोई क्षेत्र ऐसा हो जिससे संबंधित सामग्री चीन निर्मित न कर रहा हो और भारत सहित पूरी दुनिया को उनकी आपूर्ति न कर रहा हो। छोटी से छोटी मामूली चीजों से लेकर बड़ी से बड़ी और भारी से भारी वस्तुएं चीन द्वारा निर्मित कर भारत भेजी जा रही हैं। मिसाल के तौर पर जहाँ चीन निर्मित मोबाईल फोन लैपटॉप व कंप्यूटर आदि भारतीय बाजार में भरे पड़े हैं वहीँ चाईना की रंग बिरंगी लाईट्स दीपावली,नववर्ष जैसे अनेक अवसरों पर पूरे देश में अपनी रंगबिरंगी छटायें बिखेरती हैं। सजावट, मशीनरी, कांच, पत्थर, प्लास्टिक, खिलौना, कपड़ा, बर्तन, क्रॉकरी, फर्नीचर, हार्डवेयर, आतिशबाजी, धार्मिक सामग्री, देवी देवताओं भगवानों के चित्र,फोटो फ्रेम,नजर बट्टू,कंठी माला टोपी तस्बीह मुसल्ला मेडिकल व सर्जिकल सामग्री जैसी तमाम क्षेत्रों से सम्बंधित सामग्रियों का निर्माण व इनकी आपूर्ति चीन द्वारा भारत सहित पूरे विश्व में की जाती है। इन्हीं चीन निर्मित सामग्रियों में कुछ सामग्री ऐसी भी हैं जिनका इस्तेमाल करना लोगों की जान से खिलवाड़ करने जैसा है। ऐसी ही मनोरंजन से जुड़ी एक सामग्री है 'चाईना डोर।'

'चाईना डोर ' का प्रयोग पतंगबाजी में किया जाता है। और भारत पूरे विश्व में पतंगबाजी के लिये प्रसिद्ध है। वसंत पंचमी जैसे अनेक त्योहारों पर तथा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर और इसके अलावा छुट्टियों के दिनों में तमाम लोग अपने फुर्सत के लम्हे पतंगबाजी कर बिताना चाहते हैं। चीन जहाँ भारत को तरह तरह की रंग बिरंगी छोटी बड़ी पतंगें निर्यात करता है वहीँ पतंग उड़ने में प्रयोग किया जाने वाला डोर /मांझा भी चीन से ही आता है। दरअसल पतंगबाजी में प्रयुक्त मांझा जो भारत में भी बनता है उसमें भी कुशाग्रता अथवा धार पैदा करने के लिये उसमें पिसे हुये कांच का पाउडर मिलाया जाता है। और भारत में चाईना डोर के आने की शुरूआत से पहले भी पतंग उड़ाने वाले मांझे में उलझकर अनेक लोग जख़्मी हो जाते थे। परन्तु आखिरकार वह भारतीय मांझा टूट जाया करता था। लेकिन जबसे भारतीय बाजार में चाइनीज मांझों ने अपनी दस्तक दी है तब से तो पतंगबाजी मनोरंजन से अधिक दहशत भरे व जानलेवा मनोरंजन के रूप में जाना जाने लगा है। हालत यह हो गयी है कि शायद ही कोई दिन ऐसा होता हो जिस दिन देश के किसी न किसी कोने से चाईना डोर के चलते होने वाले हादसों की खबरें न आती हों। दरअसल चाईना डोर में प्रयुक्त धागा किसी ऐसी सामग्री का बना हुआ तेज धार वाला धागा है जो किसी व्यक्ति,वाहन पशु पक्षी से उलझने के बावजूद खिंचने पर आसानी से टूटता नहीं।

पिछले दिनों हद तो यह हो गयी कि 14 जनवरी को मकर संक्रांति के दिन ही अकेले गुजरात में ही 6 लोग पतंगबाजी में मर गये। आश्चर्य तो यह कि स्वयं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी मकर संक्रांति के अवसर पर उसी दिन गुजरात में ही स्थानीय लोगों के साथ पतंग उड़ाने का आनंद लिया। उन्होंने उत्तरायण पर्व (मकर संक्रांति) के अवसर पर शहर के मेमनगर इलाके में शांतिनिकेतन अपार्टमेंट की छत पर पतंग उड़ाई। पूरे देश में उसी दिन चाईना डोर से अनेक लोगों की मौत हो गयी। इसका तीखापन,धार व मजबूती ऐसी है कि आजके दौर में दुपहिया व चारपहिया वाहनों में इस्तेमाल होने वाले फाईबर या प्लास्टिक के बने बम्पर,लेग गॉर्ड अथवा अन्य एसेसरीज को भी यह काट देता है। जाहिर है ऐसे में प्राणियों का बचने का सवाल ही नहीं है। उदाहरणार्थ गत दिनों लुधियाना में एक मोर के गले में यही प्लास्टिक टाइप चाइना डोर फँस गयी जिससे उसकी मौत हो गयी। समाचार यह भी है कि यह मांझा सुचालक होता है जिसके कारण इसमें करेंट प्रवाहित हो जाता है। चाईना डोर से करंट लगने से भी कई मौतें हो चुकी हैं। गले,कलाई और हाथों की नस कटना और अत्यधिक रक्त प्रवाह के चलते मौत होने की तो अनेकानेक घटनाएं घटित हो चुकी हैं।


पिछले दिनों अमृतसर व जालंधर में एक ही दिन में घटी दो अलग अलग घटनाओं में 19 वर्षीय पवनदीप व 45 वर्षीय की मौत हो गयी। इन दोनों की मौत चाईना डोर से गले में सांस की नस कट जाने के कारण हुई। इस मामले में दोनों ही जगह पुलिस द्वारा कुछ अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध मुकददमा दर्ज किया गया है। सवाल यह है कि किस पर चलना चाहिये हत्या का मुकद्दमा? इस तरह के हादसों का जिम्मेदार कौन हो सकता है ? ऐसी खतरनाक सामग्री बेचने वाला ? इसे खरीद कर इस्तेमाल करने वाला ? या फिर इसका निर्माण व आपूर्ति करने वाला ? कोई भी हो परन्तु कम से कम इस से उलझकर अपनी जान गंवाने वाला बेगुनाह तो हरगिज नहीं हो सकता ? चाईना डोर /मांझे से कटकर जान गंवाने की खबरें दशकों से हमारे देश के अखबारों में सुर्खियों में रहती हैं। अब तो यह जानलेवा मांझा दुकानों के अलावा ऑन लाइन भी उपलब्ध है। परन्तु सरकार की तरफ से इस दिशा में कोई कदम उठाने का कोई समाचार नहीं है.

जनता को उसके हाल पर छोड़ने की यह कुछ ऐसी ही मिसाल है जैसे कि कहीं मेनहोल का ढक्क्न खुला पड़ा है या सड़कों पर गड्ढे हैं तो उसके चलते होने वाले किसी भी हादसे या मौत की जिम्मेदारी सरकार की नहीं होती बल्कि मरने या घायल होने वाला ही अपनी गलती सहर्ष स्वीकार कर या तो यमराज के हमराह चला जाता है या अस्पतालों के चक्कर लगता रहता है और लाखों रुपए के चक्कर में पड़ जाता है। परन्तु सरकार को केवल अपने रोड टैक्स और कमेटी टैक्स से ही वास्ता है। हाँ यदि आपसे टैक्स भरने में देर हो गयी तो जुरमाना वसूलना जरूर सरकार का काम है,सड़कों गड्ढों मेनहोल आदि को दुरुस्त व सुचारु रखना हरगिज नहीं ? सरकार को चाहिये कि आम लोगों की जान से खिलवाड़ करने वाली ऐसी जानलेवा सामग्रियों को तत्काल रूप से प्रतिबंधित करे। ऐसी सामग्रियों पर लगने वाले सीमा शुल्क अथवा जी एस टी से अधिक जरूरी है आम लोगों की जान सुरक्षित करना। पशु पक्षियों की जान बचाने की कोशिश करना तथा चाईना डोर /मांझे के चलते होने वाली दुर्घटनाओं को टालना। इसलिये सरकार को तत्काल प्रभाव से देश में चाईना डोर /मांझे के आयात को प्रतिबंधित कर देना चाहिये। आश्चर्य है कि इतनी मौतों व दुर्घटनाओं के बावजूद अभी तक जानलेवा 'चाईना डोर' प्रतिबंधित क्यों नहीं हो रही है ?

**( लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

# ट्रम्प की घास

**प्रमोद ताम्बट**



ट्रम्प ने हमें घास नहीं डाली। कितनी बड़ी ट्रेजडी है। इतनी बड़ी ट्रेजडी है कि इतिहास के गोदाम में इस साइज की दूसरी कोई ट्रेजडी हरगिज नहीं है। इतनी बड़ी ट्रेजडी तो ट्रम्प के जानी दुश्मनों के साथ भी नहीं हुई जिन्हें घास डलने की रत्ती भर भी उम्मीद नहीं थी, हम तो फिर भी उसके जिगरी दोस्त थे, और हमें पूरी उम्मीद थी कि हमारे सामने घास डलेगी, पक्का डलेगी । फिर भी ट्रम्प ने हमें बिल्कुल घास नहीं डाली। हमने घास डलवाने की बहुत कोशिश की, बहुत हाथ-पैर मारे, बहुत मिन्नतें कीं ताकि किसी तरह हमें भी ट्रम्प की घास चरने का मौका मिल जाए । लेकिन ट्रम्प नहीं पसीजा। पता नहीं कौन सा पाप हमसे हो गया कि हम ट्रम्प की घास के पहले नेचुरल हकदार होने के बावजूद अमरीकी ओर से घास हमारे पास फटकने भी नहीं दी गई।

हालांकि ट्रम्प के पास बहुत सारी घास मौजूद है। घास के बड़े-बड़े खेत-खलिहान, बड़े बड़े गोड़ाउन है उसके पास। कोई कमी नहीं उसके पास घास की। लेकिन उसने हमें नहीं डाली। पता नहीं क्यों नहीं डाली। थोड़ी सी डाल देता तो कोई कम तो पड़ जाती नहीं उसे घास ? क्या बिगड़ जाता उसका अगर तनिक सी हमें भी डाल देता । हम कौन उसकी घास खाकर भाग रहे थे।

ट्रम्प के पास भाँति-भाँति की घास है। हरी-हरी चाहो तो हरी-हरी। सुनहरी चाहो तो सुनहरी, सूखी सट्ट, जिसे भूसा कहते हैं वह भी। और तो और रंग-बिरंगी बेहद आकर्षक डिजाइनर घास भी है उसके पास। कमबख़्त डालता तो हम कितने अच्छे से घास चरते। दुनिया देखती कि हमारी घास चराई भी क्या घास चराई है। लेकिन हमारी किस्मत में ही नहीं थी ट्रम्प की घास, इसलिए तो उसने जरा सी भी नहीं डाली ।

इतनी सारी घास है ट्रम्प के पास कि वह बैठे-बैठे सारी दुनिया को चरा सकता है और उसने चराई भी । बस हमें चराना भूल गया। जाने कैसे भूल गया। बादाम तो हम बहुत एक्सपोर्ट कर रहे हैं अमेरिका को। फिर भी भूल गया। चराना भूल गया या जानबूझकर नहीं चराई यह तो वही जाने परंतु वह मेहरबानी करके हमें भी थोड़ी सी घास डाल देता तो उसके बाप का क्या कुछ चला जाता?

ट्रम्प घास डालता तो हम बड़ी शिद्दत से उसे चरते। तिनका-तिनका चर-चर कर हम घास को पूरा चर जाते। एक दाना भी जमीन पर नहीं छोड़ते कि कोई और आकर उसे चर जाए। हम घास के एक-एक तिनके का पूरा मान रखते और पूरे सम्मान के साथ उसे उदरस्त करते। हम घास को रबड़ी-मलाई की तरह चाट-चाटकर पूरा चट कर जाते। पूरी दुनिया को नाच-गाकर बताते कि हमें ट्रम्प की घास चरने का मौका मिला है और हम उसे रबड़ी-मलाई की मानिंद चट कर गए हैं । दुनिया एक नये और मानीखेज मुहावरे का लुत्फ उठाती - 'ट्रम्प की घास चाटना'। हिंदी के मुहावरा कोश में एक और मुहावरे की वृद्धि होती। हिंदी समृद्ध होती। कुछ लोग जरूर इस मुहावरे में से 'घास' शब्द का लोप करके अर्थ का अनर्थ करते लेकिन हम उसकी कतई चिंता नहीं करते। हम चरते। पूरी घास को रबड़ी-मलाई की तरह चट कर जाते।

ट्रम्प की घास का स्वाद भी कोई काजू-किसमिस से कम नहीं । चरो तो ऐसा लगता है मानो ड्रायफ्रूट का भंडार चर रहें हो। लेकिन ट्रम्प की घास डलती हमारे सामने तब न हम ड्रायफ्रूट का लुत्फ उठा पाते । डाली ही नहीं घास कमबख्त ट्रम्प ने। हम मायूस हैं । बहुत मायूस हैं लेकिन बता दें कि हतोत्साहित बिल्कुल नहीं हैं। हम कोशिश करेंगे। निरंतर कोशिश करेंगे। मरते दम तक कोशिश करते रहेंगे की ट्रम्प हमें घास डाले और हमें भी उसकी घास चरने का स्वर्णिम अवसर मिल सके। देर-सवेर कभी न कभी तो वह अवसर मिल ही जाएगा।


देखो भैया, जब तक हमारा देश एक बड़ी चरागाह है, और हम उसके चरवाहे हैं, तब तक कोई हमें घास डाले या ना डाले, उसे झक मार कर हमारे यहाँ चरने तो आना ही पड़ेगा। हम भी देखेंगे कि यह ट्रम्प का बच्चा कब तक हमें घास नहीं डालता । हमारी चरागाह को चरने की अगर रत्ती भर भी साम्राज्यवादी तमन्ना है तो उसके तो बाप को भी हमें घास डालना पड़ेगी। देखते हैं कैसे नहीं डालता।

**(बी-79 साईंनाथ नगर, कोलार रोड, भोपाल, संपर्क 9893479106)**

# पुस्तक प्रकाशन के सोलह संस्कार

## व्यंग्य

**बी. एल .आच्छा**



अपने लिखे का प्रकाशन भी प्राणों की भीतरी अकुलाहट है। यह जीवन है, कोई मैन्यूफेक्चरिंग यूनिट का प्रोडक्ट नहीं। यह नहीं कि मशीन में कच्चा माल डाला और प्रोडक्ट बाजार की यात्रा करने लगा । पुस्तक को भी यश चाहिए और अर्थ का बाजार भी। और यश यदि फेसबुकिया- इंस्टाग्रामिया हो जाए, अखबारी सुर्खियों में आ जाए, तो क्या कहने !

जब जन्म के सोलह संस्कार होते हैं, तो पुस्तक के क्यों नहीं? आखिर वह भी तो लेखक की साँसों का जीवित रूप है। दोनों की प्रसव पीड़ा के अपने रूपान्तर है। मनुस्मृति की तरह प्रकाशन- स्मृति भी जरूरी है। या भरत के नाट्?यशास्त्र की तरह प्रकाशन शास्त्र। इन दिनों प्रकाशन के सेन्सेक्स के हिसाब से पुस्तक प्रकाशन के सोलह संस्कारों का विधि- विधान सरेआम होना चाहिए । समय के साथ संस्कारों में अंतर भी आए, पर लेखक के गर्भगृह से प्रकाशन-गृह और सोशल मीडिया तक झलकियां तो दिखनी ही चाहिए । लाइक्स- कमेन्ट्?स और बधाइ?यों के बगैर पुस्तक का जन्म बेमानी है। लाइक्स का उतापा ही मीडिया प्रवाह में मल्टीविटामिनस हो जाता है। पुस्तक प्रकाशन के सोलह संस्कारों का प्रारूप विचारार्थ प्रस्तुत है-

**1-रचनाधान संस्कार** - उनींदे से भीतर कुछ फ्लैश होता है। कोई सृजन बिंब । दो नदियों का संगम । ग्लेशियर का टूटना । हरी घास पर क्षणभर का विचार । कसमसाते जीवन का कथासूत्र । कुछ मितली- सी? भीतर में उगने का आभास । अस्पताल की तरह कुछ पॉजीटिव संकेत ।

**2- भाव- गर्भ संस्कार** - लगता है कि दिशाओं' में पंछी उड़ रहे हैं। तिनका- तिनका घोंसला बना रहे हैं । कुछ नये - स्वाद, पुराने से उबकाई । विचाधाराएँ कुलबुलाने लगती हैं। दर्शन के मसाले आ टपकते हैं। शब्द हूक मचाते हैं, नयी इबारत के लिए । उठते-बैठते शिराओं में इनझनाहट मची रहती है ।

**3-शब्द -प्राशन संस्कार** - भाव लिपि शब्दलिपि के लिए बेचैन रहती है । जन्म से पहले ही किताब नामकरण के लिए फड़फड़ाती है । बच्चे और किताब में यही अंतर है । बच्चे के पैदा होने के बाद जलवा पूजन में नामकरण संस्कार होता है । किताब फेसबुकिया जलवा पूजन में पहले नामकरण मांगती है। एक नया- सा नाम ताकि प्रकाशक खिंचे चले आएं । मीडिया आकाश में नगाड़े बजें । लाइक्स- वाइक्स धुआँधार हो जाएं ।

**4- शब्द गिनावन संस्कार**- शब्दों का स्केल्टन जब कथानक रचने लगे तो लगता है ,अब यह पक्का आकार लेगी । तब फेसबुक पर कुछ लिख देते हैं-उपन्यास के दस हजार शब्द पूरे हुए। सत्तर हजार । एक लाख` कंप्यूटर बाबा का बेरोमीटर मुस्कान बढ़ा देता है।

**5-अंश- छपावन संस्कार**- उपन्यास की पूर्णता पर झलक दिखाऊ और प्रकाशन अगाऊ संस्कार भी बाजार की बानगी है। जैसे अंकुए से गेहूँ निकालकर या देशी घी को उल्टी हथेली पर सूंघकर उसकी क्वालिटी परखी जाती है । वैसे ही किसी पत्रिका में अंश छपावन संस्कार बिक्री और प्रकाशन का गेट खोल देता है ।

**6- प्रकाशन सगाई संस्कार** - समृद्ध और नामी-गिरामी परिवार के बच्चों को शादी सगाई तो पुराने जमाने में परात में बिठाकर हो जाती थी । वैसे ही नामी रचनाकारों को अग्रिम रॉयल्टी की परात मे बिठाकर खूँटाबद्ध कर लिया जाता है । अनामी के लिए नमूना अंश की बानगी सगाई संस्कार के लिए कंकू- कन्या बन जाती है । अपने ही जेबी रक्तचंदन से किताबी स्नान आज का यथार्थ है ।

**7 -कवर पेज दिखावन संस्कार**- प्रसव संस्कारों से अलग चेहरा दिखाऊ कवर? पेज संस्कार लुभावक होता है। दो तीन कवर पेज फेसबुक पोस्ट कर पाठकों की लोकतांत्रिक पसन्द से कोई कवर पेज का चयन के. बी. सी.के ओपीनियन पोल की तर्ज पर पाठकीय लोकतंत्र बन जाता है ।

**8- पुस्तक का गृह- प्रवेश संस्कार** - पुस्तक का गृहप्रवेश फेसबुक फोटो का तत्काल- चिपक संस्कार बन जाता है । यह पुस्तक प्रकाशन का चित्रात्मक राजपत्र हैं । पुस्तक खरीदी का ऑनलाइन गेटवे।परस्पर सहकारी । कुछ लचकीले- दबकीले मित्र नम्बर घुमा ही देते हैं । वरना बधाई- बधाई और शुभकामनाओं का खाली लिफाफा टिका देते हैं ।

**9- विमोचन-लोकार्पण संस्कार**- सभाकक्ष की दीवारों के बीच लोकव्यापी संस्कार होता है । तीन सौ किताबों के प्रकाशन का संपूर्ण लोक के लिए समर्पण ।दो प्रशंसाधर्मी समीक्षक । कोई चहेता मगर नामी अध्यक्ष । पेट-पूर्ति, फोटो- फूर्ति और अखबार- सूरती से मीडिया आकाश में कवरेज से झंडा गाड़ देता है ।

**10- पुस्तक प्रेषण संस्कार** - कुंकुम- पत्रिका की तरह नामवर लेखकों से कुछ प्रशंसाधर्मी शब्दों के आशीर्वाद के लिए पुस्तकें रजिस्टर्ड यात्रा करने लगती हैं । नामवर पंक्ति में अपना प्लेटफार्म बनाने के लिए यह जरूरी संस्कार है ।यह दरख्वास्त भी कि पुस्तक पढ़ते समय कवर पेज का फोटो पठनीय मुद्राओं के साथ फेसबुक पर गुलाब की- सी सुन्दरता और मुस्कान के साथ पोस्ट हो जाए ।

**11- समीक्षा लिखावन संस्कार**- समीक्षा के भी अपने-अपने हर्बल ब्यूटी पार्लर हैं। समीक्षकों से सहकारिता मित्रता के सोपान रच जाती है।पर पीले चावल की मनुहार के बिना पक्का मित्र- समीक्षक भी बाराती नहीं बन पाता। खासकर जब मशीनें किताबें उगल रही हैं और समीक्षकों के फसल हार्वेस्टर बहुत कम हैं।

**12- समीक्षा पोस्टिंग संस्कार**- समीक्षा की तलब जितनी लेखक को होती है, उससे कमतर समीक्षक को । आंखें टोह में रहती हैं।मचलती हैं । पत्रिकाओं में छ्पा दिखते ही फेसबुक पर समीक्षा-वेध कर दर्शकों में लाइक्स का गणित रचाती हैं ।

**13- फेसबुकिया चर्चा संस्कार**- लेखक को भी कुछ दरवाजे खींचते हैं । नामी साहित्यकारों की अध्यक्षता और समीक्षकों के साथ सोशल मीडिया पर चर्चा के दौर फेसबुक और जूम के कंठहार बन जाते हैं । प्रकाशक भी इनमें अपना प्रोमो पा जाता है । शब्दों के पंख फड़फड़ाते हुए शिखराना कार्नर तालाशते हैं । सभी लोग धरती से कुछ उठा हुआ महसूस करते हैं ।

**14- सम्मान करावन संस्कार**- इन दिनों यह संस्कार चोटी की तरह मूर्धन्य है। मित्र लोग ही स्थानीय सम्मान रचा लेते हैं, स्थानीय सुर्खियों के लिए ।सम्मान योजना में प्रवेश शुल्क देकर पुरस्कार की छोटी -बड़ी राशि से चयन आधारित सम्मान अखिल विस्तार दे जाता है । आवागमन खर्च सध जाता है, और ब्याज में समारोही आनंद ।यों कुछ लोग सम्मानों से असहमत होते हुए भी सम्मान पा ही लेते हैं।

**15-समीक्षा संकलन प्रकाशन संस्कार** - अपने रक्त-चंदन से मिले शब्द-चंदन का समीक्षा-संग्रह यश का काल- पात्र है।अर्थ भी यश का पिछलग्गू बन गया है । पुरानों की तरह जेब पर ताला लगाकर नहीं रखता । समीक्षा संग्रह की बेचैनी उसे अगले पायदान पर खड़ा करेगी । फिर से फेसबुकिया से लेकर पोस्टिंग प्रक्रिया तक ले जाएगी।

**16- शोध- करावन संस्कार**- इन दिनों लेखन भी शोध-प्रक्रिया से गुलाबी हो जाता है। ढाई सौ टंकित पन्नों का शोध ग्रंथ विश्वविद्यालय से स्वीकृत होते ही फेसबुक पेज पर ठप्पे का मानद अलंकार बन जाता है । इसके बाद तो जैसे प्रोडक्ट को आई. एस. ओ. मार्का मिल जाता है, वैसे ही लेखक को भी।

पुस्तकें सरस्वती का अभिदान हैं । लेखक का यशस्तिलक ।पारदर्शी अलमीरा की मूर्ति ।गूगल बाबा के घर सर्च पड़ताल । कोश और वेबसाइटों की अक्षर-वाल ।काल पात्र में शब्द ब्रह्म का यह प्रकाशन वासी भी हैं और प्रवासी भी । अपने युगप्रवाह से कौन बचा है? क्या व्यंग्यकार भी बच पाया है?

**( लेखक वरिष्ठ व्यंग्यकार हैं, संपर्क 9425083335)**

# कारागार मंत्री ने फहराया झंडा, परेड की सलामी ली

## पुलिस अधीक्षक ने दिलायी शपथ, 810 पुलिस अधिकारी व कर्मचारी किये गये सम्मानित


ध्वजारोहण करते कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान।


परेड की सलामी लेते कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान।


कांस्टेबल को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते कारागार मंत्री

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** 76 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर पुलिस लाइन के प्रांगण में भव्य परेड का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला कारागार मंत्री दारा सिंह द्वारा ध्वजारोहण कर परेड का मान-प्रणाम स्वीकार करते हुए कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर मण्डलायुक्त विवेक, पुलिस उपमहानिरीक्षक, सुनील कुमार सिंह, जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना व अन्य अधिकारीगण भी मौजूद रहें।

मुख्य अतिथि व पुलिस अधीक्षक द्वारा भव्य परेड का निरीक्षण किया गया। परेड में सम्मिलित आठ टोलियों का नेतृत्व प्रथम परेड कमाण्डर अनन्त चन्द्रशेखर, द्वितीय परेड कमाण्डर शुभम तोडी क्षेत्राधिकारी सगडी, तृतीय परेड कमाण्डर विजय कुमार सिंह द्वारा किया गया। इन टोलियों में, पुलिस कांसटेबल, नागरिक पुलिस, सीईआर, एईआर, महिला, पीएसी, होमगार्डस, सीटीएस के कर्मियों ने प्रतिभाग किया। पुलिस विभाग के अन्य दस्ता जैसे वायरलेस, फिल्ड यूनिट, डाग स्क्वायड, मोटर साइकिल स्क्वायड, डायल 112 स्कार्पियो, इगल मोबाइल, मोटर साइकिल, एन्टी रोमियो, सर्विलांस, क्यूआरटी दस्ता/ स्वाट टीम (वज्र), कैम्मो फ्लाइज वाहन (आधुनिक दस्ता), फायर सर्विस सहित अन्य दस्ता द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर पुलिस लाइन परेड ग्राउंड मे 06 सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा क्षेत्राधिकारी सगडी शुभम तोडी, थानाध्यक्ष विरेन्द्र कुमार सिंह, उप निरीक्षक पवन कुमार शुक्ला थाना अतरौलिया, हेड कांसेटेबल जावेद अशरफ थाना अहरौला, सर्वेश विक्रम यादव थाना कोतवाली, कास्टेबल बसन्त लाल थाना कोतवाली, को पुलिस महानिदेशक द्वारा प्रदान किये गये शौर्य के आधार पर प्रशंसा चिन्ह सिल्वर चिह्न से तथा हेड कांसटेबल शत्रुध्न सिंह को सेवा अभिलेख के आधार पर सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह से सम्मानित किया गया। इसके अलावा मुख्य अतिथि द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाले कुल 810 अधिकाकरी, कर्मचारी एवं पुलिस के सहयोगी आम नागरिकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# विभिन्न देशों के संविधान का विश्लेषण कर बना भारत का संविधान : डीएम

जनसंदेश न्यूज


संविधान की शपथ दिलाते जिलाधिकारी नवनीति सिंह चहल।

**आजमगढ़।** 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर जिलाधिकारी श्री नवनीत सिंह चहल द्वारा आज कलेक्ट्रेट परिसर में झण्डारोहण किया गया, इसके साथ ही राष्ट्रगान हुआ। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित लोगों को शपथ दिलायी गयी।

जिलाधिकारी ने सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज के दिन संविधान सभा द्वारा संविधान को लागू किया गया, इसका लोहा पूरा विश्व मानता है, इसमें संविधान सभा के सदस्यों की मेहनत दिखायी देती है। उन्होने कहा कि विभिन्न देशों के संविधान का विश्लेषण कर भारत का संविधान बनाया गया। हमारा संविधान 2 वर्ष 11 माह 18 दिन में बनकर तैयार हुआ। वर्तमान में भारत दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थ व्यवस्था है, जल्द ही यह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थ व्यवस्था बन जायेगा। उन्होंने कहा कि हम सभी अपनी-अपनी जिम्मेदारियों को पूरे मनोयोग से निभाते हुए अपने कर्तव्यों का पालन करें, जिससे आम जनता लाभान्वित हो सके।

उन्होंने कहा कि हम सभी को स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदानों को नमन करना चाहिए। भारत के गौरवशाली इतिहास को हम सभी अपने वाली पीढ़ी को बताये, जिससे आने वाली पीढ़ी यह जान सके कि कितने बलिदानों एवं मेहनतों के बाद हम सभी आज स्वतंत्र एवं खुली हवा में सांस ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज गौरवशाली दिन है, आज का दिन हम सबको संकल्प लेने का दिन है, आज हम सब अच्छा कार्य करने के लिए शपथ लें। जीजीआईसी की छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीत की प्रस्तुति की गयी, जो काफी सराहनीय रहा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अपर जिलाधिकारी प्रशासन राहुल विश्वकर्मा, मुख्य राजस्व अधिकारी विनय कुमार गुप्ता सहित कलेक्ट्रेट परिवार में समस्त अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मण्डलायुक्त ने 76वें गणतन्त्र दिवस के अवसर पर किया ध्वजारोहण

जनसंदेश न्यूज


ध्वजारोहण करते मण्डलायुक्त।

**आजमगढ़।** मण्डलायुक्त विवेक ने 76वें गणतन्त्र दिवस के अवसर पर रविवार को अपने कार्यालय भवन पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा तिरंगे का अभिवादन एवं सामूहिक राष्ट्रगान किया। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता, अखण्डता सुनिश्चित करने वाली बन्धुता बढ़ाने, देश को सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न धर्म निरपेक्ष लोकतन्त्रात्मक गणराज्य बनाने तथा अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतन्त्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्रदान करने का संकल्प दिलाने के साथ ही पुलिस परेड की सलामी ली।

मण्डलायुक्त कार्यालय सभागार में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सम्बाधित करते हुए मण्डलायुक्त विवेक ने कहा कि राष्ट्रीय पर्व गणतन्त्र दिवस संविधान में मिले मूल्यों पर विचार करने तथा उन मूल्यों को आत्मसात करने का दिन है। उन्होंने कहा कि संविधान लागू होने पर सभी देशवासियों को समानता, अभिव्यक्ति आदि के मूलभूत अधिकार मिले हैं, परन्तु यह भी ध्यान रखना जरूरी है कि संविधान में मिले अधिकारों का प्रयोग करते हुए दूसरे के अधिकारों का किसी प्रकार से अतिक्रमण नहीं होना चाहिए। उन्होंने अपने सम्बोधन के दौरान संविधान दिवस, गणतन्त्र दिवस एवं स्वतन्त्रता दिवस के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए गणतन्त्र और लोकतन्त्र के अन्तर को बताया। श्री विवेक ने कहा कि यद्यपि संविधान की स्वीकृति 26 नवम्बर 1949 को मिल चुकी थी, परन्तु 26 जनवरी की महत्ता के दृष्टिगत इसे 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया। उन्होंने कहा कि हमें जाति, धर्म, सम्प्रदाय आदि से ऊपर उठकर संविधान में देश और समाज के प्रति निर्धारित कर्तव्यों और जिम्मेदारियों के निर्वहन के लिए भी जागरुक और तत्पर रहना जरूरी है। कार्यक्रम में स्थानीय राजकीय बालिका इण्टर कालेज की छात्राओं द्वारा स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान एवं देश भक्ति पर आधारित गीतों की सराहनीय प्रस्तुति की गयी। कार्यक्रम का संचालन सेवानिवृत्त सूचना अधिकारी रियाज आलम ने किया।

# गणतंत्र दिवस पर निकाली गयी 251 मीटर लम्बी तिरंगा यात्रा

जनसंदेश न्यूज


तिरंगा यात्रा निकालते प्रशान्त सिंह के साथ विद्यालय के बच्चे।


एनसीसी छात्रों के साथ कुलपति।

**अतरौलिया।** अतरौलिया क्षेत्र के भोराजपुर कला गांव की बाग से निषाद पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व प्रत्याशी प्रशांत सिंह के नेतृत्व में गणतंत्र दिवस के अवसर पर 251 मीटर लंबी तिरंगा यात्रा निकाली गई।

तिरंगा यात्रा में आरपीएस पब्लिक स्कूल नाऊपुर तथा मदर इसरावती कॉन्वेंट स्कूल मदिया पार की बच्चियों ने तिरंगा यात्रा में देश भक्ति मनमोहक झांकी प्रस्तुत किया। बच्चियों द्वारा भारत माता, रानी लक्ष्मीबाई, सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, विवेकानंद के रूप में रथ पर सवार वंदे मातरम और भारत माता की जय बोलते हुए झांकियां प्रस्तुत की। तिरंगा यात्रा में लोगों का भारी हुजूम उमड़ पड़ा। सुरक्षा के दृष्टि से काफी संख्या में पुलिस तैनात रही जिससे सड़क पर आवागमन बाधित न हो। यह तिरंगा यात्रा मदियापार मोड, नगर पंचायत अतरौलिया, केसरी चौक, निरीक्षण भवन, होते हुए मनोज मैरिज हॉल में पहुंची जहां इसका समापन किया गया। डीजे की तेज धुन में देशभक्ति गीतों पर लोग तिरंगा यात्रा में हाथों में तिरंगा लेकर शामिल हुए और देश के प्रति अपना जोश और उत्साह दिखाया।

प्रशांत सिंह ने कहा कि जनपद समेत अतरौलिया विधानसभा में तिरंगा यात्रा निकाली गई है जिसमें लोगों का उत्साह देख कर काफी प्रसन्नता हो रही है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर तिरंगा यात्रा निकाली गई। जो संविधान में हमें अधिकार मिला था उसका सभी लोग लाभ उठाते हुए तथा सनातन धर्म में सभी जाति धर्म के लोग इसमें हिस्सा लेते हुए इसे पर्व के रूप में मना रहे हैं, और आगे भी इसे मनाते रहेंगे। इस मौके पर भाजयुमो जिला अध्यक्ष लालगंज पुष्कर मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि संतोष यादव, अखंड प्रताप सिंह, नीरज तिवारी, अनिल निषाद, धर्मेंद्र निषाद उर्फ राजू, सुनील पांडे, धीरज मिश्रा समेत भारी संख्या में लोग तिरंगा यात्रा में मौजूद रहे।

## राष्ट्र की उन्नति के लिए प्रत्येक नागरिक का मंत्र है कठिन परिश्रम और समर्पण : कुलपति

**सुहेलदेव विश्वविद्यालय में कुलपति ने फहराया तिरंगा**

**आजमगढ़।** महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय के परिसर में स्थित प्रशासनिक भवन के प्रांगण में 76वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया, सर्वप्रथम डीएवी के सहयुक्त एनसी ी अधिकारी पंकज सिंह के निर्देशन में 99 यूपी बटालियन एनसीसी ने कुलपति को सलामी शस्त्र और तिरंगे को जनरल सैल्यूट राष्ट्रगान के साथ झण्डा फहराया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति ने सभी को 76वें गणतंत्र दिवस की ढेर सारी शुभकामनाएं देते हुए भारत के संविधान के प्रति आस्था रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संविधान हो या लोकतंत्र यह हमारे देश की आत्मा है। संविधान के माध्यम से समूचे जनमानस के लिए ऐसी लक्ष्मण रेखा खींच दी गई है कि जनमानस अपनी हद में रहकर राष्ट्र के निर्माण में अपना सर्वस्त्र न्योछावर करता रहे। माननीय कुलपति ने विश्वविद्यालय में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए चतुर्थ श्रेणी कर्मी दिलनवाज और एक तृतीय श्रेणी कर्मचारी चन्दन को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम के दौरान राजनीतिशास्त्र विभाग के द्वारा आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सफल छात्रों को भी मोमेंटो और प्रमाणपत्र देकर कुलपति द्वारा पुरस्कृत किया गया।

## पोखरे में मिला वृद्ध का शव

**फूलपुर (आजमगढ़)।** फूलपुर कोतवाली के हाजीपुर तकिया गांव निवासी मुनीर दादा शव गांव के पोखरे में 29 दिनों के बाद मिला। परिजनों ने पंचनामा बनवाकर मुनीर दादा के शव को गांव के कब्रिस्तान में दफन कर दिया। 70 वर्षीय मुनीर दादा फूलपुर कोतवाली के हाजीपुर तकिया के निवासी थे । उनकी दिमागी हालत सही नही रहती थी। अम्बारी क्षेत्र में मुनीर दादा के नाम से प्रसिद्ध थे। उनके जेहन में हिंदू और मुसलमान का भेद नही था। शुरू से ही मुनीर दादा लोगों के बीच मिल जुल कर रहने के आदी बन चुके थे। उनके रहने और सहने के कई किस्से की चर्चा लोग आज भी करते थे। मुनीर दादा का लगाव बच्चों के साथ अधिक रहता था। बीच मे दिमागी हालत खराब हो गयी। 29 दिसम्बर को मुनीर दादा लापता हो गए थे। इस सम्बंध में परिजनों ने गुमशुदगी की रिपोर्ट भी फूलपुर कोतवाली में दर्ज कराया था। लापता होने के बाद से अम्बारी क्षेत्र के लोग और परिजन उनके आने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। लेकिन रविवार को उनका शव गांव के पोखरे में मिला। मुनीर दादा की मौत की खबर सुनकर परिजन और क्षेत्र के लोग पहुच गये। परिजनों ने मुनीर दादा के शव को पंचनामा बनवाकर गांव के कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक कर दिया।

# गणतंत्र दिवस पर स्कूलों-सरकारी ऑफिसों पर फहराया झंडा

जनसंदेश न्यूज


गणतंत्र दिवस पर रैली निकालते युवा।

**पटवध (आजमगढ़)।** बिलरियागंज विकासखंड अंतर्गत गणतंत्र दिवस पर पटवध कौतुक क्षेत्र में क्षेत्रवासियों ने बड़े ही धूमधाम से गणतंत्र दिवस को पर्व के रूप में मनाया।

क्षेत्र के समस्त शिक्षण-संस्थान सरकारी तथा गैर सरकारी कार्यालयों में भी धूमधाम से तिरंगा झंडा फहराया गया। इसी कड़ी में सनशाइन महिला महाविद्यालय में भी बड़े धूमधाम के साथ विद्यालय के प्राचार्य दिनेश राय ने ध्वजारोहण किया और बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इसी कड़ी में स्वामी सहजानंद प्राइवेट आईटीआई पटवध कौतुक के प्रांगण में स्कूल के एमडी धनवंतरी राय ने समस्त स्टाफ के साथ ध्वजारोहण करके मिष्ठान वितरित किया और स्वामी सहजानंद प्राइवेट पॉलिटेक्निक के प्रांगण में भी संस्थान के प्रिंसिपल द्वारा समस्त स्टाफ के साथ ध्वजारोहण करके राष्ट्रगान किया गया। इसी क्रम में बाबा विश्वनाथ इंटर कॉलेज पटवध कौतुक के प्रबंधक रमेश यादव द्वारा हर्षोल्लास के साथ ध्वजारोहण किया गया और बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके सबका मन मोंह लिया। एमएफडी पब्लिक स्कूल में भी स्कूल के प्रबंधक अजय मौर्या द्वारा ध्वजारोहण किया गया बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। वहीं पास में बीआरसी केंद्र पटवध कौतुक में पूरे स्टाफ के साथ ध्वजारोहण करके मिष्ठान वितरित किया गया और इसी प्रांगण में स्थित प्राथमिक विद्यालय पटवध कौतुक में भी स्कूल के बच्चों और समस्त स्टाफ के साथ ध्वजारोहण किया गया।

विद्युत उपकेंद्र पटवध कौतुक के एसडीओ तुषार श्रीवास्तव के नेतृत्व में अवर अभियंता हेमंत यादव द्वारा समस्त कर्मचारीयों के साथ हर्षोल्लास पूर्वक ध्वजारोहण करते हुए झंडे को सलामी दी गई। इसी के साथ पटवध सरैया बाजार स्थित बैंक आफ बडौदा के परिसर में शाखा में रवीना सिंह के द्वारा कर्मचारियों के साथ ध्वजारोहण करते हुए मिष्ठान वितरित किया गया। उसी कड़ी में रामकृष्ण विद्या मंदिर इंटर कॉलेज चांदपुर पटवध के प्रांगण में भी स्कूल के प्रधानाचार्य विश्वनाथ गुप्त द्वारा ध्वजारोहण किया गया मौके पर विद्यालय प्रबंधक श्रवण कुमार राय तथा समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। विद्यालय के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इसी क्रम में किरतपुर विद्यालय श्रीनाथ बाबा इंटर कॉलेज के परिसर में भी स्कूल के प्रिंसिपल रूपचंद यादव द्वारा बड़े ही धूमधाम से ध्वजारोहण किया गया। वहां बच्चों के द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों पर गीत और भ्रुण हत्या पर बच्चों द्वारा नाटक के माध्यम से कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया सीपीएस ग्रुप ऑफ स्कूल के छात्रों द्वारा गणतंत्र दिवस


सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं।

**आजमगढ़।** 76वां गणतंत्र दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल, जाफरपुर, सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल, मुबारकपुर, सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल, फरिहा, आजमगढ़ एवं सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल, भिवण्डी, महाराष्ट्र के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों को प्रस्तुत कर मनाया गया।

सीपीएस, भिवण्डी, महाराष्ट्र में कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थापक एवं चेयरमैन अयाज अहमद खान द्वारा और सीपीएस, जाफरपुर में कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरपर्सन मोहतरमा तरन्नुम खानम एवं मैनेजर नवाज अहमद खान द्वारा तथा सीपीएस, मुबारकपुर में कार्यक्रम का शुभारंभ मैनेजर डॉ. आजाद अहमद खान द्वारा झंडारोहण कर किया गया। जिसमें सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यो, सभी शिक्षकगण, शिक्षणेत्तर कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई तथा राष्ट्रगान गाया गया। इसके उपरांत झंडा गीत गाया गया तथा छात्र-छात्राओं द्वारा मार्च पास्ट किया गया।

प्रबंधक तथा प्रधानाचार्या महोदया द्वारा स्कूल परिवार को गणतंत्र दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला गया तथा शुभकामनाएं दी गईं। इसके उपरांत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रस्तुतिकरण किया गया। जिसका प्रारम्भ 'सारे जहाँ से अच्छा हिन्दुस्तान हमाराह्य से हुआ। इसके उपरांत नन्हें मुन्नों ने 'कन्धे से कन्धे मिलते है' पर डांस किया। फिर देशभक्ति गीत हर प्रीत जहाँ की रीत-मिलते है', 'लहर लहर लहरों', 'मेरा भारत वतन', 'बालक भारत के हम' एवं अन्य देशभक्ति गीत गाये गये। तथा सांस्कृतिक गीतों, 'जय भरती वन्दे भारती' 'चक दे इंडिया' पर भी डांस प्रस्तुत किया गया। संस्कृति सिंह, प्रतीक राय, मान्या एवं सिदरा ने हिन्दी, अंग्रेजी एवं उर्दू में स्पीच भी दी।


## संक्षेप

### युवक की सड़क दुर्घटना में मौत



**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पिपरी ध्यानीपुर निवासी बृजनाथ यादव उम्र लगभग 23 वर्ष जो रात लगभग 10 बजे अपने घर से गांव के ही रहने वाले रंजीत पुत्र सूरत के साथ सौ सैया अस्पताल के पास एक ढाबे पर खाना खाने गया था, खाना खाकर वहां से वापस लौटते समय राष्ट्रीय राजमार्ग 233 पर एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सवार ने लापरवाही पूर्वक बाइक चलाते हुए उसे पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह वहीं पर गिरकर घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने उसे नजदीकी सौ सैया अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने बृजनाथ को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी हाउस में रखवा दिया। मृतक के पिता दलथम्मन द्वारा स्थानीय थाने पर तहरीर दे दी गयी है। मृतक के पास दो भाई व एक बहन है। मृतक की शादी अभी नहीं हुई वही माता कवल पत्नी का रो-रो कर बुरा हाल है।

### सीएचसी पर सुविधाओं को बढ़ाने के लिए पंचायती राजमंत्री को सौंपा पत्रक



**माहुल(आजमगढ़)।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के युवा मंच के नवनियुक्त प्रदेश मीडिया प्रभारी दीपक सिंह के द्वारा वाराणसी में समीक्षा बैठक के दौरान पंचायतराज मंत्री ओमप्रकाश राजभर को पत्रक सौंपा कर मांग किया कि अहरौला पीएचसी से सीएचसी बने दस साल से अधिक समय हो गया सीएचसी से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे टोल गेट फुलवरिया मात्र ढाई किलोमीटर दूर है आये दिन एक्सप्रेसवे पर दुर्घटना होती है 190 से 215 प्वाइंट तक के घायल अहरौला सीएचसी लाये जाते हैं सीएचसी पर न तो एक्सरे मशीन है न सोनोग्राफी है न जांच आधुनिक सुविधाएं हैं न ही यहां विशेषज्ञ डाक्टर ही है लगभग तीन लाख से ज्यादा आबादी इस अस्पताल से जुड़ी हुई है इलाज की उचित सुविधा उपलब्ध नहीं है। यहां तक की सीएचसी से संबंधित चार उप केन्द्र है जहां डाक्टर ही नहीं है। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी दीपक सिंह ने बताया कि पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर को इस संबंध में हमने पत्रक दिया है उन्होंने आश्वासन दिया की जल्द ही मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री से मिलकर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी।

### डम्पर की चपेट में आकर महिला की मौत



**फूलपुर (आजमगढ़)।** एलआईसी एजेंट के साथ अपना बीमा पॉलिसी सही कराकर बीमा एजेंट की वाईक से वापस घर जा रही महिला की जगदीशपुर गाव के पास डम्फर की चपेट आकर मौत हो गयी बाइक चालक घायल हो गया। फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के अहिरीपुर गांव निवासिनी गुड्डी 40 पत्नी फिरतु सुबह जाफरपुर जई निवासी बीमा एजेंट रामनयन 69 पुत्र अवधू की वाईक से उदपुर गाव स्थित एलआईसी ब्रांच फूलपुर बन्द बीमा पॉलिसी को खुलवाने गयी थी। एलआईसी आफिस से अपनी बीमा पालसी दुरुस्त करा पैसा जमा कर बीमा एजेंट रामनयन के साथ वाईक पर बैठकर अहिरिपुर जा रही थी कि जगदीशपुर गाव के पास डम्फर की चपेट में वाईक आने से पीछे बैठी गुड्डी विश्वकर्मा डम्फर के नीचे आ गयी। एजेंट छिटककर सड़क के किनारे चला गया और घायल हो गया टक्कर के बाद अगल बगल दुकानदार ग्रामीण घटना स्थल पर दौड़ पड़े और घायलों को किनारे रख पुलिस को फोन किये रोडवेज पिकेट पर तैनात सिपाही मोके पर पहुचे। प्राइवेट वाहन में घायलों को रख सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फूलपुर लाये जहा डाक्टर ने घायल महिला को मृत्यु घोषित कर दिया। घायल रामनयन का इलाज चल रहा है। महिला के शव को पुलिस कस्टडी में लेकर शव परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। डम्फर वाहन ड्राइवर लेकर फरार हो गया। मृतक महिला के तीन पुत्री दो पुत्र है। पुत्रियों में एक कीशादी हो चुकी है। मृतक महिला का पति फिरतु बॉम्बे रहता है।

### महर्षि दत्तात्रेय स्कूल में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस



**निजामाबाद (आजमगढ़)।** निजामाबाद तहसील क्षेत्र के गौसपुर गांव में महर्षि दत्तात्रेय स्कूल में गणतंत्र दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार मिश्र उर्फ लालू ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय झंडे को सलामी दी। उसके बाद राष्ट्रीय गान विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं उपस्थित जन समूह ने एक स्वर में प्रस्तुत किया व तिरंगे को नमन किया। पूरा प्रांगण देशभक्तों के शौर्य एवं पराक्रम के नारों से गूंज उठा। सर्वप्रथम सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की छात्राओं ने किया और उसके बाद छात्र-छात्राओं ने ए वतन याद रहेगा३, देश रंगीला रंगीला३, लहरा दो, जय हो.., वंदे मातरम, जिस देश में गंगा रहता है३, आसमा की छत पर.. जैसे देशभक्ति गीतों पर एक से बढ़कर एक नृत्य करके सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष लाल गंज सूरज प्रकाश श्रीवास्तव ने गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए संविधान के महत्व को याद किया। इस मौके पर बच्चों के उत्साह की सराहना की और उन्हें देश के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करने की प्रेरणा दी। उसके बाद प्रतिभावान बच्चों को मुख्य अतिथि और प्रधानाचार्य द्वारा सम्मान समारोह में मोमेंटो प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है और उसके बाद प्रबंधक अरुण कुमार मिश्र द्वारा सभी आए हुए मेहमानों और पत्रकारों को शाल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया है।

### डीएवी डिग्री कॉलेज में गणतंत्र दिवस पर विविध कार्यक्रम



**आजमगढ़।** डीएवी पीजी कॉलेज में गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर प्रेमचंद यादव ने झंडा फहराया। तदुपरान्त प्राचार्य द्वारा एनसीसी, एनएसएस, और स्काउट, गाइड परेड का निरीक्षण किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने गीत, कविता, भाषण, नृत्य और अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किये। हिन्दी विभाग के प्राध्यापक जितेन्द्र कुमार ने क्रांति के आइल लहरिया गीत प्रस्तुत किया। रसायन विज्ञान विभाग के प्राध्यापक नवनीत तिवारी ने अपने विचार रखे। इतिहास विभाग के प्राध्यापक डॉ. अमित कुमार सिंह ने अपने गीत द्वारा सबका मन मोहा। छात्र-छात्राओं में अलकनंदा, आकांक्षा यादव, जय हिन्द मौर्या, अमिता यादव, आकाश यादव इत्यादि ने कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. प्रेमचंद यादव ने और कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभाग एवं सांस्कृतिक परिषद की संयोजक प्रो. गीता सिंह ने किया।

### 70 लाख लूट की सूचना गलत, दो पर मुकदमा

**लालगंज (आजमगढ़)।** देवगांव के रुद्रपुर में शिव शक्ति इंटरप्राइजेज में हुई 70 लाख रुपए लूट की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए बताया कि यह घटना पूरी तरह असत्य है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज आदि के आधार पर घटना होते हुए नहीं पाया गया। उन्होंने बताया कि व्यापारी का सीसीटीवी कैमरा खराब न होकर शट-डाउन पाया गया तथा बैंक से एक करोड़ 5 लाख रुपए का लोन भी लिया गया है। जो वह बहुत दिनों से नहीं दे पा रहे थे। उन्होंने बताया कि 70 लाख रुपया एजेंसी में भी उन्हें जमा करना था। व्यापार में भी इनका घाटा चल रहा था। लोन का पैसा जमा नहीं कर पा रहे थे और एजेंसी का भी पैसा जमा नहीं कर पा रहे थे इसलिए उन्होंने यह प्लानिंग 24 जनवरी को की थी। 16 सब डीलर व्यापारियों से उन्होंने मीटिंग भी की थी। मौके से एजेंसी से 70 हजार नगद बरामद किया गया है। एसपी के अनुसार पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तो शिवकुमार ने बताया कि उसने गलत सूचना दी थी। इससे पहले सूचना मिली थी कि देवगांव के दक्षिणी छोर पर स्थित रुद्रपुर में बदमाशों ने मथुरापुर देवगांव निवासी पेप्सी के स्टाकिस्ट शिवकुमार जायसवाल को घायल कर 70 लाख की लूट को अंजाम दे दिया है। सूचना मिलने पर डीआईजी व एसपी ने मौके का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी हासिल की थी। पुलिस मामले की हर एंगल से जांच पड़ताल की।

# गणतंत्र दिवस के अवसर पर समस्त मीरजापुर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**कृष्णजीत सिंह**
ग्राम प्रधान- डंगहर
वि. खण्ड छानबे, मीरजापुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**चन्द्रशेखर कुशवाहा**
ग्राम प्रधान
**सौम्या सिंह**
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत बिहसड़ा कलां, छानबे, मीरजापुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**शहीदा बानो**
ग्राम प्रधान
गुलाम रसूल उर्फ-लाला
प्रधान पति
**बृजेश कुमार** ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत विजयपुर, छानबे, मीरजापुर

**कृषक महाविद्यालय**
**कृषक कालेज ऑफ फार्मेसी**
गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर
पर संस्थान की ओर से समस्त
जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
राजगढ़, मीरजापुर (उ०प्र०)
सम्पर्क सूत्र- 9839098892, 9451630714, 7080192288
पारसनाथ सिंह
संरक्षक

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**विमला सिंह**
पत्नी - केशव सिंह
ग्राम प्रधान - कोठरा कंतित
वि. खण्ड छानबे, मीरजापुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**सरिता देवी**
पत्नी - उमापति पटेल
बी.डी.सी. देवपुरा
वि. खण्ड राजगढ़, मीरजापुर

गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर समस्त जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
**सुभाष पटेल**
कंसल्टिंग अभियंता
विकास खण्ड राजगढ़
मिर्जापुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**श्रीमती सुमन सिंह**
ब्लाक प्रमुख छानबे, मीरजापुर
**अवधराज सिंह** (पप्पू सिंह)
पूर्व ब्लाक प्रमुख छानबे, मीरजापुर
**त्रिभुवन मौर्या**
प्रमुख प्रतिनिधि छानबे, मीरजापुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**संजय कुमार पाण्डेय**
ग्राम विकास अधिकारी
वि.ख.लालगंज, मीरजापुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**सचिन कुमार**
प्रबन्धक- इण्डियन बैंक
शाखा- राजगढ़, मीरजापुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**आशा देवी**
ग्राम प्रधान-पथरखुरा
शाखा- राजगढ़, मीरजापुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**रामकृपाल**
महामंत्री-सफाई कर्मचारी संघ
**बालेन्द्र सिंह**
अध्यक्ष- सफाई कर्मचारी संघ
वि.ख. राजगढ़, मीरजापुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**असगर अली** परियोजना प्रबन्धक
ग्रामीण पेयजल समूह, तालर राजगढ़, मीरजापुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**रमेश मौर्य**
ग्राम प्रधान
गुर्गी, हलिया, मीरजापुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**दयाशंकर प्रजापति**
अवर अभियन्ता
उपकेन्द्र, हलिया, मीरजापुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामना
**सुमन सिंह**
ग्राम प्रधान - पड़रवां,
वि.ख. राजगढ़, मीरजापुर
पत्नी भूपेन्द्र सिंह भूतपूर्व सैनिक

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**अरुण कुमार मिश्रा**
ग्राम प्रधान
गलरा, हलिया, मीरजापुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**विनोद कुमार सिंह**
ग्राम प्रधान
कोटार, हलिया, मीरजापुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**ओमप्रकाश सिंह**
जिलाध्यक्ष- अखिल भारतीय प्रधान संगठन
ग्राम प्रधान - सेमरा बरहों
वि.ख. राजगढ़, मीरजापुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**राजकुमार सिंह**
समाजसेवी
ग्राम प्रधान- तालर
वि.ख. राजगढ़, मीरजापुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**मनीस्टर अग्रहरी**
पूर्व ग्राम प्रधान
उमरिया, हलिया, मीरजापुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**राजेश कुमार अग्रहरी**
ग्राम प्रधान
अहुंगीकलां, हलिया, मीरजापुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**रिंकी सिंह**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत, कोन मरुहवां
वि.ख. राजगढ़, मीरजापुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**रुद्रा इण्टरनेशनल स्कूल**
(एफिलिएटेड टू सी.बी.एस.ई.)
**श्रवण सिंह** प्रबन्धक
इंद्रा नगर (चुनार रोड), राजगढ़, मीरजापुर

76th HAPPY REPUBLIC Day
हार्दिक शुभकामनायें
आयुष्मान भारत के तहत स्वास्थ्य लाभ निःशुल्क
डॉ० बी० मौर्या
**विश्वास सर्जिकल हास्पिटल**
ददरा, राजगढ़, मिर्जापुर- उ०प्र०
मो०- 9118739746, 9454489746, 8853609746

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**आनन्द कुमार सिंह**
(अवर अभियन्ता)
ग्रामीण अभियंत्रण विभाग
विकास खण्ड राजगढ़, मीरजापुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**विद्याशंकर सिंह**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत कोठिलवां
वि.ख. राजगढ़, मीरजापुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**दुखरन सिंह**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत - बलुआ बजाहुर
वि.ख. राजगढ़, मीरजापुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**गुलाब मौर्य**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत-कूड़ी
वि० ख० राजगढ़, मीरजापुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**आशीष जायसवाल**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत - राजगढ़
विकास खण्ड राजगढ़, मीरजापुर

समस्त जनपदवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**गजेन्द्र प्रताप सिंह**
(सोनू पटेल)
ब्लाक प्रमुख
विकास खण्ड - राजगढ़, मीरजापुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**जितेन्द्र कुमार**
(मुन्ना यादव) समाजसेवी
प्रधान पति - धौरहां
वि.ख. राजगढ़, मीरजापुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**सौरभ पाण्डेय**
ग्राम विकास अधिकारी
**आशीष गुप्ता**
ग्राम विकास अधिकारी
वि.ख. राजगढ़, मीरजापुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**अजय कुमार**
समाजसेवी
ग्राम प्रधान- मीटी
वि.ख. राजगढ़, मीरजापुर

समस्त ग्राम वासियों
को गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
**कालिन्दी देवी**
ग्राम प्रधान-रामपुर बरहों
वि.ख.राजगढ़, मीरजापुर
सत्यमेव जयते
**अरूण कुमार सिंह**
ग्राम प्रधान प्रतिनिधि
रामपुर बरहों, वि.ख.राजगढ़, मीरजापुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**प्रकाश चन्द्र दूबे**
ग्राम विकास अधिकारी
वि.ख. राजगढ़, मीरजापुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**नसरुद्दीन खान**
ग्राम पंचायत अधिकारी
वि.ख. राजगढ़, मीरजापुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**राहुल सिंह**
सचिव
वि.ख. राजगढ़, मीरजापुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**वीरेन्द्र प्रताप वर्मा**
खण्ड विकास अधिकारी
वि.ख. राजगढ़, मीरजापुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**राहुल सिंह**
सचिव
वि.ख. जमालपुर, मीरजापुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**आशुतोष पाठक**
ग्राम विकास अधिकारी
वि.ख. राजगढ़, मीरजापुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**आलोक कुमार सिंह**
सचिव
वि.ख. राजगढ़, मीरजापुर

# गणतंत्र दिवस : सोनांचल में शान से लहराया तिरंगा, निकली प्रभातफेरी

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** जिले में गणतंत्र दिवस समारोह विविध कार्यक्रमों के बीच रविवार को हर्षोंल्लास से मनाया गया। सरकारी, गैर सरकारी, शिक्षण संस्थानों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों में ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी गयी। वहीं देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सपूतों एवं सेनानियों को नमन किया गया। इस दौरान विद्यालयों के बच्चों ने प्रभातफेरी निकाली, जिसमें सजी झांकिया आकर्षण का केंद्र रहीं। इस क्रम में कलेक्ट्रेट में डीएम बीएन सिंह ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी।

प्रसन्नता

## अमर शहीदों को किया गया नमन आयोजित हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

## राज्यमंत्री ने पुलिस लाइन में पुलिस परेड की ली सलामी, सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों को किया सम्मानित

वहीं पुलिस लाइन चुर्क में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री संजीव गोड़ ने 9:30 बजे पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड में ध्वजारोहण, राष्ट्रगान कर शांति के प्रतीक सफेद कबूतर व गुब्बारा आसमान में छोड़ने के पश्चात परेड का निरीक्षण कर सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि देश के वीर सपूतों ने अपने प्राण न्यौछावर कर देश को आजादी दिलायी। जो हमारे देश के लिए गौरव का विषय है। कहा कि उनकी कड़ी मेहनत व संघर्ष का परिणाम है कि आज हम गणतंत्र दिवस को उत्सव के रूप में मना रहे हैं। उन्होंने गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस अधिकारियों/कर्मियों को संविधान संकल्प दिलाया। मुख्य अतिथि द्वारा सभी परेड कमाण्डरों का परिचय प्राप्त किया गया तथा सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विभिन्न स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गयी। जनपद न्यायाधीश रवीन्द्र बिक्रम सिंह, डीएम बीएन सिंह को एसपी अशोक कुमार मीणा ने स्मृतिचिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख चोपन लीला देवी, कालू सिंह, सहदेव कुमार मिश्र, रोहित यादव, अश्वनी कुमार सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।



चुर्क पुलिस लाइन में सीओ को सम्मानित करते राज्यमंत्री संजीव गोड़







## एनटीपीसी सिंगरौली में समारोहपूर्वक मना गणतंत्र दिवस

**शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली सुपर थर्मल पावर स्टेशन में गणतंत्र दिवस समारोह का भव्य आयोजन स्थानीय जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में किया गया। मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुख राजीव अकोटकर ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर ध्वज को सलामी दी। इसके बाद परेड का निरीक्षण किया गया, जिसमें एनटीपीसी सिंगरौली के परिसर में स्थित समस्त विद्यालयों के बच्चे सम्मिलित हुए एवं सभी ने सीआईएसएफ जवानों के साथ कदमताल कर मनमोहक परेड की प्रस्तुति की। परियोजना प्रमुख ने भारत की आजादी में राष्ट्र नायकों के अतुलनीय योगदान से प्रेरणा ग्रहण करते हुए उपस्थित जनों से आग्रह किया कि वे राष्ट्र निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करते रहें। इसके बाद बाल भवन, डा. अंबेडकर स्कूल, विवेकानंद स्कूल, जीआईसी स्कूल एवं सेंट जोसेफ स्कूल के बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति किया गया। परियोजना में कार्यरत कर्मठ कर्मचारियों, सीआईएसएफ कर्मी, संविदाकर्मी तथा अन्य सहयोगी जनों को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के कर-कमलों द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस क्रम में मुख्य अतिथि ने संजीवनी चिकित्सालय में मरीजों को फल वितरित किया। एनटीपीसी के प्लांट सेवा भवन पार्क, प्रशासनिक भवन, टाइनि टोट्स स्कूल, मनोरंजन केंद्र, अंबेडकर विद्यालय में भी राष्ट्रीय ध्वज सम्मानपूर्वक फहराया गया। इस मौके पर जोसेफ बास्टियन, गोपाल दत्त, सिद्धार्थ मण्डल, पीयूषा अकोटकर समेत तमाम लोग मौजूद रहे।



**गांधी प्रतिमा पर किया माल्यार्पण: सोनभद्र।** डीएम बीएन सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित गांधी उद्यान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी प्रतिमाा पर माल्यार्पण कर नमन करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

**न्यायालय परिसर में लहराया तिरंगा: सोनभद्र।** गणतंत्र दिवस पर रविवार को राबर्ट्सगंज स्थित जनपद न्यायालय परिसर में तिरंगा लहराया। जनपद न्यायालय भवन पर जनपद न्यायाधीश रविन्द्र विक्रम सिंह ने ध्वजारोहण किया। सोनभद्र बार एसोसिएशन भवन पर अध्यक्ष अरुण कुमार मिश्र व डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन भवन पर अध्यक्ष जगजीवन सिंह ने ध्वजारोहण किया। मौके पर न्यायिक अधिकारी, कर्मचारी, प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी, अधिवक्ता, मुंशी आदि मौजूद रहे।

















# कार्यालय मुख्य चिकित्साधिकारी सोनभद्र

पत्रांक मु.चि.अ./विज्ञ. स्व. दिवस/2024-25/106 | दिनांक 20 जनवरी 2025

## शुभकामना संदेश एवं अपील

**चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, सोनभद्र की तरफ से 26 जनवरी 2025 76वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। जनपद के स्वास्थ्य विभाग द्वारा समस्त जनपदवारियों से निम्न अपील की जाती है-**

1. स्वास्थ विभाग द्वारा चलाये जा रहे सघन 100 दिवसीय क्षयरोग अभियान के अन्तर्गत जनपद को टी०बी० (क्षयरोग) से मुक्त करने में आप सभी जनपदवासी अपना सहयोग दें। जिस किसी भी व्यक्ति को लगातार दो सप्ताह से ज्यादा अवधि से खासी आ रही हो, बुखार आ रहा हो, रात में पसीना आ रहा हो, वजन घट रही हो, भूख न लग रही हो, खून आ आ रहा हो, सीने में दर्द रहता हो, सांस फूलती हो, अथवा बांझपन की समस्या हो, ऐसे सभी व्यक्ति तत्काल स्वास्थ्यकर्मियों से सलाह लें और निःशुल्क जांच, उपचार एवं जांच में क्षयरोग की पुष्टि होने पर प्रतिमाह रू. 1000/- की दर से 06 माह तक पोषण भत्ता का लाभ उठायें। जोखिम युक्त व्यक्ति जैसे 60 वर्ष से ज्यादा के व्यक्ति डायबिटीज के मरीज, नशा करने वाले टीबी पीडित व्यक्ति के परिवार के सदस्य या टीबी की पूर्व में दवा कर चुके व्यक्ति के परिवार के सदस्य, एच०आई०वी० से पीड़ित व्यक्ति के परिवार के सदस्य, अपना निःशुल्क जांच अनिवार्यरूप से करायें। टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में निःशुल्क उपचार सुविधा का लाभ लेते हुए टी०बी० मुक्त भारत अभियान में सहयोग दें।
2. प्रत्येक पुरुष, महिला व बच्चों को स्वस्थ रखने के लिए व्यक्तिगत साफ-सफाई के साथ-साथ अपने आस-पास रखें। मच्छरदानी का प्रयोग अनिवार्यरूप से करें।
3. अयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत वर्ष 2011 के जनगणना के आधार पर सामाजिक आर्थिक एवं जातिगत चिन्हित पात्र परिवारों, लेबर कार्ड धारक व अन्त्योदय योजना कार्ड धारक को को प्रतिवर्ष 05 लाख रुपए तक का मुफ्त ईलाज सूचीबद्ध सरकारी एवं प्राईवेट चिकित्सालयों द्वारा प्रदान किया जाता है। दिनांक 01 जनवरी 2024 को आधार कार्ड के अनुसार 70 वर्ष पूर्ण कर चुके वरिष्ठ नागरिक नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर जाकर आयुष्मान कार्ड बनवायें। पंजीकृत परिवार अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहे किसी भी प्रकार के रोग को अनदेखा न करें तथा आवश्यकतानुसार चिह्नित चिकित्सालय में समुचित उपचार निःशुल्क करायें। इस हेतु आयुष्मान भारत की सर्वे टीम को पूर्ण सहयोग करें।
4. प्रत्येक मास की 01, 09, 16 व 24 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अन्तर्गत सभी ब्लॉक स्वास्थ्य केन्द्र एवं जिला संयुक्त चिकित्सालय में कुशल चिकित्सकों द्वारा गर्भवती की जांच की जाती। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत गर्भवती माताओं की जांच अवश्य करायें जिससे कि खून में हीमोग्लोबिन की कम मात्रा को पूरा करते हुए, हाईरिस्क प्रिग्नेंसी अथवा जोखिम प्रसव से बचाव करते हुए, जच्चा-बच्चा को स्वस्थ्य रखें।
5. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के एन०सी०डी० कार्यकम के अन्तर्गत, 30 वर्ष से ऊपर का प्रत्येक व्यक्ति स्वास्थ्य विभाग के आयुष्मान आरोग्य मंदिर/प्रा०स्वा०केन्द्र / सानु०स्वा० केन्द्र एवं जिला अस्पताल में जाकर निःशुल्क ब्लड प्रेशर एवं मधूमेह (सुगर) की जांच करायें एवं चिकित्सकीय सलाह लेकर दवा लें। इसके साथ ही मुख कैंसर, स्तन कैंसर ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर की निःशुल्क जांच कराकर सलाह लें। एन०सी०डी० काउन्सलर से मुख रोग से बचाव हेतु आवश्यक सलाह एवं उपचार प्राप्त करें।
6. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत निःशुल्क प्रसव, जननी शिशु सुरक्षा योजना के अन्तर्गत गर्भवती व प्रसूता को निःशुल्क सेवा लाभ, राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यकम में बच्चों को सभी आवश्यक टीका, परिवार को सीमित रखने के लिए स्थायी व अस्थायी विधि एवं जिला संयुक्त चिकित्सालय पर निःशुल्क मोतियाबिन्द आपरेशन व अन्य सेवायें दी जाती है। इस हेतु अपने नजदीकी स्वास्ख्य केन्द्र अथवा आशा/ए०एन०एन० बहन से सम्पर्क स्थापित करके लाभ उठायें।
7. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत जिला संयुक्त चिकित्सालय में संचालित एन०आर०सी०-पोषण पुनर्वास केन्द्र एस०एन० सी०यू०-नवजात शिशु देखभाल केन्द्र तथा सभी ब्लाक केन्द्र पर एन०बी०एस०यू० में नवजात शिशु का प्राथमिक उपचार व देखभाल निःशुल्क करायें।
8. कोल्ड वेव से बचाव जाड़े के मौसम में वायरस जनित रोग (इन्फ्लुयेंजा लाईक इलनेस, लक्षण सर्दी, खांसी, जुकाम छींक व बुखार आना) से घबराये नहीं। मास्क और रूमाल का प्रयोग करें। भीड़-भाड़ वाली जगह न जायें। लगातार सान्त फूलने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर जाकर, सलाह एवं उपचार लें।
9. टीकाकरण कार्यक्रम के दौरान बच्चों का टीकाकरण करवाना सुनिश्चित करें। नियमित आयोजित होने वाले वी०ए०एस०एन०डी सत्र में जाकर, समस्त बच्चों / गर्भवतियों का टीकाकरण अनिवार्यरूप से करायें।



डा. अश्वनी कुमार
मुख्य चिकित्सा अधिकारी
सोनभद्र






श्री बी०एन० सिंह
(आई०ए०एस०) जिलाधिकारी
सोनभद्र

# डीएम ने अधिकारियों को दिलायी दायित्व निर्वहन की शपथ

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बीएन सिंह ने गणतन्त्र दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट प्रांगण में ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान के बाद संविधान में उल्लिखित संकल्प का स्मरण कराया। डीएम ने कहा कि राष्ट्रीय पर्व से अच्छे विचारों का संचार होता है और नई ऊर्जा मिलती है। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों का आहवान किया कि अपने दायित्वों को निभाने में परोपकार की भावना रखें और अपने पद पर रहते हुए बेहतर कार्य करते हुए नागरिकों को अपना योगदान अवश्य दें।

उन्होंने अधिकारियों से पात्रों तक योजनाओं को पहुंचाने की अपील की। कहा कि सरकारी सेवा में जो व्यक्ति जहां भी है पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ अपने दायित्वों को जन सेवा की भावना से निभाते हुए अमर शहीदों व राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाये। इस मौके पर डिप्टी कलेक्टर मुख्यालय प्रमोद तिवारी, वरिष्ठ कोषाधिकारी इन्द्रभान सिंह, रामलाल यादव, राजेश उपाध्याय, बाबूलाल, राम आधार, राजीव शुक्ला, कन्हैया लाल समेत तमाम लोग उपस्थित रहे। संचालन सुरेश पाठक ने किया।



कलेक्ट्रेट में कर्मियों को शपथ दिलाते डीएम बीएन सिंह

### संत जोसेफ में कार्यक्रमों ने बांधा समा

**शक्तिनगर।** एनटीपीसी के आवासीय परिसर स्थित संत जोसेफ स्कूल में बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के साथ गणतंत्र दिवस समारोह को उल्लासपूर्ण ढंग से मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि शिक्षिका बेबी जॉर्ज व प्रधानाचार्य फादर डा. विंसेंट परेरा ने ध्वजवंदन करते हुए राष्ट्रध्वज को सलामी दी। सौम्या एवं श्रेया ने भाषण प्रस्तुत किया। वहीं बच्चों द्वारा देशभक्ति पर आधारित मेरा मुल्क मेरा देश गीत की प्रस्तुति दी गई। इसके अलावा छात्रों ने देशभक्तिपरक काव्यपाठ कर उपस्थित लोगों को रोमांचित कर दिया। प्रधानाचार्य ने कहा कि हमें केवल अपने अतीत को नहीं अपितु अपने भविष्य को भी उज्वल बनाने हेतु प्रयत्नशील रहना है। राष्ट्र के उन अमर बलिदानियों की शहादत को सदैव ही याद रखना चाहिए और पूर्ण सत्यनिष्ठा, ईमानदारी तथा दृढ़संकल्प के साथ आत्मोन्नति के मार्ग पर अग्रसर होते रहना चाहिए। संचालन अन्या श्रीवास्तव तथा स्नेहा ने किया। इस मौके पर शुभम, लक्ष्य, कनिष्क, अर्णव समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

## एमवीएम स्कूल में विविध आयोजनों के बीच मना गणतंत्र दिवस

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** मां वैष्णो मॉडर्न पब्लिक स्कूल प्रांगण में गणतंत्र दिवस के अवसर पर विद्यालय का हर कोना तिरंगे की शान में सजा हुआ था। प्रबंधक रमा शंकर दुबे और प्रधानाचार्य सत्य देव कुमार श्रीवास्तव ने ध्वजारोहण कर समारोह का आरंभ किया। जैसे ही तिरंगा आसमान में लहराया, राष्ट्रगान की गूंज ने हर दिल में देशप्रेम का ज्वार भर दिया। यह क्षण मानो हर किसी को अपने राष्ट्र की महानता का स्मरण करा रहा था। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शृंखला शुरू हुई।

छात्रों ने हमारा संविधान पर आधारित नाटक के माध्यम से संविधान की गरिमा और उसकी शिक्षाओं को सजीव कर दिया। प्रयागराज महाकुंभ पर प्रस्तुत नृत्य ने भारत की सांस्कृतिक धरोहर का अद्भुत चित्रण किया, तो वहीं पर्यावरण जागरूकता पर आधारित कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि प्रकृति का संरक्षण ही भविष्य की कुंजी है। सारे जहां से अच्छा और वंदे मातरम जैसे गीतों पर हुए नृत्य ने पूरे वातावरण को भावविभोर कर दिया। प्रधानाचार्य ने छात्रों को संविधान के आदर्शों को आत्मसात करने और देश सेवा के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा दी। प्रबंधक ने अनुशासन, शिक्षा और प्रकृति के महत्व पर अपने विचार रखे और छात्रों को एक आदर्श नागरिक बनने का संदेश दिया। समापन वंदे मातरम के सामूहिक गायन और भारत माता की जयकारों के साथ हुआ। इस मौके पर उमाकांत शुक्ला, संजय पाण्डेय, रीति अग्रहरी, नीरंजनी मिश्रा, दूध नाथ शर्मा, आकाश श्रीवास्तव, अशोक कुमार, विशेष कुमार पाठक, ऋचा पाण्डेय, अजय पाण्डेय, केएन मिश्रा, कृष्णा मिश्रा समेत तमाम लोग मौजूद रहे।



ध्वजारोहण के पश्चात तिरंगे को सलामी देते प्रबंधक रमाशंकर दूबे व अन्य

# ग्रासिम इण्डस्ट्रीज में मना गणतंत्र दिवस

जनसंदेश न्यूज

**रेनुकूट।** ग्रासिम इण्डस्ट्रीज लिमिटेड के खेल मैदान पर गणतंत्र दिवस का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि संस्थान के ईकाई प्रमुख मनीष गर्ग की उपस्थिति में मुख्य सुरक्षा अधिकारी राजेश सिंह एवं सुरक्षा विभाग के जवानों द्वारा आयोजित परेड मार्च के अलावा केसरी देवी विद्या मंदिर,प्ले स्कूल तरंग महिला मंडल, कानोरिया कम्पोजिट विद्यालय तथा मित्र मंडल प्राथमिक विद्यालय के विद्यालयों के बच्चों की टोलियों के निरीक्षण के बाद ध्वजारोहण किया गया। विद्यालयों के बच्चों द्वारा विभिन्न व्यायाम एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। सुरक्षा विभाग के जवानों द्वारा राष्ट्रध्वज को सलामी दी गयी। मुख्य अतिथि बताया कि हम सभी को आपस में मिलकर कारखानें में जीरो हार्म एवं सुरक्षा नियमों का पालन करते हुये कार्य करना चाहिये। वहीं वभिन्न स्पोर्ट कार्यक्रमों, कल्चर प्रोग्राम एवं संस्थान में बीते वर्ष किये गये सराहनीय कार्य पुरस्कार विजेता-उपविजेताओं को मुख्य अतिथि के अलावा आरके पाठक, राजीव दुबे, विकास माहेश्वरी, राकेश सिंह, ज्योत्सना सिंह के संयुक्त प्रयास से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के समापन पर संस्थान के मानव संसाधन प्रमुख राजीव दुबे ने धन्यवाद ज्ञापित किया।



ग्रासिम में झंडे को सलामी देते मुख्य अतिथि इकाई प्रमुख

### श्रीएकेडमी में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को किया गया नमन

**सोनभद्र।** श्री एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 76वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि प्रबंध निदेशक डा. अनिल पांडे, प्रबंधक अजय पांडे, राहुल कुमार ओझा प्रधानाचार्य पसही कला, गणेश गोस्वामी प्रधानाचार्य नगर शाखा ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान के पश्चात विद्यालय प्रांगण स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों जयकारों से गुंजायमान हो गया। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत-गान एवं रंगारंग कार्यक्रम के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत भारत की बेटी कार्यक्रम देखते ही बन रहा था। प्रबंध निदेशक एवं प्रबंधक ने स्वतंत्रता संग्राम की चर्चा करते हुए सेनानियों को याद किया। कहा कि देश का हर व्यक्ति ईमानदारी से कर्तव्यपरायणता होकर अपना कार्य करे, जिससे देश का विकास हो। प्रधानाचार्य राहुल कुमार ओझा ने आगामी होने वाले बोर्ड परीक्षाओं के लिए छात्रों को शुभकामनाएं भी। इस दौरान प्रतिभाशाली छात्रों को पुरस्कृत किया गया। संचालन शिक्षिका सौम्या सिंह ने किया। इस मौके पर मोहम्मद आदिल, राकेश त्रिपाठी, श्याम नारायण पाठक, विजेंद्र पाण्डेय, राघव मणि मिश्रा, नीलम त्रिपाठी, प्रियंका पांडे, अक्षय कुमार, आशुतोष सोनी, इंद्रजीत शर्मा, अर्जुन सिंह, प्रतीक्षा, प्रिया गुप्ता, बसंत, सतीश, बृजेश समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

# हिण्डाल्को में उल्लासपूर्वक मना गणतंत्र दिवस समारोह

जनसंदेश न्यूज

**रेणुकूट।** हिण्डाल्को में 76वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। फुटबॉल मैदान पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुखिया समीर नायक ने आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल, आदित्य बिड़ला इंटर कॉलेज, रेणुकूट के बच्चों द्वारा प्रस्तुत बैण्ड की धुनों पर कर्नल रोहित शर्मा सेनि., देवेन्द्र ओंकार सेनि. के नेतृत्व में एनसीसी कैडेट्स व सुरक्षा जवानों के परेड की सलामी ली तथा तिरंगा फहरा कर सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। मुख्य अतिथि ने सभी महापुरुषों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, अमर शहीदों व जवानों को नमन करते हुए कहा कि हमें उनकी कुर्बानियों को याद करते हुये यह शपथ लेनी होगी कि हम पूरी मेहनत, निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपने-अपने क्षेत्र में श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए देश और संस्थान की तरक्की में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे और शहीदों को यही हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

एबीपीएस, एबीआईसी, हिण्डाल्को प्राइमरी स्कूल यूनिट-2 व यूनिट-3, महिला मंडल स्कूल के बच्चों द्वारा देश-प्रेम से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। वहीं प्लांट की ओर से समसामयिक विषयों पर झांकी भी निकाली गई। अंत में रस्साकसी प्रतियोगिता का आयोजन कॉमर्शियल विभाग एवं रिडक्शन प्लांट की टीम के मध्य किया गया जिसमें रिडक्शन प्लांट की टीम विजेता रही। वहीं विभिन्न विभागों, कर्मचारियों तथा अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय तथा राज्य स्तर पर श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को उनकी विशिष्ट उपलब्धियों के लिए मुख्य अतिथि व उनकी धर्मपत्नी मधुमिता नायक, मानव संसाधन प्रमुख जसबीर सिंह, रिडक्शन हेड जयेश पवार, अजय सिन्हा, विवेक कुमार, उज्ज्वल केश, रवि गुप्ता व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पुरस्कारों से सम्मानित किया। संचालन वेद प्रकाश तथा एवं धन्यवाद ज्ञापन अजय सिन्हा ने किया। वहीं वरिष्ठ अधिकारियों ने हॉस्पिटल पहुंच कर वॉर्ड में भर्ती मरीजों के मध्य फल वितरित किया। सीएमओ डा. नीलम त्रिपाठी ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।



रेणुकूट में समारोह को संबोधित करते मुख्य अतिथि समीर नायक

# डम्पर-ट्रेलर की भिड़ंत में एक की मौत, दो गंभीर

जनसंदेश न्यूज

**बीजपुर।** बभनी थाना क्षेत्र के नधिरा गांव के पास सोमवार को रिहन्द परियोजना के राख बंधे से राख लेकर जा रहे डम्फर ट्रेलर में टक्कर मार दी। इस हादसे में एक चालक की मौके पर ही मौत हो गयी, वहीं दो अन्य केबिन में फंसकर गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को पीएम के लिए दुद्धी सीएचसी भेज केबिन में फंसे दो घायलों को निकलवाकर उपचार के लिए भेजवाया।

बताया गया कि ट्रेलर ट्रक पंजाब से बीजपुर रिहंद प्लांट में पाइप लेकर आ रहा था। वहीं बीजपुर से राख लोड कर आश्रम मोड़ की ओर डम्फर जा रहा था। ग्रामीणों की मानें तो गलत दिशा से आ रहे राख लदे डम्फर ने ट्रेलर में टक्कर मार दिया, जिससे एक की मौत हो गयी। वहीं केबिन में फंसे घायजों को पुलिस ने रेस्क्यू कर नजदीकी हॉस्पिटल भेजवाया, जहां दोनों की हालत गम्भीर है। पुलिस गैस कटर की मदद से ट्रक काटकर यातयात को बहाल करने में जुटी रही। बताते चलें कि राख लेकर काल के समान सड़क पर दौड़ रही हाइवा से यह पहला हादसा नही है, अब तक इस सड़क पर सैकड़ों लोगों की मौत हो चुकी है, तो दर्जनों लोग अपाहिज होकर खाट तोड़ रहे हैं। इंस्पेक्टर अखिलेश मिश्रा ने कहा एक की मौत की सूचना है। बचाव कार्य शुरू कर यातायात बहाल करा दिया गया।

### टीपर से टकराया सीओ का वाहन, कोई हताहत नहीं

**ओबरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत बिल्ली चढ़ाई के समीप सोमवार को क्षेत्राधिकारी चारू द्विवेदी की बोलेरो एक टीपर वाहन से टकरा गयी। इसके चलते बोलेरो का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। संयोग अच्छा रहा कि घटना में सीओ बाल बाल बच गयी। वही उनके चालक को कुछ चोट आई है। घटना की जानकारी होते ही ओबरा सीओ डॉ हर्ष पांडेय, थाना प्रभारी राजेश कुमार सिंह समेत कई पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे गये। पुलिस द्वारा उक्त टीपर को थाने में लाकर खड़ा कर दिया गया। खदान क्षेत्र में चलने वाले वाहनों से एक माह में यह तीसरी घटना है। इसके पूर्व एक सब्जी बेचने वाली महिला और एक अल्ट्राकेट कम्पनी में ड्यूटी करने वाले युवक भी तेज रफ्तार टीपर की चपेट में आकर घायल हो चुके हैं। लोगों ने खनन विभाग के अधिकारियों तथा पुलिस विभाग से मांग किया है कि खनन क्षेत्र में चलने वाले टीपर की तेज रफ्तार पर रोक लगाये जाने के साथ वाहनों की गति सीमा भी निर्धारित की जाए। अन्यथा किसी के साथ भी बड़ी दुर्घटना होने से इनकार नहीं किया जा सकता है।

## पीडीए के लोगों का हक लूट रही सरकार: रिजवी

**सिकंदरपुर।** विधायक मो. जियाउद्दीन रिजवी के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ताओं ने सोमवार को मासूमपुर में पीडीए जागरूकता अभियान की शुरूआत किया। विधायक मो. जियाउद्दीन रिजवी ने कहा कि भाजपा सरकार पीडीए के लोगों का हक लूट रही है। भाजपा सरकार में सरकारी नौकरी नहीं निकाली जा रही है। कही सरकारी पदों पर भर्ती की जा रही है तो पीडीए के लोगों का हक लूटने के लिए बैक डोर से भर्ती की जा रही है, ताकि पीडीए के लोगों को आरक्षण न देना पड़ जाए। चारों तरफ लूट मची है। महंगाई अपने चरम सीमा को पार कर चुकी है। भ्रष्टाचार का बोलबाला है। किसान, नौजवान, विद्यार्थी, मजदूर, मध्यम वर्ग सब परेशान है। इस मौके पर रामजी यादव, गुरुजलाल राजभर, रिंकू पांडे, देवनारायण यादव, हृदय यादव, हरेकृष्ण पासवान, संजय यादव, भीष्म यादव, राजकुमार वर्मा, राणा प्रताप यादव आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता ब्रह्मा नंद यादव प्रधान एवं संचालन वीर बहादुर वर्मा ने किया।

# डाला में गणतंत्र दिवस पर सम्मानित हुए मेधावी



मार्च पास्ट की सलामी लेते अल्ट्राटेक प्रमुख

**डाला।** नगर क्षेत्र व आसपास के सभी सरकारी, अर्द्ध सरकारी, निजी संस्थाओं, शिक्षण संस्थानों समेत अल्ट्राटेक सीमेंट लि. में रविवार को 76वां गणतंत्र दिवस समारोह ध्वजारोहण कर धूम-धाम से मनाया गया। नगर पंचायत कार्यालय में अध्यक्ष फुलवंती कुमारी, अल्ट्राटेक हेलीपैड मैदान में इकाई प्रमुख संदीप हिवरेकर, सेंट जेवियर्स पब्लिक स्कूल में डायरेक्टर जितेन्द्र कुमार, चेयरमैन धर्मेंद्र कुमार, प्रिंसिपल प्रसंजीत सिंह, बनवासी पीजी कालेज के प्रबंधक अजीत कुमार दुबे, सरस्वती विद्या मंदिर में प्रबंधक मनोज तिवारी, गुरमुरा स्थित अटल आवासीय विद्यालय में प्रधानाचार्य बीके मंडल व पिपरी उपश्रमायुक्त एके सिंह, परासपानी केशवराम महाविद्यालय में प्रबंधक श्रीकांत त्रिपाठी ने ध्वजारोहण किया। अटल आवासीय विद्यालय प्रधानाचार्य ने बताया कि जनपद मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के 35 बच्चों ने प्रतिभाग कर योगा में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। नगर व कस्बों के शिक्षण संस्थानों मे गणतंत्र दिवस पर प्रभातफेरी व झांकी निकाली गई।

## दुद्धी में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस, लहराया तिरंगा



**दुद्धी।** तहसील मुख्यालय व आसपास के क्षेत्र में रविवार को गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही विभिन्न सरकारी एवं निजी विद्यालय के बच्चे रंग बिरंगे परिधानों में सज संवरकर प्रभातफेरी निकाली और पूरे जोश व उमंग के साथ देशभक्ति के नारे लगाए। तहसील मुख्यालय पर उपजिलाधिकारी निखिल यादव, न्यायालय में मुंसिफ मजिस्ट्रेट, दुद्धी बार एसोसिएशन, सिविल बार एसोसिएशन, कोतवाली में सीओ, खंड विकास डिग्री कालेज में प्राचार्य, राजकीय इंटर कालेज व बालिका इंटर कालेज में प्रधानाचार्य, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, नगर पंचायत, डीसीएफ चेयरमैन, विकास खण्ड, बघाडू वन रेंज कार्यालय समेत तमाम सरकारी, अर्धसरकारी कार्यालय, शिक्षण संस्थाओं पर उनके प्रमुख द्वारा झंडारोहण कर एकता व अखंडता का संदेश दिया गया।

## पंचायत सहायक को पांच वर्ष की कैद 20 हजार अर्थदंड

सोनभद्र। डेढ़ वर्ष पूर्व 15 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ हुए छेड़छाड़ मामले में अपर सत्र न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट सोनभद्र अमित वीर सिंह की अदालत ने सोमवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी पंचायत सहायक धर्मेंद्र कुमार को 5 वर्ष की कठोर कैद एवं 20 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि 20 हजार रुपये में से 15 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक विंढमगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता के चाचा ने 15 जुलाई 2023 को विंढमगंज थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि उसकी 15 वर्षीय नाबालिग भतीजी के साथ 11 जुलाई 2023 को सुबह 8 बजे पंचायत सहायक धर्मेंद्र कुमार पुत्र लालबिहारी भारती निवासी पकरी, थाना विंढमगंज, सोनभद्र कोचिंग जाते समय पंचायत भवन के पास पहुंची तो उसका हाथ पकड़ कर पंचायत भवन के अंदर ले गया और दरवाजा बंद करके छेड़छाड़ करने लगा। भतीजी के चिल्लाने पर दरवाजा खोल दिया और किसी से बताने पर जान मारने की धमकी दिया। तहरीर पर पुलिस एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। विवेचक ने सबूत मिलने पर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषीपंचायत सहायक को सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील दिनेश प्रसाद अग्रहरि, सत्य प्रकाश त्रिपाठी एवं नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

### सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यालयों पर फहराया तिरंगा

**बैरिया।** गणतंत्र दिवस पर क्षेत्र के सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यालयों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। बैरिया तहसील भवन पर एसडीएम सुनील कुमार, द्वाबा संस्कृत प्रचार समिति महाविद्यालय बैरिया में प्राचार्य डॉ. अरविंद कुमार राय, डा. लोहिया उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैरिया में प्रधानाध्यापक अरुण कुमार चौबे, आचार्य जेबी कृपलानी इंटर कालेज जमालपुर में प्रधानाचार्य कमलेश्वर प्रसाद यादव, बीएलडी इंटर कालेज बैरिया में प्रधानाचार्य गोपाल जी सिंह, महात्मा गांधी इंटर कालेज दलन छपरा में प्रबंधक कन्हैया सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसी क्रम में थाना बैरिया पर एसएचओ रामायण सिंह, थाना दोकटी पर एसएचओ वंश बहादुर सिंह, जयप्रकाश नगर में प्रभावती देवी प्रौद्योगिकी संस्थान में प्रधानाचार्य अशोक कुमार सिंह, नागाजी सरस्वती शिशु मंदिर में पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। वात्सल्य किड्स प्री-स्कूल रानीगंज में अधिवक्ता अजीत कुमार सिंह ने ध्वजारोहण किया। डायरेक्टर पंकज सिंह, पियूष सिंह, नीतू सिंह, खुशी तिवारी, सलोनी सिंह, अनिल श्रीवास्तव, उत्पति यादव, भीम साह, राकेश सिंह मौजूद रहे।

# नौकायन में दस नाविकों ने मारी बाजी

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** विधायक खेल कुंभ के तहत सोमवार को विभिन्न खेलों का आयोजन हुआ। इस दौरान सनबीम स्कूल में शूटिंग प्रतियोगिता तो शिवरामपुर गंगा नदी में नौकायन का आयोजन किया गया।

नौकायन का शुभारंभ नगर पालिका के चेयरमैन संत कुमार गुप्ता मिठाई लाल व परिवहन मंत्री के अनुज धर्मेंद्र सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया। प्रतियोगिता संगम घाट से जनेश्वर मिश्र सेतु तक हुआ, जिसमें कुल 40 नाविकों ने भाग लिया। प्रतियोगिता काफी रोचक हुआ, जिसमें नाविक नावों को आगे लेकर निकलने की होड़ में लगे रहे। गंगा घाट पर नौकायन प्रतियोगिता देखने के लिए काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। इस बीच अलग-अलग नावों पर सवार दस नाविकों ने प्रतियोगिता में बाजी मारी जिन्हें मेडल आदि देकर पुरस्कृत किया गया। इसमें विश्वंभर साहनी, लालदेव बिंद, रामसुंदर साहनी, सुखराम बिंद, साधु साहनी, सुदामा बिंद, पन्नालाल साहनी, श्यामसुंदर साहनी, भुआली साहनी व राजेश साहनी अपनी नावों के साथ अव्वल आए। चेयरमैन संत कुमार गुप्ता ने कहा कि इस तरह का आयोजन जिले में पहली बार हो रहा, जिससे नाविकों का काफी उत्साहवर्धन होगा। इससे एक नई तरह की उर्जा का संचार होगा। धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि खेल कुंभ का समापन 30 जनवरी को वीर लोरिक स्टेडियम में होगा जिसमें सभी अव्वल आए प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। आयोजन में प्रधान संजय यादव, अवनीश शुक्ल, अभिषेक सिंह, रणवीर सिंह, महेंद्र सिंह, अमरीश पांडेय आदि मौजूद रहे।

### जिला जज ने जरूरतमंदों की मदद के लिए अधिवक्ताओं को आगे आने की दी नसीहत

**बलिया।** उदास होने के लिए उम्र पड़ी है, नजर उठाओ सामने जिंदगी खड़ी है, अपने हंसी को होठों से न जाने देना, क्योंकि आपके मुस्कुराहट के पीछे दुनिया पड़ी है। उक्त उदगार जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमित पाल सिंह ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडा तोलन के उपरांत व्यक्त किया और अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बार एवं बेच एक ही पहिया के दो धुरी है जिसे बहुत संभल कर चलना होगा और इस समाज के जरूरतमंदों एवं दबे लोगों को न्याय के लिए आगे आना होगा। तभी स्वस्थ भारत की कल्पना की जा सकती है व स्वस्थ समाज की कल्पना किया जा सकता है। इसी के साथ अधिवक्ताओं एवं वादकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। न्याय की कामना की। जिला जज अमित पाल सिंह के साथ समस्त न्यायिक अधिकारी, कर्मचारी एवं सिविल व क्रिमिनल एंड रेवेन्यू बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मंडल तथा अधिवक्ता गण उपस्थित रहे। सिविल बार एसोसिएशन में अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दुबे ने झंडा तोलन किया और क्रिमिनल एंड रेवेन्यू बार एसोसिएशन में रणजीत कुमार सिंह ने झंडा तोलन किया।

## नि:शुल्क जांच शिविर का मरीजों ने उठाया लाभ



**बलिया।** डा.महेश्वर प्रसाद की स्मृति में प्रकाश डाइग्नोस्टिक सेन्टर चौक विजय सिनेमा रोड द्वारा निःशुल्क ब्लड, शुगर जांच का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य चिकित्साधिकारी डा.विजयपति द्विवेदी ने डा. महेश्वर प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण करने के बाद द्वीप प्रज्वलित करके किया।

कार्यक्रम के आयोजक श्रीप्रकाश गुप्ता ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर आरडी दुबे, श्रीप्रकाश गुप्ता, श्याम प्रकाश गुप्ता, परिवहन मंत्री के प्रतिनिधि धर्मेंद्र सिंह, डा. अनिल कुमार सिंह, डा.अमिता सिंह, ठाकुर प्रसाद, संजीव कुमार डंपु), आनन्द सिंह, मनोज श्रीवास्तव, एनके सिंह, देवेन्द्र राय, विजय बहादुर, केदार नाथ, सत्यदेव प्रसाद, शम्भु प्रसाद, सर्वदमन जयसवाल, अरविन्द, पवन, विनोद, जयप्रकाश जयसवाल, बिवेक राजे, अमित, अनिल, अजय कुमार उपाध्याय, रोशन जायसवाल आदि मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाया 76 वां गणतंत्र दिवस







**मऊ।** 76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र द्वारा कलेक्ट्रट प्रांगण में झण्डा रोहण किया गया। झंडारोहण के उपरांत जिलाधिकारी ने उपस्थित समस्त अधिकारियो एवं कर्मचारियो को संकल्प दिलाया कि ह्मह्महम भारत के लोग भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक आर राजनैतिक न्याय, विचार-अभियक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सबमें व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढाने के लिए दृढ़ संकल्प लेते है। इसके उपरान्त जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एक विचार गोष्ठी एवम् सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियो एवं कर्मचारियो को गणतंत्र दिवस की बधाइयां देते हुए संविधान के नैतिक मूल्यो को जीवन में अपनाने की बात कही। जिलाधिकारी ने कहा कि हमारा संविधान हमारे देश को एकता के सूत्र में बाधता है, हमारे देश में विभिन्न जातियॉ, धर्म एवं भाषाओ के लोग रहते है। जिला अधिकारी ने उपस्थित लोगों से संविधान में निहित मूल्यों को अपनी जीवन में भी शामिल करने की अपील की। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी प्रस्तुतीकरण किया गया। जिसके उपरांत जिलाधिकारी ने कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाला बच्चों को पुरस्कृत भी किया।

उक्त अवसर पर कलेक्ट्रेट के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर द्वारा विकास भवन परिसर में 76वां गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडारोहण किया गया। तत्पश्चात विकास भवन सभागार में एक गोष्ठी का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में की गई। गोष्ठी के दौरान मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय स्थापित करते हुए सबको गणतंत्र दिवस के अवसर पर बधाई दी गई। तथा उन्होंने कहा कि देश की आजादी तभी सार्थक होगी जब हम सब मिलकर देश के लिए सही कार्य करेंगे। अपना देश 76 वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। रिजर्व पुलिस लाईन, पुलिस अधीक्षक कार्यालय व समस्त थानों पर परंपरागत व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें पुलिस लाईन के परेड ग्राउंड स्थल पर भव्य परेड का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री एके शर्मा द्वारा झंडारोहण किया गया एवं उपस्थित सभी लोगों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनायें दी गयी, साथ ही समस्त पुलिस कर्मियों को उनके कर्तव्यों एवं दायित्वों का भलीभॉति निर्वहन करने हेतु भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक इलामारन जी द्वारा उपस्थित अधिकारी/ पुलिस अधिकारी/ कर्मचारीगणों का अभिनंदन व शुभकामनायें दी गयी तथा आभार प्रकट किया गया। इस अवसर पर जिला न्यायाधीश, जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र, एडीएम तथा जनपद के सम्मानित नागरिक मौजूद रहें।

दोहरीघाट संवाददाता के अनुसार गणतंत्र दिवस के अवसर पर ब्लॉक मुख्यालय पर क्षेत्र पंचायत प्रमुख प्रदीप कुमार राय उर्फ राजू राय थाने में थानाध्यक्ष प्रमेंद्र कुमार सिंह नगर पंचायत कार्यालय पर चैयरमैन विनय

**उत्सवी माहौल**

### पुलिस लाइन में कैबिनेट मंत्री एके शर्मा ने किया झंडारोहण

### डीएम द्वारा कलेक्ट्रेट प्रांगण में किया गया झण्डारोहण

कुमार जायसवाल ने झंडारोहण किया। पार्वती ग्रुप ऑफ कॉलेजेज दोहरीघाट के शैक्षिक संस्थानों पर संस्थापक लाल बिहारी द्विवेदी, विक्ट्री इंटर कालेज पर प्रधानाचार्य शशतानंद पाण्डेय, बाबू राम कैलाशी देवी महिला महाविद्यालय धनौली रामपुर पर प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार राय, सर्वोदय इंटर कॉलेज पर प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार राय, चैधरी कल्पू यादव इंटर कॉलेज पर प्रधानाचार्य मखडू यादव, पूर्वांचल रामलगन इंटर कॉलेज पर प्रधानचार्य शिवचंद प्रजापति, मुक्तिधाम सेवा संस्थान के प्रबंधक गुलाबचंद गुप्त, सरस्वती शिशु मंदिर पर प्रबंधक विनोद वर्मा, सरस्वती ज्ञान मंदिर में प्रधानाचार्य संजीव कुमार, किड्स ब्लूमिंग बड्स इंग्लिश मीडियम में प्रिंसीपल रुपा जायसवाल, श्री दुर्गा जी इंटर कॉलेज चिऊटीडाड में प्रधानाचार्य दिनेश कुमार ने झंडारोहड़ किया।

## आन-बान-शान से लहराया तिरंगा



**रेवती।** क्षेत्र के सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों, संस्थानों पर हर्षोल्लास के साथ झंडारोहण किया गया। नगर पंचायत कार्यालय रेवती पर जनसेवक कनक पांडेय की उपस्थिति में वरिष्ठ सभासद रामप्रकाश चौहान, ब्लाक मुख्यालय पर बीडीओ शकील अहमद, गोपाल जी महाविद्यालय पर प्रबंधक अशोक कुमार श्रीवास्तव, मनःस्थली एजुकेशन सेन्टर पर विद्यालय के डायरेक्टर अरूण प्रकाश तिवारी की उपस्थिति में संरक्षक सत्य प्रकाश तिवारी, शेमुषि विद्यापीठ पर प्रधानाचार्य संदीप राय, साईं पब्लिक स्कूल पर प्रबन्धक राम प्रवेश पाण्डेय की मौजूदगी में समाजसेवी सुरेश लाल, आरएनपी पब्लिक स्कूल पर प्रबंधक सुनीता पांडेय, साईं पब्लिक स्कूल पर समाजसेवी सुरेश लाल, संत विश्वनाथ दास बालिका विद्यालय पचरूखा पर डा. अशोक चतुर्वेदी, राजा शिशु शिक्षा निकेतन पर राणा योगेन्द्र विक्रम सिंह माण्डलू की उपस्थिति में डा. एसबी यादव, थाना पर थानाध्यक्ष रोहन राकेश सिंह, सीएचसी पर अधीक्षक डा. प्रवीण कुमार, पंचायत भवन विसनपुरा पर प्रधान अर्जुन सिंह चौहान, पंचायत भवन गायघाट पर प्रधान आशुतोष सिंह, जूनियर हाईस्कूल चौबेछपरा पर पूर्व प्रधान विरेश तिवारी ने ध्वजारोहण किया।

## बच्चों ने प्रस्तुत किया रंगारंग कार्यक्रम




**रसड़ा।** सेंट मेरिज स्कूल में गणतंत्र दिवस पर बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या मर्सी दास एवं प्रो. श्रीमती उर्मिला सिंह ने झंडा फहराया। नागाजी सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज रसड़ा में प्रबंधक संजय गुप्त, जगदीश सिंह, कौशल गुप्ता, गुलाब ने ध्वजारोहण किया। अतिथि परिचय व बैज अलंकरण प्रधानाचार्य राकेश अग्रहरि द्वारा सम्पादित किया गया। रणजीत सिंह ने समापन की घोषणा की।

## ध्वजारोहण कर तिरंगे को दी सलामी



**मझौवां।** गणतंत्र दिवस पर अमरनाथ मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय दूबे छपरा में प्राचार्य प्रो. गौरी शंकर द्विवेदी ने झंडारोहण किया। एनसीसी कैडेट्स की सलामी के बाद राष्ट्रगान हुआ। डॉ. शैलेन्द्र कुमार राय, प्रो. गीता, संजय कुमार मिश्रा, प्रो. ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह, प्रो. गोपाल पांडेय, डॉ. सुनील कुमार ओझा, प्रो. सत्येन्द्र मिश्र, डॉ. यशस्वी मिश्रा, विजय यादव, रविंदर ठाकुर, अनिल यादव मौजूद रहे। इधर, आदर्श इंटर कलेज मझौवां में प्रबंधक विनोद गिरी ने ध्वजारोहण किया। प्रधानाचार्य अनिल कुमार सिंह, विजय कुमार सिंह, रामसुमेर सिंह, शिवजी मिश्रा, विश्वनाथ सिंह, श्रीनाथ सिंह, कृपाशंकर सिंह यादव, धनंजय सिंह, श्यामविहारी सिंह, दिनेश्वर सिंह, रणजीत सिंह, अवधेश कुमार, राधा कृष्ण पाठक, कमलेश कुमार, राजेंद्र कुमार उपाध्याय, राजकुमार गुप्ता, बंशराज प्रसाद, विनीत कुमार, अजय राजभर, गीता यादव, अर्पित गुप्ता, विनयकांत चौबे, दिनेश पाठक, मांधाता सिंह, राकेश कुमार, भोला, दीपक मौजूद रहे। इसी क्रम में पीएन इंटर कालेज दुबे छपरा में प्रधानाचार्य सुधांशु प्रकाश मिश्रा उर्फ बबलू मिश्र, मदर टेरेसा कान्वेंट स्कूल पचरुखिया में विनोद सिंह, निर्भय नारायण सिंह, रविशंकर साधु जी एवं धर्मवीर सिंह ने ध्वजारोहण किया। प्रबंधक प्रेमकिशोर ने बच्चों में कापी, पेंसिल, पेन वितरित किया।

# बच्चों ने निकाली प्रभातफेरी सबने लगाये गगनभेदी नारे





**बेल्थरारोड।** खण्ड शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार सिंह के निर्देशन में स्कूल के बच्चों की प्रभातफेरी निकली गई। एसडीएम निशांत उपाध्याय, तहसीलदार संतोष शुक्ला मौजूद रहे। तहसील में एसडीएम निशान्त उपाध्याय ने ध्वजारोहण किया। तहसीलदार संतोष शुक्ला, नायब तहसीलदार दीपक कुमार सिंह, नायब तहसीलदार अनिल कुमार यादव मौजूद रहे। तहसील अधिवक्ता एसोसिएशन बेल्थरारोड कार्यालय पर शौकत अली, क्षेत्र पंचायत कार्यालय सीयर में ब्लाक प्रमुख आलोक सिंह ने ध्वजारोहण किया। एडीओ पंचायत मनोज सिंह, एडीओ आईएसबी मनीष कुमार सिंह, भूपेन्द्र चौधरी, चन्द्र प्रकाश मिश्रा, अबुल हसन मौजूद रहे। उभांव थाने पर कोतवाल विपिन सिंह, पुलिस चौकी सीयर पर उनि देवेन्द्र कुमार, पीएचसी सीयर पर अधीक्षक डा. राकेश कुमार सिंह ने ध्वजारोहण किया। डा. सतीश कुमार, डा. रणधीर सिंह, डा. संजय कुमार जायसवाल, डा. विक्रम सोनकर, डा. अरविन्द गुप्त, एके सिंह, रविन्द्र यादव, महेन्द्र तिवारी, चन्द्रभान यादव, उमेश कुमार शर्मा, दिनेश, पवन कुमार रावत, आकाश मौजूद रहे। इसी क्रम में सेंट जेवियर्स स्कूल पिपरौली, बिल्थरारोड में प्रबन्ध निदेशक डा. जेआर मिश्र तथा प्रिंसिपल शीला मिश्र ने संयुक्त रुप से ध्वजारोहण किया। लिटिल फ्लावर चिल्ड्रेन स्कूल किड़िहरापुर में भीमपुरा थानाध्यक्ष मदन पटेल ने ध्वजारोहण किया। प्रबन्धक गिरधर यादव, अखिलेश ठाकुर, प्रिंसिपल श्रीमती दीपापाल, मनुतोष, श्रीकान्त यादव, आस्था, बुलबुल, रफत, सीमा मौजूद रहे। एमएमडी पब्लिक स्कूल ससना बहादुरपुर में चेयरमैन प्रतीकराज सिंह ने ध्वजारोहण किया। पंचशील गोरा, प्रमोद, शत्रुधन, डा. वेदप्रकाश तिवारी, राकेश मिश्रा, सुमन्त कुमार सिंह, नयन श्रीवास्तव मौजूद रहे। नवजीवन इंग्लिस स्कूल में प्रिंसिपल ग्रेसी जोन, रेलवे स्टेशन बिल्थरारोड में स्टेशन अधीक्षक राजू कुमार भारती, कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी सीयर में खण्ड शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार सिंह, देवेन्द्र पीजी कालेज में प्राचार्य डॉ. हरेराम सिंह ने ध्वजारोहण किया था। डॉ. समरजीत सिंह, डा. उमेश कुमार सिंह, डा. पंकज कुमार प्रेम, डा. स्मिता सरोज, डा. रामप्रताप चौरसिया, अभय सिंह, विनोद सिंह मौजूद रहे। न्यू जेन इंस्टीट्यूट आफ कम्प्यूटर टेक्नोलाजी में मैनेजिंग डाईरेक्टर अवधेश प्रजापति ने ध्वजारोहण किया। आरबी चिल्ड्रेन वैली मुजौना तुर्तीपार में प्रबन्धक कृष्ण मोहन सिंह ने झंडारोहण किया। प्रिंसिपल शुभ्राकर्माकर, अभिषेक मिश्रा, अविनाश पाण्डेय उपस्थित रहे। एनएसडीएम माडल स्कूल चौकियां में प्रबन्धक प्रह्लाद कुमार ने ध्वजारोहण किया। ललित कुमार मौजूद रहे। जीएमएएम इण्टर कालज में प्रधानाचार्य मो. मोबीन ने ध्वजारोहण किया। आमिर शमशाद, दानिश मोहसिन, जमीउद्दीन खां, प्रमोद यादव, जीशान अहमद, सहुल उस्मानी मौजूद रहे। रामकिशुन खडानन्द इण्टर कालेज भदौरा तरछापार में प्रधानाध्यापक अरविन्द यादव ने ध्वजारोहण किया। देवराज इण्टर कालेज पशुहारी में विधायक जयप्रकाश अंचल एवं प्रधानाचार्य अभयेश मिश्र ने संयुक्त रुप से ध्वजारोहण किया। बरनवाल बैश्य अतिथि भवन पर बरनवाल सेवा समिति के अध्यक्ष पुरुषोत्तम बरनवाल ने ध्वजारोहण किया। अनुपम, योगेश्वर, प्रियाशु, अमित, विवेक, अनुप, शुभम, संदीप, गोपाल जी, घनश्याम, चन्द्रकांत, नागेश्वर, शक्ति, बैभव, रामविलाश मौजूद रहे। जिला सहकारी बैंक शाखा बेल्थरारोड तथा क्रय विक्रय समिति सीयर पर बैंक के डायरेक्टर रुद्रप्रताप यादव ने ध्वजारोहण किया। विद्युत उपखण्ड कार्यालय पर एसडीओ अनिल कुमार ने ध्वजारोहण किया। जेई जितेन्द्र कुमार मौजूद रहे। आश्रम गृह (वृद्धा आश्रम) बिल्थरारोड में प्रबन्धक संजीव कुमार ने तिरंगा फहराया। मां शांति देवी पीजी कालेज बहादपुर, हल्दीरामपुर में प्रबन्धक विजय कुमार यादव टुन्नू ने झंडारोहण किया। प्राचार्या डा. ज्ञान्ती यादव, सपना, संतोष, केदार, अनिल, कु. प्रीति मौजूद रहे। फतेह बहादुर सिह शिवशंकर सिंह पीजी कालेज ससना बहादुरपुर में उप प्रबन्धक विवक सिंह ने ध्जारोहण किया। स्व. केशव प्रसाद पीजी कालेज में प्राचार्य राजेन्द्र प्रताप सिंह ने ध्वजारोहण किया। न्यू सेन्ट्रल पब्लिक एकेडमी में प्रबन्धक सतीश दूबे ने ध्वजारोहण किया। प्रबन्ध निदेशिका मोनिका दूबे, प्रिंसिपल श्रीमती पूनम प्रसाद, आनन्द, ब्रजेश पाण्डेय मौजूद रहे।

## क्रांति 1942/ बलिया नाटक का मंचन

**बलिया।** संकल्प साहित्यिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था बलिया तथा उत्तर प्रदेशीय मिनिस्ट्रीयल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ जनपद शाखा बलिया के संयुक्त तत्वावधान में क्रांति 1942/ बलिया नाटक का मंचन किया गया। 18 अगस्त 1942 में हुए बैरिया शहादत, 16 अगस्त को बलिया सब्जी मंडी में गोली कांड जैसे दृश्य को देखकर दर्शक उद्वेलित हो उठे। जानकी देवी के नेतृत्व में बलिया कलेक्ट्रेट पर महिलाओं ने जब तिरंगा फहराया तो दर्शक दीर्घा तालियों से गूंज गया। 19 अगस्त 1942 को क्रांति मैदान से आजादी की घोषणा हुई तो भृगु बाबा की जयघोष से ड्रामा हाल गूंज उठा। मेकअप स्मिता पाण्डेय एवं ट्विंकल गुप्ता ने किया। लाइट डिजाइन किया निखिल ने। नाटक का लेखन और निर्देशन आशीष त्रिवेदी ने किया। इस मौके पर एडीएम देवेंद्र प्रताप सिंह, सीआरओ त्रिभुवन, एडीएम नमामि गंगे राजेश कुमार गुप्ता, सुशील त्रिपाठी, अजीत उपाध्याय, धर्मेन्द्र सिंह, सोनी तिवारी, डिप्टी कलेक्टर कृष्णकांत विश्वकर्मा, तहसीलदार निखिल शुक्ला, सहायक कोषाधिकारी धर्मनाथ गोस्वामी, भानु प्रताप सिंह, वेदप्रकाश पांडेय, डा. राजेन्द्र भारती, उपेन्द्र सिंह, सुनील यादव, डा. मनजीत सिंह, डा. कादम्बिनी सिंह, श्वेतांक सिंह, सुधीर चौबे, विद्यासागर उपाध्याय, प्रदीप यादव मौजूद रहे।

# सनबीम स्कूल बलिया में विधायक खेल कुंभ का हुआ भव्य आयोजन



**बलिया।** सनबीम स्कूल में 27 जनवरी को विधायक खेल कुंभ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें शतरंज, कराटे और शूटिंग खेल की प्रतियोगिता आयोजित की गई। यह कार्यक्रम बलिया नगर में राज्य के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के संरक्षण में आयोजित की गई थी। इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालय के विद्यार्थियों ने पूरे जोश एवं उत्साह के साथ आयोजित विभिन्न खेलों में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात कार्यक्रम में आए मुख्य अतिथि एडीएम बलिया देवेंद्र प्रताप सिंह एवं विशिष्ट अतिथि क्रमशः सीआरओ बलिया त्रिभुवन, धर्मेंद्र सिंह (रिप्रेजेंटेटिव ऑफ दयाशंकर सिंह), चेयरमैन नगरपालिका बलिया संतलाल गुप्ता को विद्यालय के निदेशक डॉ. कुंवर अरुण सिंह तथा प्रधानाचार्या डॉ. अर्पिता सिंह ने अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ से सम्मानित करते हुए उनका स्वागत किया।

### खेल के माध्यम से विद्यार्थियों को किया गया प्रोत्साहित

कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि यह आयोजन विद्यार्थियों के मानसिक और शारीरिक विकास को प्रोत्साहित करने के लिए किया गया है। खेल कूद से छात्रों में अनुशासन, एकता और संघर्षशीलता का विकास होता है, जो उनके उज्जवल भविष्य के लिए आवश्यक है। विद्यालय निदेशक डॉ. कुंवर अरुण सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि खेल एक विद्यार्थी के लिए उसकी संपूर्ण शैक्षणिक प्रगति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाता है। कार्यक्रम में निर्धारित खेल विद्यालय प्रांगण में अलग-अलग स्थानों पर कराए गए, जिसमें क्रीड़ार्थियों ने अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए उच्चतम स्थान प्राप्त किया। कराटे में अपनी प्रतिभा का परिचय का देते हुए सेक्रेड स्कूल की पलक गुप्ता, सनबीम स्कूल की श्रेय गुप्ता तथा सनबीम के वैभव गुप्ता ने प्रतियोगिता में सफलत अर्जित की। इसी क्रम में शूटिंग पिस्टल शूटिंग में अमन आनंद सिंह, लक्ष्य सिंह, आदित्य सिंह ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। रायफल शूटिंग में आरफ अली, पवन कुमार चौधरी और उज्जवल कुमार चौबे ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। शतरंज में भी विद्यार्थियों ने एक दूसरे को कड़ी चुनौती देते हुए खेल को जारी रखा। अंत में कार्यक्रम को सफलता से आयोजित कराने हेतु विद्यालय प्रशासक संतोष कुमार चतुवेर्दी ने सभी खेल प्रशिक्षकों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## संक्षेप

### सन राइज पब्लिक स्कूल में बच्चों को दिलायी शपथ





**सिकंदरपुर।** बालूपुर मार्ग स्थित सन् राइज पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। प्रबंधक आरपी गुप्ता ने ध्वजारोहण किया। तत्पश्चात बच्चों को शपथ दिलाई। इस मौके पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता बच्चों को सम्मानित किया गया।

### हर्षोल्लास से मनाया गया गणतंत्र दिवस







**सिकंदरपुर।** तहसील क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। तहसील परिसर में एसडीएम रवि कुमार, नपं कार्यालय सिकंदरपुर में चेयरमैन साबित्री देवी, थाना परिसर में थानाध्यक्ष विकास चन्द पाण्डेय, पुलिस चौकी सिकंदरपुर में चौकी प्रभारी ज्ञान प्रकाश तिवारी, ज्ञानकुंज सीनियर सेकेंडरी एकेडमी वंशी बाजार में प्रबन्धक डॉ. देवेन्द्र नाथ सिंह, सीएचसी सिकंदरपुर पर डा. व्यास कुमार, पीएचसी बघुड़ी पर डा. चन्दन विसेन, सीएचसी खेजुरी पर डा. रत्नेश कुमार, क्षेत्र पंचायत कार्यालय पर ब्लाक प्रमुख केशव चौधरी, राय डायग्रोस्टिक खेजुरी पर अनूप राय, इनक्रेडिबल पब्लिक स्कूल लिलकर में प्रबन्धक अजय मिश्रा, लिटिल फ्लावर अकेडमी सिकंदरपुर में प्रबंधक पंकज राय, सनराइज पब्लिक स्कूल में प्रबंधक आरपी गुप्ता, नवोदय आईटीआई तिलोली में प्रबंधक संतोष कुमार वर्मा, दारुल उलूम सरकारे आसी पर विधायक जियाउद्दीन रिजवी, गंगोत्री देवी इंटर कालेज सिकंदरपुर में प्रबंधक डॉ. नरेंद्र प्रसाद गुप्ता, स्वामीनाथ सिंह सुरेंद्र महाविद्यालय धर्मपुर, काजीपुर में प्रबंधक दिनेश सिंह, दादर डिग्री कालेज पर प्राचार्य डॉ. उदय पासवान, जीबीजी कान्वेंट स्कूल पर कमलेश यादव, नेहता में दयानंद, गरुकुल ज्ञान ज्योति पर मनोज यादव, जायसवाल कटरा पर संजय जायसवाल, पंचायत भवन चकप्रेमा उर्फ भट्टवाचक में ग्राम प्रधान उमेश कुमार, पंचायत भवन हुसैनपुर में क्षितिज प्रताप सिंह, बीज गोदाम में आकाश तिवारी, पंचायत भवन रुद्रावर पर प्रधान नामिता राय, पंचायत भवन चक भड़िकरा में प्रधान जेपी वर्मा, पंचायत भवन बनहरा में प्रधान प्रतिनिधि देवी प्रताप यादव, पंचायत भवन नरहनी तुर्कवालिया में प्रधान सोनू वर्मा, पंचायत भवन चाडी में प्रधान प्रतिनिधि मृत्युंजय कुमार, पंचायत भवन खटनगी मठ रामगीर में प्रधान अशोक वर्मा, पंचायत भवन जमालपुर में प्रधान अजीत कुमार सिंह, पंचायत भवन हरीपुर पर प्रधान प्रतिनिधि उपेन्द्र यादव, वार्ड नम्बर 11 में सभासद पिंटु पाठक, वार्ड नम्बर दो में सभासद सुनील कुमार, जायसवाल भवन पर अशोक जायसवाल, दिनेश वस्त्रालय पर राजेश कुमार, मोहिनी साड़ी महल पर ईश्वर चंद जायसवाल, अम्बे मोबाइल पर राहुल जायसवाल, श्रीवास्तव रेडीमेड पर कौशल श्रीवास्तव, शंकर इलेक्ट्रानिक पर गणेश शर्मा, मिलन वाटिका पर चंचल राय, पंदह में भारतेन्दु राय, अंश इंटरप्राइजेज नईबस्ती पर अशोक यादव, तहसील गेट के श्रीवास्तव भवन पर एडवोकेट सुधीर श्रीवास्तव, लेखपाल संघ सिकंदरपुर आफिस पर लेखपाल हुकुम सिंह, पवन पाण्डेय, सचिन यादव, अंकित फ्यूल स्टेशन काजीपुर पर पंचानंद सिंह, लक्ष्मी गैस एजेंसी पर मैनेजर, जगदम्बा ट्रेड्र्स जलालीपुर पर अनन्त बर्नवाल, अक्षय हास्पिटल पर डा. अश्विन सोनी, विजली विभाग आफिस पर एसडीओ अजय सरोज व जेई हरी प्रताप प्रजापति, चक परुषोत्तइम में मयंक श्रीवास्तव, सिवान कला में गोविंद गुप्ता, हरदिया में राघवेन्द्र सिंह, चक्खान में सुभाष गुप्ता, सिकिया में सुधीर सिंह, विकास खण्ड कार्यालय नवानगर एवं पंदह में खण्ड बिकास अधिकारी ने ध्वजारोहण किया।

### इंक्रेडिबल पब्लिक स्कूल में मेधावियों का सम्मान



**सिकंदरपुर।** गणतंत्र दिवस पर इंक्रेडिबल पब्लिक स्कूल लिलकर, सिकंदरपुर में प्रतिभा सम्मान समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूर्व राज्यसभा सांसद सकलदीप राजभर एवं एसडीएम रवि कुमार ने झंडारोहण किया। इस दौरान सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक अजय कुमार मिश्रा ने गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य राघवेंद्र त्रिपाठी ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। धनंजय मिश्रा, राजशेखर, दिलीप वर्मा, शत्रुघ्न जायसवाल, प्रज्वल राय, नीतू मिश्रा, प्रिया वर्मा, आंचल दुबे, काजल गुप्ता मौजूद रहे।

### पैराएसएफ में पैरा ट्रूपर पद पर तैनाती मिलने पर लोगों ने किया स्वागत



**बेल्थरा रोड (बलिया)।** पैराएसएफ (पैरा स्पेशल फोर्स) में पैरा ट्रूपर पद पर तैनाती मिलने के बाद क्षेत्र के ग्राम भीटा भुवारी जिऊतपुरा निवासी 25 वर्षीय सत्यम कुमार यादव का गणतंत्र दिवस रविवार को पहले आगमन पर माता सावित्री देवी ने आंखों में खुशी की आंसू लिए घर के दरवाजे पर आरती ही नहीं उतारी बल्कि माथे पर सिन्दूर का टीका भी लगाया। इस सफलता पर सोचिए पूरे परिवार में खुशी का कैसा क्षण रहा होगा। ट्रेन से उतरने के बाद सत्यम यादव का स्टेशन से बाहर बेसब्री से बाहर इंतजार कर रहे पिता विनोद कुमार यादव ह्मानवह्म अपने पुत्र को सेना की वर्दी में देख फूले नहीं समा रहे थे। उन्होंने पहला माला पहनाकर पुत्र को गले तथा सीने से लगाकर पिता पुत्र प्रेम को प्रदर्शित किया। फिर अन्य लोगों ने माला पहनाकर स्वागत किया। स्थानीय नगर के नेता जी सुभाषचंद्र बोस, चौधरी चरण सिंह तिराहे पर चौधरी चरण सिंह तथा चौकियां मोड पर संविधान निमार्ता बाबा भीम राव अंबेडकर की मूर्ति पर सत्यम यादव ने माला पहना कर नौकरी पाने का फर्ज निभाया। पिता विनोद कुमार यादव की माने तो सत्यम यादव दिल्ली में तैनात था, वह घर पर मिलने पहली बार आया है। अब कहां तैनाती मिलेगी, नहीं पता है। अपने पिता विनोद यादव मानव संग दर्जनों लोगों के साथ बेल्थरा रोड रेलवे स्टेशन से चलकर बेल्थरा रोड़ नगर में विभिन्न जगहों पर झंडा रोहण करते किया। फिर खुली कार में बस स्टेशन होते हुए अपने गांव भीटा भुवारी जिऊतपुरा पहुंचकर मानव धर्म आश्रम पर झंडा फहराने के उपरांत राष्ट्र गांन की प्रस्तुति के बाद कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर यह रहे शामिल ग्राम प्रधान संघ सीयर के अध्यक्ष रामभवन यादव, जिला पंचायत सदस्य जनार्दन सिंह यादव, अरशद हिंदुस्तानी आदि लोगों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

### आगसा का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**बलिया।** आगसा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज शाह के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने जुलूस के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। तत्पश्चात एडीएम को ज्ञापन सौंपा। वक्ताओं ने कहा कि गोंड के जाति प्रमाण पत्र हेतु आनलाइन आवेदन करने पर आवेदन लेखपाल और तहसीलदार द्वारा अस्वीकृत कर दिया जा रहा है। शासनादेश का खुलेआम अवमानना किया जा रहा है। इस मौके पर रंजीत गोंड निहाल, उपदेश गोंड, दादा अलगू गोंड, निधि गोंड, श्वेता गोंड, रूपा गोंड, प्रीति गोंड, विक्रम गोंड मौजूद रहे।

# उत्सवी माहौल में मनाया 76वां गणतंत्र दिवस



जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** 76वां गणतंत्र दिवस पूरे जनपद के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों के अलावा सभी सरकारी व गैर सरकारी कार्यालयों पर पूरे हर्षोल्लास व धूम धाम के साथ मनाया गया। स्थानीय पुलिस लाइन में गणतंत्र दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि प्रदेश के कैबिनेट मंत्री प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामले आशीष पटेल ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों व कार्मिको को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

तत्पश्चात विभिन्न विद्यालयों से स्कूलों बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। आयुक्त कार्यालय में मण्डलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी, कलेक्ट्रेट व शहीद उद्यान में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री के द्वारा अपने उद्बोधन में गणतंत्र दिवस के अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारियों कर्मचारियों व जनपदवासियो को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। आयुक्त कार्यालय में मण्डलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी ने ध्वजारोहण कर उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों व अधिवक्ताओं को गणतंत्र दिवस की ढेर सारी बधाई दी। आयुक्त कार्यालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सुन्दर मुन्दर इण्टर कालेज की छात्राओ के द्वारा सरस्वती वन्दना, देश भक्ति गीत प्रस्तुत किया गया। मण्डलायुक्त ने कहा कि हम सभी को मिलकर देश की प्रगति में अपना-अपना योगदान अपने-अपने तरीके से देना है तभी 2047 तक हम विकसित राष्ट्र इसे बना पाएंगे। कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम के तहत जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कलेक्ट्रेट में ध्वजारोहण किया। तत्पश्चात गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित मैराथन दौड़ में विजयी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त शिव प्रताप शुक्ल, नमामि गंगे देवेंद्र प्रताप सिंह, मुख्य राजस्व अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह, नगर मजिस्ट्रेट लाल बहादुर सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें। इसके पूर्व जिलाधिकारी ने शहीद उद्यान पहुंचकर ध्वजारोहण करते हुये शहीद उद्यान में स्थापित शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हे श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश अरविन्द कुमार मिश्रा, मण्डलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार उपस्थित रहें।

**प्रसन्नता**

**कैबिनेट मंत्री ने पुलिस लाइन में ध्वजारोहण के पश्चात ली परेड की सलामी**

**मण्डलायुक्त ने आयुक्त कार्यालय व जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट व शहीद उद्यान में किया ध्वजारोहण**

**कलेक्ट्रेट में मैराथन दौड़ विजेताओं को दिया प्रशस्ति पत्र**







## धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

**लालगंज।** गणतंत्र दिवस क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। तहसील में एसडीएम आशाराम वर्मा व तहसीलदार तरूण प्रताप सिंह, राजकीय पीजी कॉलेज में प्राचार्य डॉक्टर के0के0 गिरी, बापू उपरौध इंटरमीडिएट कॉलेज में प्रधानाचार्य डा0 धर्मजीत सिंह व प्रबंधक कृष्णकांत दुबे, भारती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य राजेश द्विवेदी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र सिंह यादव, सूफिया बेगम, आंचल दुबे, नवीन, डा0 संजय सिंह, विकास खंड में प्रमुख जयंत कुमार, खंड विकास अधिकारी बबीता सिंह, ब्रह्मर्षि देवरहा बाबा इंटरमीडिएट कॉलेज में प्रबंधक राम निहोर मौर्य, प्रधानाचार्य श्यामधर मौर्य, भगवान सिंह पीजी कॉलेज में प्रबंधक जय सिंह, मां सावित्रीबाई फूले इंटरमीडिएट कॉलेज में प्रबंधक सुरेन्द्र सिंह पटेल, शांति उच्च शिक्षा उच्च शिक्षा एवं तकनीकी महाविद्यालय में नगीना देवी, सुशील बाल निकेतन इंटर कॉलेज में प्रबंधक विश्वजीत दुबे, एमएस पब्लिक स्कूल में प्रबंधक राजकुमार पटेल, एस0एस0 विद्यालय में प्रबंधक विनय कुमार पटेल, श्रुति कान्वेंट स्कूल में प्रबंधक रमेश कुमार मौर्य, चौधरी राम हरक सिंह, विजय बहादुर सिंह, गणेश शंकर दुबे आदि उपस्थित रहे।

## मनाया गया वीर एकलव्य स्थापना दिवस

**हलिया।** क्षेत्र के पूरवा अवसान सिंह गांव के पहड़ी पर वीर एकलव्य स्थापना दिवस मनाया गया। एकलव्य की मूर्ति पर कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने पुष्प अर्पित कर पूजन किया। सोमवार को हलिया विकास खंड के पूरवा अवसान सिंह गांव के पहड़ी पर वीर एकलव्य स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। वक्ताओं ने वीर एकलव्य की कृतियों के बारे में बताया था। वीर एकलव्य अपनी वीरता के कारण जाने जाते हैं। एससी एसटी आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष मनीराम कोल ने कहा कि अगर वीर एकलव्य अपना अंगूठा न दिया होता तो शायद न जाने जाते। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि भारत के मूल निवासी वीर एकलव्य के वंशज है। मेरे गांव में 90% आबादी कोल की है। अगर आगे बढ़ाना है तो बच्चों को पढ़ना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि अनुप्रिया पटेल फाउंडेशन की तरफ से कक्षा 10 व 12 पास हुए कोल समाज के ब्लॉक में प्रथम श्रेणी में शिक्षा प्राप्त बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दी जाएगी। कार्यक्रम का संचालन विनोद कोल ने किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष जनार्दन कोल रहे। इस मौके पर विधायक रिंकी कोल, मनीराम कोल, रमाकांत पटेल, विकास सोनकर, सूरज मौर्य, राजेश मौर्य, लाल जी मौर्य, शशी पटेल आदि उपस्थित रहे।

## गणतंत्र दिवस पर शान से लहराया तिरंगा

**हलिया।** 76वें गणतंत्र दिवस पर क्षेत्र में सरकारी तथा गैर सरकारी संस्थाओं में हर्षोल्लास पूर्वक ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की। ब्लाक परिसर हलिया में वीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी ने ध्वजारोहण किया। वहीं जूनियर हाईस्कूल हलिया में ध्वजारोहण किया। इसी प्रकार थाना परिसर हलिया थाना प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने पुलिस कर्मियों के संग तिरंगा को सलामी दी। थाना परिसर ड्रमंडगंज में प्रभारी निरीक्षक अरविंद सरोज ने ध्वजारोहण कर पुलिस कर्मियों संग तिरंगे को सलामी दी। पटेहरा स्थित स्वामी डा0 राधे चैतन्य महाविद्यालय में सत्येन्द्र पांडेय ने शिक्षकों संग ध्वजारोहण किया। बीपी चौरसिया जूनियर हाईस्कूल सेमरा कलां में प्रबंधक मूंगनाथ चौरसिया ने तिरंगा फहराया। कल्याणिका टीपीएस पैराडाइज स्कूल रतेह चौराहा पर प्रबंध निदेशक शिव यज्ञ चौरसिया ने ध्वजारोहण किया। ग्राम पंचायत देवहट में प्रधान कौशलेंद्र गुप्ता, भटपुरवा में ग्राम प्रधान शिव गोविंद चौरसिया ग्रामीणों संग शान से तिरंगा फहराया। गलरा पंचायत भवन पर ग्राम प्रधान ममता मिश्रा, खुटहा में ग्राम प्रधान बावनदास ने ग्रामीणों संग ध्वजारोहण किया। महोगढ़ी पंचायत भवन पर प्रधान सुरेश केशरी ने ध्वजारोहण किया। कंपोजिट विद्यालय ड्रमंडगंज में प्रभारी प्रधानाध्यापक राकेश सिंह ने ध्वजारोहण किया। पटेहरा स्थित शहीद केशरी सिंह हाईस्कूल के बच्चों ने अमर शहीदों की याद में भारत माता की जय का उद्घोष करते हुए प्रभातफेरी निकाली। क्षेत्र में धूमधाम के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया।

# पानी में फेंके जा रहे कचरे का डीपीआरओ ने लिया जायजा



**हलिया।** स्थानीय विकास खंड के हलिया कस्बा स्थित अदवा नदी में जा रहे गंद्दे पानी व फेंके जा रहे कचरा का रविवार को निरीक्षण करते हुए डीपीआरओ संतोष कुमार श्रीवास्तव ने एडीओ पंचायत रूपेश श्रीवास्तव, प्रधान शिव बाबू सेठ को आवश्यक निर्देश दिया। डीपीआरओ ने कहा कि बजार का नाली से जो गंद्दा पानी अदवा नदी में जा रहा है, उसके लिये रिसाइक्लिंग बनाया गया है लेकिन इसके बाद भी गंद्दा पानी कचरा नदी में जा रहा है। जिस पर ग्राम प्रधान से इसके बेहतर प्रबंधन करने के लिये सलाह लिया।

डीपीआरओ ने अंतेष्टि स्थल का निरिक्षण किया। जहां कोई शव अब तक नहीं जलाया गया है। ग्रामीणों ने बताया जिस पर प्रधान ने बताया कि बाजार के नजदीक होने से प्रदूषण फैलने के खतरा के कारण लोग अंतेष्टि स्थल से पूरब कुछ दूर पर शव जलाते है। जिस पर ग्रामीणों के साथ खुली बैठक करने के बाद सभी का सहयोग लेकर गांव का विकास करने के लिये कहा। एडीओ पंचायत से कहा कि न्याय पंचायत वार बैठक सुनिश्चित कराये जिससे प्रधानों के साथ बैठकर विकास की निति पर विचार विमर्श कर ग्राम पंचायत का विकास किया जा सके।

## असंतुलित कार पलटी बाल-बाल बचे लोग

**चील्ह।** थाना क्षेत्र के चील्ह गोपीगंज मार्ग पर जगापट्टी गांव के पास बस से बचने में कार असंतुलित होकर नाला में पलट गई। मछली शहर जौनपुर निवासी रमाशंकर सिंह अपने परिवार के साथ कार से अपने घर से मुंबई के निकले थे।

सोमवार की सुबह चील्ह गोपीगंज मार्ग पर जगापट्टी गांव के पास सामने से आ रही बस से बचने में कार असंतुलित होकर रोड से लगभग 10 फीट नीचे नाला के गंदे पानी में पलट गई। कार सवार रमाशंकर सिंह 67 वर्ष, रीता सिंह 63 वर्ष पत्नी रमाशंकर सिंह, राहुल सिंह 41 वर्ष पुत्र रमाशंकर सिंह, आरती सिंह 40 वर्ष पत्नी राहुल सिंह, रोहित सिंह 40 वर्ष पुत्र रमाशंकर सिंह, रितु सिंह 35 वर्ष पत्नी रोहित सिंह, रूद्र सिंह 16 वर्ष पुत्र राहुल सिंह, राजवीर सिंह 8 वर्ष पुत्र रोहित सिंह के शोर मचाने पर घटना को देखकर स्थानीय लोगों ने पहुंचकर सभी कार सवार को किसी तरह कार से बाहर निकाला। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने सभी कार सवारों का स्थानीय चिकित्सक से इलाज कराया गया। पुलिस ने क्रेन बुलाकर कार को नाला के पानी से बाहर निकलवाया।

## सामूहिक विवाह में 266 जोड़ों ने रचाई शादी



**चुनार।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित चुनार परेड ग्राउंड में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। जिले के नारायणपुर ब्लॉक, सिखड़ ब्लॉक, जमालपुर ब्लॉक, मझवां ब्लॉक, पहाड़ी ब्लाक सहित दर्जनों ब्लॉक के 266 जोड़ों ने शादी के बंधन में बंधे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक अनुराग सिंह रहे। मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह, मझवां विधायक सुचिस्मिता मौर्या व सीडीओ विशाल कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। शादी मंत्रोचार के बीच सभी जोड़ों को हवन कुंड की साक्षी बनाकर विवाह रस्मों को पूरा कराया गया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत अल्पसंख्यक कन्या पक्ष आफरीन बानो पुत्री मजीद दीक्षितपुर चुनार वर पक्ष दिल मोहम्मद अली पुत्र मोहम्मद जमील निवासी मदारपुर थाना अदलहाट कि निकाह पढ़ाई गई। इस दौरान मुख्य अतिथि अनुराग सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना में नए जीवनसाथी को उपहार स्वरूप 35 हजार रुपए व दस हजार के गिफ्ट सामान व वह खाने पीने के लिए छः हजार रुपए टोटल 51 सरकार दे रही है। इस दौरान उपस्थित नारायणपुर ब्लॉक अध्यक्ष चंद्र प्रकाश सिंह, शिखर ब्लॉक प्रमुख शैलेंद्र सिंह, डी0डी0ओ0 श्रवण कुमार, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष निर्मल सिंह, मंगरु साहनी, उपजिलाधिकारी राजेश कुमार वर्मा, समाज कल्याण अधिकारी रमाकांत, नायब तहसीलदार संजय कुमार आदि उपस्थित रहे।

## अशोक मिश्र अध्यक्ष व सचिव पद पर सुरेन्द्र सिंह चयनित

**लालगंज।** उपरौध अधिवक्ता समिति नई कार्यकारिणी के चुनाव में अध्यक्ष पद से सर्वाधिक मत पाकर अशोक मिश्रा एवं सचिव पद से सुरेंद्र कुमार सिंह तथा पुस्तकालय अध्यक्ष पद से शशि भूषण निर्वाचित हुए। चुनाव परिणाम घोषित करते ही अधिवक्ताओं का जन सैलाब अध्यक्ष सचिव एवं पुस्तकालय अध्यक्ष से निर्वाचित लोगों को फूल मालाओ से लाद दिया। निर्वाचन चुनाव अधिकारी कैलाशपति त्रिपाठी ने परिणाम घोषित करते हुए बताया कि कुल 375 मतदाताओं में 303 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अध्यक्ष पद से अशोक मिश्रा को 233 मत एवं रविराज सिंह को 63 मत प्राप्त हुए, 7 मत अवैध मिले जिससे अध्यक्ष पद से अशोक मिश्रा को निर्वाचित घोषित किया गया। वहीं सचिव पद से सुरेंद्र कुमार सिंह को 131 गोविंद वर्मा को 104 उमाशंकर सिंह को 74 मत प्राप्त हुए 6 मत अवैध मिले जिससे सर्वाधिक मत प्राप्त करने वाले सुरेंद्र कुमार सिंह को सचिव निर्वाचित किया गया। पुस्तकालय अध्यक्ष पद से शशि भूषण को 135 मत शेर बहादुर को 89 मत एवं धर्मेंद्र पाल को 79 मत प्राप्त हुई शशि भूषण को सर्वाधिक मत प्राप्त होने पर निर्वाचित घोषित किया गया। चुनाव की घोषणा होते ही अध्यक्ष पद से एक तरफा मतदान की चर्चा करते हुए अधिवक्ताओं में निर्वाचित अध्यक्ष अशोक मिश्रा को फूल मालाओं से लाद दिया। शेष अन्य पदों पर सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित किए गए। इस आशय की जानकारी चुनाव निर्वाचन अधिकारी कैलाशपति त्रिपाठी एवं सहायक चुनाव निर्वाचन अधिकारी द्वय अनिल कुमार शुक्ला एवं अनिल कुमार मौर्य ने दिया।

## ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**मीरजापुर।** चुनार थाना क्षेत्र के समुदवा गांव के समीप ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत हो गई। स्थानीय ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक समुदवा गांव निवासी भवरी उर्फ सतीश 20 वर्ष पुत्र धर्मराज परिजनों की डाट फटकार से नाराज होकर घर के कुछ दूर पर अंडर ग्राउंड पुलिया बना है। उसी के पास जाकर रविवार को माल गाड़ी ट्रेन से कटकर अपनी जान दे दी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी विनोद सिंह मय हमराहीयों के साथ घटना स्थल पर शव कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक में 12 करोड़ का बजट पारित

**कछवां।** विकासखंड मझवां के क्षेत्र पंचायत कार्यालय सभागार में सोमवार को क्षेत्र पंचायत का बैठक ब्लॉक प्रमुख दिलीप सिंह की अध्यक्षता में सकुशल संपन्न हुआ। जिसमें खंड विकास अधिकारी संजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में क्षेत्र पंचायत से 4 करोड़ रुपए व मनरेगा से 8 करोड़ रुपए समेत कुल बारह करोड़ का बजट पारित हुआ। बैठक में पिछली कार्यवाही की पुष्टि पर विचार किया गया। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 के क्षेत्र पंचायत के प्रस्ताव एवं ग्राम पंचायत की कार्य योजना का अनुमोदन, 15वीं केन्द्रीय वित्त, पंचम वित्त के कार्य योजना, प्रस्ताव, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण, सामुदायिक शौचालय, पंचायत भवन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, कृषि कार्यकम, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों समेत अन्य विषय पर चर्चा व विचार किया गया। वहीं एडीओ पंचायत ने शौचालय पर प्रकाश डाला और बीडीओ ने आवास पर आए बजट के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। इस दौरान विकासखंड क्षेत्र के समस्त क्षेत्र पंचायत सदस्य व ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

# वीआईपी दर्शन के नाम पर पुलिस पर मनमानी का आरोप

**नाराजगी**

**पुरोहितों ने काटा बवाल एडीएम के समझाने पर शांत हुए पुरोहित**

**कप्तान ने मौके पर भीड़ को किया काबू**

**मीरजापुर।** गणतंत्र दिवस पर मां विंध्यवासिनी दरबार में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। भीड़ को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा स्वयं मंदिर पहुंचे। वहां पहुंचकर उन्होंने ड्यूटीरत पुलिसकर्मियों को कड़ाई के साथ निर्देश देते हुए परिक्रमा मार्ग को पूर्ण रूप से बंद करा दिया।

आगामी दस दिनों के दरम्यान दो प्रमुख स्नान पर्व है जिसके दृष्टिगत दस दिवस के लिए नवरात्र की तर्ज पर व्यवस्था की गई है। इस व्यवस्था के पश्चात मंदिर सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों की संख्या में पचास फीसदी अतिरिक्त तैनाती अनवरत की जाएगी। उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक ने दी। सोमवार शाम होते होते पंडा समाज के लोगों का धैर्य इस बात पर जवाब दे गया कि वीआईपी के नाम पर पुलिसकर्मी भारी संख्या में लोगों का प्रवेश कराने लगे। शाम छह बजे तक वीआईपी लाइन के समीप पूर्व अध्यक्ष राजन पाठक और पूर्व मंत्री अवनीश मिश्रा के अगुवाई में तीर्थपुरोहित एकत्रित होकर पहुंचे जहां उन्होंने वहां से वीआईपी कतार को रोक दिया। कुछ देर पश्चात वहां जिंदाबाद मुदार्बाद के नारे सुनाई देने लगे। मामला काफी गरम होने की खबर आलाधिकारियों को हुई तो मौके पर अपरजिलाधिकारी शिवप्रताप शुक्ला पहुंचे और मंदिर पर बने कंट्रोलरूम में आक्रोशित तीर्थपुरोहितों के साथ काफी देर बातचीत की। काफी मंथन के पश्चात एडीएम नाराज पुरोहितों को समझाने में सफल हुए। बैठक में तय हुआ कि आगामी दस दिवस तक विशिष्ठ दर्शन नवरात्रि की भांति रहेगी। दर्शन सेल की व्यवस्था के तहत पुलिस एवं राजस्व कर्मी की तैनाती रहेगी जिसमें सभी को पहचान पत्र जारी किया गया है। प्रशासनिक विशिष्ठों के अलावा तीर्थपुरोहित भी अपने विशेष यजमानों के लिए प्रोटोकॉल अधिकारी से बात करके व्यवस्था प्राप्त कर सकेंगे। बैठक के दौरान पंडासमाज के अध्यक्ष पंकज द्विवेदी, राजन पाठक, अवनीश मिश्रा, नगर मजिस्ट्रेट लालबहादुर सिंह, उपजिलाधिकारी सदर गुलाबचंद, उपजिलाधिकारी शक्तिप्रताप सिंह, क्षेत्राधिकारी लालगंज इत्यादि अधिकारियों के अलावा सैकड़ों तीर्थपुरोहित भी मौजूद रहे।

## संक्षेप

### हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

**अदालहट।** विद्या संस्कार पब्लिक स्कूल कौडियाकला में 76वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय के चेयरमैन डॉक्टर नागेंद्र प्रसाद द्विवेदी जी ने झंडा फहराया और सभी ने राष्ट्रगान के साथ झंडे को सलामी दी। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस पर लागू संविधान ने हमें मौलिक अधिकारों के साथ साथ राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को भी बताया है। भारत के जागरूक नागरिक होने के नाते हमारा यह कर्तव्य है कि हम अपने अधिकारों के साथ साथ कर्तव्यों के प्रति भी सचेत रहें और देश को प्रगतिशील, स्वच्छ और सुरक्षित रखने में अपनी भूमिका निश्चित करें। देश को भावी पीढ़ी से बहुत उम्मीदें हैं। कार्यक्रम में बच्चों ने हो गई है पीर पर्वत सी पिघलनी चाहिए राष्ट्रभक्ति गीत, पी टी ड्रिल, मौलिक अधिकारों पर आधारित नाटक आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को प्रतिभागिता हेतु प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य शैल तिवारी ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। अमन, खुशी, श्रेयांश, गोपेश, रोहित, अभिषेक, जाह्नवी, वैष्णवी, जीतिका, एलिजा, कलश, अनुष्का इत्यादि बच्चों ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन राशि और आर्यन चौरसिया ने किया। आलोक सिंह, बिक्कू बरनवाल, अश्विनी मिश्र, अल्पना श्रीवास्तव, महिमा जायसवाल, सरिता गुप्ता, किशन पांडेय आदि उपस्थित रहे।

### पति ने पत्नी के प्राइवेट पार्ट को चिमटा गरम कर जलाया

**चील्ह।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला के पति ने चीमटा लाल कर अपने पत्नी के प्राइवेट पार्ट गुप्तांग को जला दिया। जिसका इलाज मंडलीय चिकित्सालय में चल रहा है। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार शनिवार को एक महिला द्वारा नामजद अभियुक्त के विरूद्ध वादिनी की ननद के ही पति द्वारा आपस में कहा सुनी होने पर पति ने चीमटा गरम कर पत्नी के गुप्तांग को जला दिया गया। जिससे वादिनी की ननद को गंभीर प्रवृत्ति की चोटे आयी है, जिसका इलाज मंडलीय चिकित्सालय में चल रहा है। घटना के संबंध में पीड़िता के भाभी ने चील्ह थाना में लिखित तहरीर देकर कार्यवाही की मांग गयी थी। उक्त तहरीर के आधार पर थाना चील्ह पर मुकदमा पंजीकृत कर रविवार को उप-निरीक्षक बद्री प्रसाद मय पुलिस टीम द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर अभियुक्त अजय पुत्र स्व0 शिवा उर्फ शिवशंकर निवासी तिलठी थाना चील्ह को गिरफ्तार कर उक्त अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त चिमटा बरामद कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया।

### अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो घायल

**चील्ह।** थाना क्षेत्र के चील्ह गोपीगंज मार्ग पर अलग-अलग दुर्घटनाओं में एक महिला सहित दो लोग घायल हो गए। बताया जाता है कि रविवार को दोपहर भदोही जनपद के गोपीगंज थाना अंतर्गत बरजी कला गांव निवासी सुमन देवी 35 पत्नी स्वर्गीय कलंदर टोटो में सवार होकर अपने मायके राजापुर जा रही थी कि जैसे ही चील्ह गोपीगंज मार्ग पर अनुरूधपुर पूरब पट्टी गांव के पास पहुंची थी कि टोटो अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे सुमन गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस टोटों व चालक को हिरासत में लेते हुए एंबुलेंस बुलाकर घायल महिला को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चील्ह पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख डॉक्टर ने ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। वहीं दूसरी घटना रविवार की शाम श्रीपट्टी गांव निवासी 35 वर्षीय सुरेंद्र गोंड पुत्र स्वर्गीय लंका गोंड ठेले पर सब्जी बेचकर अपने घर लौट रहा था कि जैसे ही तिलठी गांव के पास पहुंचा था कि गोपीगंज की तरफ से मिजार्पुर की तरफ जा रहा है। तेज रफ्तार बाइक सवार जोरदार टक्कर मार दिया जिससे सुरेंद्र गोंड गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को देख स्थानीय लोगों ने परिजनों को सुचना देकर एंबुलेंस बुलाकर घायल सुरेंद्र गोंड को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चील्ह पहुंचाया। जहां उसका उपचार कराया गया। घटना के बाद बाइक सवार बाइक लेकर मौके से फरार हो गया।

### आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी को शादी का झांसा देकर भगाने वाले दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के आरोपी को पुलिस ने रविवार दोपहर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। क्षेत्र के एक गांव निवासी 17 वर्षीया किशोरी को शादी का झांसा देकर भगाकर ले जाने वाले प्रयागराज जिला निवासी युवक के विरुद्ध किशोरी के पिता ने बीते वर्ष 8 नवम्बर को मुकदमा दर्ज कराया था। मामले की जांच कर रही पुलिस आरोपी युवक व किशोरी की तलाश में जुट गई थी। रविवार दोपहर बारह बजे के करीब मुखबिर की सूचना पर प्रभारीनिरीक्षक अरविंद सरोज हेड कांस्टेबल सत्येन्द्र यादव, सत्येन्द्र कुमार व महिला कांस्टेबल बिंदु देवी ने क्षेत्र के दुर्जनीपुर गांव स्थित ओवरब्रिज के पास से आरोपी अरूण उर्फ विजय मिश्र निवासी राजपुर थाना कोरांव जिला प्रयागराज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं पुलिस ने किशोरी को बरामद कर वनस्टाप सेंटर भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार सरोज ने बताया कि दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के आरोपी अरूण उर्फ विजय मिश्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### शहीद केशरी सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर लोगों ने किया नमन

**हलिया।** 76वें गणतंत्र दिवस पर क्षेत्र के पटेहरा गांव स्थित शहीद स्मारक स्थल पर क्षेत्रीय लोगों के अलावा तहसील प्रशासन, ब्लाक प्रशासन व पुलिस कर्मियों ने शहीद केशरी सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। बीडीओ हलिया विजय शंकर त्रिपाठी व शहीद की पत्नी छोटी कुंवर सिंह ने स्मारक स्थल पर संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। प्रभारी निरीक्षक ड्रमंडगंज अरविंद सरोज एसआई भरत राय, एसआई अखिलेश यादव, एसआई रामविशाल ने पुलिसकर्मियों संग तिरंगे को सलामी दी। तहसीलदार लालगंज तरूण प्रताप सिंह, बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी, एडीओ एजी नरेंद्र कानापुरिया, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विपुल सिंह, श्याम बहादुर सिंह, मिथिलेश सिंह, अरूण सिंह हरिशंकर पटेल, संजय तिवारी, त्रिवेणी मौर्य सचिव आलोक राव के अलावा क्षेत्रीय लोगों ने वीर केशरी सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया।

### जनपद न्यायाधीश ने न्यायालय परिसर में किया ध्वजारोहण

**मीरजापुर।** जनपद न्यायाधीश अरविंद कुमार मिश्रा ने जनपद न्यायालय में ध्वजारोहण किया। जनपद न्यायाधीश ने उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों एवं अधिवक्ताओं को संविधान की प्रस्तावना, भारत की एक सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न समाजवादी धर्म निरेपक्ष लोकतांत्रिक गणराज्य बनाने के दृष्टिगत शपथ दिलायी। शपथ के अन्तर्गत समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने तथा सबमें निहित व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता को सुनिश्चित के प्रति संकल्प दिलाया। ध्वजारोहण के उपरांत जनपद न्यायाधीश ने चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल कक्षा का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अपर जनपद न्यायाधीश सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विनय आर्य सहित न्यायालय के सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### टीबी मरीजों को वितरित की गयी पोषण पोटली

**मीरजापुर।** वर्तमान समय में शासन स्तर से 2025 तक भारत देश को टीबी मुक्त करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे सौ दिवसीय सघन टीबी अभियान के दौरान मझवां विधानसभा अंतर्गत कछवां क्षेत्र के गांधी विद्यालय खेल मैदान पर सोमवार को बनारस के सर्वम सेवा संस्था द्वारा 151 टीबी मरीजों को निःक्षय पोषण पोटली भेंट करते हुए गोद लेने एवं निःक्षय मित्रों तथा टीबी चैंपियनों को सम्मानित करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि हंसराज विश्वकर्मा एमएलसी एवं जिलाध्यक्ष वाराणसी, विशिष्ट अतिथि मझवां विधानसभा की विधायक सुचिस्मिता मौर्या रही। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि हंसराज विश्वकर्मा द्वारा अपने संबोधन में आयोजक सर्वम सेवा संस्था के सभी सदस्यों का इस नेक कार्य के लिए धन्यवाद दिया। विधायक सुचिस्मिता मौर्या ने कहा कि सरकारी स्तर से हर संभव सुविधा निःशुल्क रूप से सरकार द्वारा टीबी रोगियों के लिए उपलब्ध करा रही रही है। अध्यक्ष मीनाक्षी भट्टाचार्य द्वारा मंच से आगामी समय में जिले के 1100 टीबी मरीजों को शीघ्र पुनः गोद लेने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर डा0 एम0पी0 सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सी0एल0 वर्मा, जिला क्षय रोग अधिकारी डा0 अनिल कुमार ओझा, डिप्टी सीएमओ डा0 सुदीप कुमार सिंह, प्रदीप कुमार, मनभावन, आकाश कुमार आदि उपस्थित रहे।

### धूमधाम से मनाया गया 76वां गणतंत्र दिवस

**चुनार।** ग्लेनहिल स्कूल चुनार में 76वां गणतंत्र दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रबंधक आफताब अहमद ने ध्वजारोहण किया। सभी छात्र-छात्राओं ने झंडे को सलामी दी और राष्ट्रगान गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं ने अंग्रेजी और हिंदी भाषा में भाषण प्रस्तुत किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य दिलीप कुमार मिश्रा ने बच्चों को गणतंत्र दिवस के अवसर पर संदेश देते हुए उन्हें देश के प्रति अपनी भक्ति, अपने कर्तव्य को याद दिलाया। मंच का संचालन अध्यापिका रश्मि सिंह एवं अध्यापक इम्तियाज के निर्देशन में वरिष्ठ छात्र छात्राओं ने किया। प्रधानाचार्य दिलीप कुमार मिश्रा ने कार्यक्रम में सहयोग के लिए सभी अध्यापक,अध्यापिकाओं, छात्र-छात्राओं को धन्यवाद दिया।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

